लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 91, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

मुरादाबाद, रविवार, 29 जून 2025



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हस्तशिल्पियों के हाथ का जादू-पीतल पर नक्काशी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



**आज का मौसम**

31.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 19
सूर्यास्त 07 :17

देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह...12

## पराग जैन खुफिया एजेंसी रॉ के नए प्रमुख नियुक्त



- ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में रहे शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर की योजना बनाने में शामिल रहे पराग जैन को गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन का दो साल का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर एक जुलाई से शुरू होगा। वह 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे रवि सिन्हा की जगह लेंगे।

आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने कैबिनेट सचिवालय के अंतर्गत 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के सचिव के पद पर पराग जैन, आईपीएस की नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनका कार्यकाल पदभार संभालने की तिथि से दो वर्ष के लिए या अगले आदेश तक रहेगा, जो भी पहले हो...। जैन को बाहरी खुफिया एजेंसी का प्रमुख नियुक्त करने का फैसला इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने लिया था।

# शुभांशु से बोले प्रधानमंत्री, आपकी अंतरिक्ष यात्रा नए युग की शुरुआत

### बातचीत के दौरान आईएसएस पर गूंजा भारत माता की जय का नारा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब शनिवार को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से कहा कि उनकी अंतरिक्ष यात्रा नए युग की शुरुआत का प्रतीक है तथा यह भारत के गगनयान मिशन की दिशा में पहला कदम है।

दोनों के बीच 18 मिनट तक चली बातचीत के अंत में प्रधानमंत्री ने भारत माता की जय का नारा लगाया, तो शुक्ला ने भी उनके साथ नारा लगाया और इस तरह अंतरिक्ष स्टेशन भारत माता की जय के नारे से गूंज उठा।





ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से वीडियो लिंक के जरिए बातचीत में शुक्ला से कहा कि शुभांशु, आज आप भारत की धरती से सबसे दूर हैं, लेकिन हर भारतीय के दिल के सबसे करीब हैं। आईएसएस 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर धरती की परिक्रमा कर रहा है।

शुक्ला ने प्रधानमंत्री से कहा कि मेरी अंतरिक्ष यात्रा सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की भी यात्रा है। वह इन नए अनुभवों को स्पंज की तरह आत्मसात कर रहे हैं। अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने अनुभव साझा करते हुए अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि यहां सब कुछ अलग है। उन्होंने कहा कि हमने एक साल तक प्रशिक्षण लिया और विभिन्न प्रणालियों के बारे में सीखा... लेकिन यहां आने के बाद सब कुछ बदल गया...। मोदी ने शुक्ला से कहा कि आपकी यात्रा सिर्फ अंतरिक्ष तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को नई गति प्रदान करेगी। हमें मिशन गगनयान को आगे बढ़ाना है। हमें अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाना होगा। और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भारतीय चंद्रमा पर उतरे।

#### शुभांशु बोले-अंतरिक्ष से बहुत भव्य दिखता है भारत

शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन से वीडियो लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री को बताया कि जब मैंने पहली बार अंतरिक्ष से भारत को देखा, तो यह मानचित्र की तुलना कहीं अधिक बड़ा और भव्य दिखाई दिया। शुक्ला ने कहा कि आप वास्तव में एकत्व की भावना महसूस कर सकते हैं, यहां कोई सीमा नहीं है, कोई रेखा नहीं है। ऐसा लगता है, जैसे यह पूरी धरती हमारा घर है और हम सभी इसके नागरिक हैं।

#### साथियों में साझा किया गाजर का हलवा, आम रस

शुभांशु शुक्ला और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर अपने 14 दिन के प्रवास की शुरुआत करते हुए गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस का लुत्फ उठाया। शुक्ला ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि मैं गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस लेकर आया हूं। मैं चाहता था कि दूसरे देशों से मेरे साथ आए लोग भारतीय व्यंजनों का आनंद लें। सभी को यह पसंद आया।

### एक नजर

#### सिमी के पूर्व पदाधिकारी साकिब नाचन की मौत

**मुंबई।** प्रतिबंधित 'स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के पूर्व पदाधिकारी और पुणे आईएसआईएस माड्यूल मामले में आरोपी साकिब नाचन की शनिवार को दिल्ली के एक अस्पताल में मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि साकिब (67) को कुछ दिन पहले मस्तिष्क रक्तस्राव (ब्रेन हेमरेज) की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महाराष्ट्र में ठाणे जिले के पडघा इलाके के निवासी साकिब को चार दिन पहले राष्ट्रीय राजधानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एनआईए ने 2023 में आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के खिलाफ की देशव्यापी कार्रवाई के दौरान पडघा में छापेमारी कर साकिब समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया था।

#### चिकित्सक को डिजिटल अरेस्ट रख 3 करोड़ ठगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में साइबर अपराधियों ने धन शोधन घोटाले में संलिप्तता का आरोप लगाकर 70 वर्षीय एक चिकित्सक को आठ दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखकर उससे तीन करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस ने बताया कि मई में पीड़िता को फोन आया, कॉलर ने खुद को दूरसंचार विभाग का कर्मचारी अमित कुमार बताया। उसकी निजी जानकारी के साथ एक सिम कार्ड खरीदे जाने की बात कही। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति का फोन आया, फिर उसे आठ दिन डिजिटल अरेस्ट में रखा।

# माफिया के सामने नाक रगड़ते थे जाति के नाम पर बांटने वाले : योगी

### इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन करने वालों को मुख्यमंत्री ने घेरा

- लखनऊ में भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर लोकभवन में कार्यक्रम
- नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने का काम कर रहे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा की घटना के बहाने जातिगत विभाजन पैदा करने वालों को जमकर निशाने पर लिया। कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए माफिया के सामने नाक रगड़ी और सरकार को गिरवी रख दिया था। योगी ने कहा कि नौकरी के नाम पर वसूली करने वाले अब जाति के नाम पर बांटने में जुटे हैं। इसीलिए फिर सचेत कर रहा हूं कि बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को लोकभवन में दानवीर भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके पहले भामाशाह के जीवन से प्रेरित चित्र प्रदर्शनी देखी और सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से नवाजा। उन्होंने भामाशाह के आदर्शों को अपनाने और समाज को जातिगत विभाजन से मुक्त रखने का आह्वान किया। उन्होंने व्यापारियों को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए उनकी सुरक्षा, सम्मान और कल्याण के लिए डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। योगी ने भामाशाह के त्याग को 'नेशन फर्स्ट' की भावना का प्रतीक बताते हुए कहा कि जब महाराणा प्रताप की चर्चा होगी, तब दानवीर भामाशाह भी याद किए जाएंगे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में भेजने के लिए मैसूर के राजा चामराजेन्द्र वाडियार और खेतड़ी के राजा अजीत सिंह के सहयोग की चर्चा की। साथ ही, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को विदेश पढ़ाई के लिए वडोदरा के राजा सैयाजीराव गायकवाड द्वारा दी गई स्कॉलरशिप का भी जिक्र किया। कहा कि इनके सहयोग में जाति कहां थी?



दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

#### इन व्यापारियों का हुआ सम्मान

वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक कर देने वाले एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों में रचना गर्ग, हेमंत शर्मा, मोहम्मद जावेद सिद्दिकी, अमित निगम, अशोक कुमार गुप्ता, नितेश अग्रवाल, प्रतीश कुमार, राजेश कुमार अग्रहरि, डॉ मिथिलेश अग्रवाल, अरविंद चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, पुष्पदंत जैन, दिनेश गोयल, साहिल गर्ग को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

#### मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, हर जिले में शीर्ष 10 व्यापारियों का होगा सम्मान

मुख्यमंत्री ने जीएसटी विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक वर्ष व्यापारी कल्याण दिवस पर प्रदेश के शीर्ष 10 जीएसटी देने वाले व्यापारियों को लखनऊ में और जिलों के शीर्ष 10 व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का शिकार होने वाले जीएसटी देने वाले व्यापारियों को सरकार की ओर से 10 लाख रुपये की सहायता भी इस दिन प्रदान की जाए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में व्यापारियों से भागीदारी का आह्वान भी किया।

# संतों के अमर विचारों के कारण ही भारत सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता

### जैन गुरु विद्यानंद की जन्मशताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत अपने संतों और ऋषियों के अमर विचारों व दर्शन के कारण दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। जैन आध्यात्मिक गुरु आचार्य विद्यानंद महाराज जी की जन्मशताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को याद किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं आचार्य विद्यानंद महाराज के विचारों से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि चाहे घर उपलब्ध कराना हो, पेयजल उपलब्ध कराना हो या स्वास्थ्य बीमा, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उसकी कल्याणकारी योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचे, ताकि कोई भी इससे वंचित न रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन से पहले दिए गए एक जैन संत के संबोधन का भी उल्लेख किया, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए जैसे ही ये कहा कि जो हमें छेड़ेगा..., तो वहां मौजूद लोगों ने जोरदार तरीके तालियां बजानी शुरू कर दीं। हालांकि, मोदी ने इस बारे में और अधिक बात नहीं की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सभी को एक साथ आना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए, यही आचार्य विद्यानंद महाराज जी की प्रेरणा है और यही हमारा संकल्प है। कार्यक्रम विज्ञान भवन में आयोजित किया गया था।



विद्यानंद जी महाराज के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

#### सेवा और मानवता भारत का मूल भाव

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां सेवा और मानवता इसकी मूल भावना के केंद्र में हैं। उन्होंने कहा कि हजारों साल पहले जब दुनिया ने हिंसा का जवाब हिंसा से देने का मार्ग चुना था, तब भारत ने दुनिया को अहिंसा की ताकत से परिचित कराया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने मानवता की सेवा की भावना को सर्वोपरि रखा है। सेवा करने का हमारा तरीका बिना किसी शर्त के और स्वार्थ से परे है और परमार्थ से प्रेरित है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार इन्हीं विचारों से प्रेरणा लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो, जल जीवन मिशन हो, आयुष्मान भारत योजना हो या अन्य ऐसी कल्याणकारी योजनाएं, ये सभी समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के प्रति सेवा की भावना को दर्शाती हैं।

## आंबेडकर ने सभी राज्यों के लिए की थी केवल एक संविधान की पैरोकारी

नागपुर, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने शनिवार को कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को एकजुट रखने के लिए एक ही संविधान रखे जाने की पैरोकारी की थी और कभी भी किसी राज्य के लिए अलग संविधान के विचार का समर्थन नहीं किया। यहां संविधान प्रस्तावना पार्क के उद्घाटन के अवसर पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखते हुए उच्चतम न्यायालय ने एक संविधान के तहत अखंड भारत के डॉ. आंबेडकर के दृष्टिकोण से प्रेरणा ली है।

प्रधान न्यायाधीश गवई तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का हिस्सा थे, जिसने पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को सर्वसम्मति से बरकरार रखा था। उन्होंने मराठी में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब अनुच्छेद 370 को चुनौती दी गई थी, यह हमारे समक्ष आया था और जब सुनवाई जारी थी तो मुझे डॉ. आंबेडकर के शब्द याद आए कि एक देश के लिए एक ही संविधान उपयुक्त है...अगर हम देश को एकजुट रखना चाहते हैं तो हमें केवल एक संविधान की आवश्यकता है। केंद्र ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया।



- नागपुर में संविधान प्रस्तावना पार्क के लोकार्पण कार्यक्रम में बोले सीजेआई बीआर गवई
- बोले-अनु. 370 संबंधित फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने इसी दृष्टिकोण से ली प्रेरणा

#### संविधान के रूप में देश को दिया उपहार

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि प्रधान न्यायाधीश गवई ने संविधान प्रस्तावना पार्क का उद्घाटन किया और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा संविधान के रूप में डॉ. अंबेडकर द्वारा देश को दिया गया बहुमूल्य उपहार है। गडकरी ने कहा कि संविधान में लोकतंत्र के चार स्तंभों अर्थात कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका और मीडिया के दायित्वों और अधिकारों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि सीजेआई गवई भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभा रहे हैं।

## प्रदेश के पांच इंजीनियरिंग कॉलेजों के बदले गए नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यपाल ने प्रदेश के पांच राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों का नाम महापुरुषों और देवी-देवियों के नाम पर रखने को मंजूरी दे दी है। शनिवार को प्राविधिक शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। ये राजकीय इंजीनियरिंग कालेज प्रतापगढ़, मिर्जापुर, बस्ती, गोंडा और मैनपुरी जिले में स्थित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए पूर्व में घोषणा की थी।

योगी सरकार ने तकनीकी शिक्षा को एक नई दिशा देने की पहल करते हुए प्रदेश के पांच राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के नाम देश के महान महापुरुषों और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के नाम पर रखे हैं। यह केवल औपचारिक नामकरण नहीं, एक सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक उद्देश्य से प्रेरित बड़ा कदम है। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को सामाजिक नेतृत्व की भी प्रेरणा मिलेगी।

#### इन कॉलेजों को नया नाम

- भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, प्रतापगढ़
- सम्राट अशोक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मीरजापुर
- भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बस्ती
- मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोंडा
- लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मैनपुरी

## पैसों से खरीदी जा रहीं इंजीनियरिंग की सीट

- बेंगलुरु के तीन निजी कॉलेजों पर ईडी का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को आरोप लगाया कि बेंगलुरु के तीन निजी कॉलेजों में 'प्रबंधन कोटा' के तहत छात्रों को दाखिला नकदी सहित धन लेकर अपारदर्शी तरीके से दिया जा रहा। संघीय जांच एजेंसी का यह बयान 25 और 26 जून को सीट घोटाला मामले में 17 स्थानों पर छापेमारी किए जाने के बाद आया है। एजेंसी ने कहा कि छापेमारी बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, आकाश इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के परिसरों के साथ-साथ इन संस्थानों से जुड़े लोगों पर की गई। शैक्षिक परामर्श सेवाओं में लगी कुछ संस्थाओं और कुछ निजी एजेंटों के परिसरों में भी छापेमारी की गई। ईडी का मामला इन कॉलेजों के खिलाफ केईए (कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण) द्वारा दर्ज कर्नाटक पुलिस की प्राथमिकी से उपजा है।

## अभिनेत्री शेफाली जरीवाला की मौत की फोरेंसिक जांच शुरू

मुंबई, एजेंसी



- शुक्रवार को अस्पताल में डॉक्टरों ने घोषित किया था मृत

मुंबई पुलिस ने शनिवार को अंधेरी स्थित गोल्डन राइज में अभिनेत्री शेफाली जरीवाला के आवास पर फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम तैनात करके उनकी मौत मामले की जांच शुरू कर दी। जरीवाला को शुक्रवार देर रात सीने में दर्द की शिकायत पर बेलेव्यू मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

शुरुआती रिपोर्ट में हालांकि हृदयाघात की बात कही गई है। अभिनेत्री के शव को पोस्टमॉर्टम जांच के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि शेफाली जरीवाला (42) की मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। जरीवाला अपने पति पराग त्यागी के साथ अंधेरी में रहती थीं। उनके पति और परिवार के सदस्यों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जरीवाला ने गीत कांटा लगा से प्रसिद्धि पाई थी। शनिवार शाम को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

**प्रकृति के रंग** गश्त के दौरान दिखने के बाद सजग हुआ दुधवा टाइगर रिजर्व प्रशासन, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से भी बनी उच्च स्तरीय टीम, लगाए गए कैमरे

# दुर्लभ लैपर्ड कैट का बढ़ा कुनबा, दुधवा में फिर दिखने लगी

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

- दिखने में तेंदुए के शावक जैसी इसलिए मिला यह नाम

**अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व और उसके आसपास के क्षेत्र में इन दिनों दुर्लभ लैपर्ड कैट देखी जा रही है। इससे माना जा रहा है कि इनकी संख्या बढ़ी है। अन्यथा, छिपकर रहने वाली लैपर्ड कैट आमतौर पर सामने नहीं आती। इससे दुधवा प्रशासन और वन्यजीव प्रेमियों में उत्साह है।

दूसरी ओर इसके संरक्षण के लिए टीम गठित की गई है। इसमें स्वयंसेवी संस्थाओं को भी शामिल किया गया है। दुधवा टाइगर रिजर्व में सैलानियों के भ्रमण के लिए 15 नवंबर से 15 जून तक सत्र चलाया जाता है। इसके बाद मानसून आने के कारण 16 जून से 14 नवंबर तक यह बंद रहता है। इस दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वन कर्मियों की गश्त जारी रहती है। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर डॉ. एच राजामोहन ने बताया कि सैलानियों के लिए सत्र बंद होने के बाद वन कर्मियों को गश्त के दौरान दक्षिण सोनारीपुर और मूर्तिहा रेंज में कई बार दुर्लभ लैपर्ड कैट दिखाई दी। लैपर्ड कैट यानी स्माल कैट काफी समय बाद दिखाई देने से इसे अच्छा संयोग माना जा रहा है। इधर, बिल्ली परिवार की यह प्रजाति लगातार दिख रही है। वन कर्मियों की सूचना के बाद इस क्षेत्र में कैमरे लगाए गए हैं। इनमें भी लैपर्ड कैट की तस्वीर कैद हुई है। दुधवा प्रशासन उनकी नियमित मॉनीटरिंग कर रहा है।



दुधवा में लगे कैमरे में कैद हुई लैपर्ड कैट।

#### दक्षिण-पूर्वी एशिया में पाई जाने वाली जंगली बिल्ली

वन्यजीव विशेषज्ञ जितेंद्र शुक्ला बताते हैं कि लैपर्ड कैट, जिसे वैज्ञानिक रूप से प्रियोनेलुरस बंगालेंसिस के रूप में जाना जाता है, यह दक्षिण और पूर्वी एशिया में पाई जाने वाली एक छोटी जंगली बिल्ली है। इसे इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर द्वारा गंभीर खतरे में नहीं माना गया है।

#### तेंदुए के शावक जैसी होती है लैपर्ड कैट

सेवानिवृत्त डीएफओ आनंद कुमार ने बताया कि दुधवा के जंगलों में लेपर्ड कैट काफी पहले से मौजूद है। हां, इसकी पहचान करना थोड़ा मुश्किल है। एक लेपर्ड कैट लगभग तेंदुए के शावक के समान होती है। इसकी पहचान चेहरे से की जाती है। चूंकि यह छिपकर रहना पसंद करती है, इसलिए यह कम दिखाई देती है। इसे लेसर कैट की श्रेणी में रखा जाता है। इसके अंतर्गत फिशिंग कैट, लेपर्ड कैट और जंगल कैट आते हैं। लेपर्ड कैट आमतौर पर जंगल और घास के मैदानों में पाई जाती है, जबकि फिशिंग कैट जल स्रोतों के निकट ही दिखती है। जंगल कैट साखू के जंगल में अक्सर दिख जाती है। बिग कैट के अंतर्गत बाघ, शेर, तेंदुआ आदि आते हैं।

> दुधवा टाइगर रिजर्व के घने जंगल, बड़े-बड़े घास के मैदान और वातावरण लैपर्ड कैट्स के संवर्धन के लिए अनुकूल है। वहीं, लैपर्ड कैट के संरक्षण के लिए केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। समिति में ग्लोबल टाइगर फोरम, विश्व प्रकृति निधि को भी शामिल किया गया है। **-डॉ. एच राजामोहन,** फील्ड डायरेक्टर, दुधवा।

## शहर में आज



☞ आर्य समाज स्टेशन रोड पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग में विचार गोष्ठी सुबह 9:00 बजे

☞ नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला सुबह 10:00 बजे

☞ इनर व्हील क्लब की ओर से जिला असेंबली ''विलक्षणा सीमाओं से परे, सपनों की उड़ान'' को लेकर हाइप होटल बुद्धि विहार में बैठक 11:00 बजे

☞ साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम के द्वारा वरिष्ठ कवि रामदत्त द्विवेदी के 90वें जन्म दिवस पर काव्य गोष्ठी मिलन धर्मशाला में शाम 4:00 बजे






# प्रोजेक्ट जटायु करेगा महिलाओं की सुरक्षा

## नगर आयुक्त ने किया प्रोजेक्ट जटायु का प्रस्तुतिकरण, 1000 कैमरों से रहेगी नजर, लगेंगे 150 पैनिक बटन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



सर्किट हाउस में प्रोजेक्ट जटायु के प्रस्तुतिकरण के दौरान मौजूद समिति के अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह व सदस्यों एमएलसी अंगद सिंह, एमएलसी डॉ, जयपाल सिंह व्यस्त व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों की शनिवार को सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक हुई। जिसके बाद नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने समिति के समक्ष प्रोजेक्ट जटायु का प्रस्तुतिकरण किया। उन्हें बताया कि प्रोजेक्ट जटायु 4 एस सर्विस, सैनिटेशन, सिक्योरिटी और सर्विलांस के सिद्धांत पर किया गया एक नवाचार है।

नगर आयुक्त ने समिति के अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह व सदस्यों एमएलसी अंगद सिंह, एमएलसी डॉ, जयपाल सिंह व्यस्त को बताया कि कबाड़ से जुगाड़ की अवधारणा के अंर्तगत खराब गाड़ी को इस रूप में परिवर्तित किया गया है। जिससे महानगर में महिला सुरक्षा, नाला सफाई, अतिक्रमण, रैली इत्यादि का प्रबंधन किया जा सकता है।

● **दैवीय आपदा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने सराहा प्रयास**

प्रोजेक्ट जटायु के अंतर्गत महानगर में 150 पैनिक बटन महिला सुरक्षा के लिए व 1000 कैमरे लगाए जा रहे हैं। अध्यक्ष व सदस्यों ने इस नवाचार पर प्रसन्नता व्यक्त की। कहा कि इसे शासन स्तर पर लागू करने के लिए आवश्यक अनुशंसा की जाएगी।

### खराब टाटा मैजिक को सुधार कर बनाया सुव्यवस्थित ढांचा, चार ड्रोन व पैनल लगाए

नगर आयुक्त ने बताया कि अर्बन इकोसिस्टम में सर्विलांस, सुरक्षा और सैनिटेशन को एक साथ लेकर एक बेहतर और सुव्यवस्थित प्रशासनिक ढांचा बनाया गया है। नगर निगम की खराब टाटा मैजिक को मॉडिफाई कर इसमें चार ड्रोन सिस्टम और पैनल लगाए गए हैं। ऐसी दो गाड़ियों और आठ ड्रोन महानगर के प्रमुख प्रवेश द्वारों पर लगाए गए है। इसके अलावा पुलिस चौकियों को पीलीकोठी स्थित इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर से जोड़ा जाएगा।प्रोजेक्ट जटायु विशेषकर महिलाओं को सुरक्षित करने के लिए है लेकिन साथ ही किसी भी व्यक्ति इसका प्रयोग कर सकते हैं।

### सार्वजनिक स्थानों पर लगेंगे पैनिक बटन संपर्क में रहेंगे अधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रोजेक्ट जटायु के तहत किसी भी आपात या अप्रिय स्थिति में न केवल तेजी से प्रतिक्रिया दी जाएगी, बल्कि पहचान भी आसानी से की जाएगी। स्मार्ट सिटी के द्वारा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जुड़े 150 पैनिक बटन के साथ कॉल डायल सर्विस की सुविधा भी रहेगी। जिससे मंडलायुक्त, डीआइजी, डीएम, एसएसपी, मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर आयुक्त सहित सभी उच्चाधिकारी 24 घंटे संपर्क में रहेंगे। हर सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी और फौरन कार्रवाई होगी। प्रोजेक्ट जटायु के अंतर्गत दिन और रात महानगर की ड्रोन निगरानी भी की जाएगी। बटन दबाते ही सेंसरयुक्त कैमरे सूचना देंगे और मदद जरूरतमंद तक पहुंच जाएगी। इसका उपयोग महानगर में नाला-नालियों और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण रोकने, कीटनाशक और छिड़काव जैसी सेवाएं भी निगरानी में रहेंगी।



योग पथ का भ्रमण करते विधान परिषद के अध्यक्ष व सदस्य, साथ में डीएम व नगर आयुक्त।

### योग पथ का पूरे प्रदेश में विशिष्ट स्थान

मुरादाबाद, अमृत विचार : विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने समीक्षा बैठक के बाद सर्किट हाउस में नगर निगम निर्मित योग पथ, अखंड भारत स्मारक व संविधान स्मारक का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने निरीक्षण करवा बताया कि योग पथ पूरे प्रदेश में एक विशिष्ट स्थान रखता है। यहां सिद्ध योगी गुरु गोरखनाथ जी से लेकर बुद्ध, महावीर, आदि योगी शिव समेत सभी सनातन योगियों की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। साथ ही भगवान कल्कि की मूर्ति भारत की सनातन संस्कृति का प्रदर्शन करती है। सर्किट हाउस के गेट पर बने अखंड भारत स्मारक के माध्यम से संदेश दिया गया है कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल का एक भारत-श्रेष्ठ भारत बनाने में अतुलनीय योगदान है। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बनाए गए स्मारक में महाड़ सत्याग्रह के चित्र के माध्यम से देश में सामाजिक असमानता से सामाजिक समानता, बंधुत्व, न्याय की यात्रा में संविधान और संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ आंबेडकर के योगदान को दर्शाया गया है। समिति ने नगर निगम द्वारा महानगर में किये जा रहे ऐसे विचार परक सौंदर्यीकरण के कार्यों के लिए निगम व नगर आयुक्त की सराहना की। कहा आगे भी ऐसे ही कार्य जारी रखे जाएं। इस दौरान डीएम अनुज सिंह मौजूद रहे।

### 390 विद्यालय में 50 से कम बच्चों का नामांकन, पास के स्कूल में होगा विलय

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित उन स्कूलों का पेयरिंग (विलय) करने की प्रक्रिया चल रही है जहां छात्र संख्या 50 या इससे कम है। जिले में सर्वे में सामने आए आंकड़े के अनुसार 390 ऐसे विद्यालय हैं जिनमें छात्र संख्या 50 से कम है। ठाकुरद्वारा में 85 विद्यालय इस दायरे में हैं। 50 या इससे कम छात्र संख्या वाले स्कूलों का पेयरिंग (विलय) पास के दूसरे स्कूलों में करने की प्रक्रिया चल रही है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा 50 से कम संख्या वाले विद्यालयों को चिन्हित कर उनके नामों की सूची मांगी गई है। जिले में 1408 विद्यालयों में दो वर्ष पहले किए गए चिन्हीकरण में 450 विद्यालय थे। लेकिन अब कुछ विद्यालयों में नामांकन बढ़ जाने के बाद 390 विद्यालयों में छात्रों की संख्या 50 से कम है। सबसे खराब स्थिति ठाकुरद्वारा ब्लॉक की है, जहां सर्वाधिक 85 विद्यालयों में 50 से कम छात्र हैं। अन्य ब्लॉक में भी कम संख्या वाले विद्यालयों को चिन्हित किया गया है जिसकी सूची जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।



जिला अस्पताल की ओपीडी में लाइन में लगी महिलाएं। ● अमृत विचार

# भीषण गर्मी बिगाड़ रही बच्चों की सेहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **जिला अस्पताल की बाल रोग ओपीडी में प्रतिदिन पहुंच रहे 150 से अधिक मरीज**

● **बुखार, डायरिया व पेट दर्द की चपेट में आ रहे बच्चे, डॉक्टर दे रहे सावधानी की सलाह**

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बच्चों की सेहत बिगड़ रही है। बच्चे बुखार, उल्टी-दस्त और पेट दर्द की समस्या से ग्रसित हो रहे हैं। इसके साथ ही पेट दर्द के बाल मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

डॉक्टर इलाज के साथ ही सावधानी बरतने का सुझाव दे रहे हैं। जिला अस्पताल की बाल रोग ओपीडी में प्रतिदिन 150 मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार इसमें 70 प्रतिशत बच्चे पेट दर्द और 20 फीसदी बच्चे बुखार व डायरिया से पीड़ित हैं। अन्य 10 प्रतिशत बच्चे अन्य बीमारियों से ग्रसित पहुंच रहे हैं।

चिलचिलाती धूप और गर्मी से डिहाइड्रेशन, डायरिया से पीड़ित मरीज भी आ रहे हैं। इनमें वायरल बुखार और उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या अधिक है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीर सिंह ने बताया कि तापमान बढ़ने से गर्मी का स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। गर्मी, दूषित खान-पान व साफ-सफाई में अनदेखी बच्चों पर भारी पड़ रही है। बच्चों के साथ अभिभावकों को भी उन पर नजर बनाए रखन बहुत जरूरी है। गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर सतर्कता बरतें। बुखार की चपेट में आने पर बच्चे को पानी उबालकर ठंडा करने के बाद पिलाएं। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बच्चे गंदी चीजों को भी मुंह में डाल लेते हैं, इस वजह से संक्रमण का शिकार हो जाते हैं। ध्यान रहे कि बाहरी के चीजें खासतौर पर जंक फूड से बच्चों को बिल्कुल दूर रखें।

## बीपी के मरीजों में बढ़ रही सांस फूलने की दिक्कत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्मी में सामान्य लोग तो बीमार हो ही रहे हैं लेकिन जो पहले से बीमार हैं उनकी दिक्कत और बढ़ गई है। गर्मी और उमस के कारण बीपी के मरीजों के साथ सांस फूलने के साथ ही चक्कर आने की शिकायत आ रही हैं। चिकित्सकों के अनुसार गर्मी में शरीर में पानी की कमी होने पर बीपी कम होने या बढ़ने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में जरूरी है कि शरीर में पानी की कमी न होने दें।

जिला अस्पताल में वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. आशीष सिंह ने बताया सामान्य कुछ दिन पहले तक इस परेशानी को लेकर 30-40 मरीज आ रहे थे लेकिन पिछले 20 दिनों में यह संख्या दोगुनी हो गई है। मरीजों को उपचार के साथ ही सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। शरीर में पानी की कमी न होने दें। बेवजह धूप में न निकलें, जरूरी होने पर भी जब घर से निकलें तो सिर को अच्छे ढक लें और आंखों पर चश्मा लगाएं। पानी की बोतल अपने साथ रखें। बताया कि बीपी के मरीजों को इस तरह की दिक्कत हो तो लापरवाही न बरतें और तुरंत चिकित्सकों से संपर्क करें।

# दैवीय आपदा में संवेदनशीलता से करें कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति ने अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में की बैठक**

● **आपदा के 24 घंटे के भीतर प्रभावितों तक निश्चित रूप से राहत पहुंचाने के सख्त निर्देश**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के सभापति अवनीश कुमार सिंह, सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त व सदस्य अंगद कुमार ने मंडल के मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, संभल और बिजनौर के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस सभागार में शनिवार को बैठक की। सभापति ने कहा कि दैवीय आपदाओं में प्रभावित लोगों को त्वरित राहत पहुंचे इसे अधिकारी सुनिश्चित करें।

समिति के सभापति (अध्यक्ष) व सदस्यों ने मंडल के सभी जिलों में आपदा राहत से जुड़े कार्यों व शासन के निर्देशों के पालन व क्रियान्वयन की समीक्षा की। वर्ष 2021 से अब तक बाढ़, अग्निकांड और अन्य दैवीय आपदाओं में मृतकों की संख्या व आश्रितों को प्रदान की गई राहत के बारे में जानकारी ली।

बाढ़ से सुरक्षा के लिए नदियों के पुनरुद्धार और तटबंध निर्माण के साथ ही आपदा मित्रों की सक्रियता और प्रशिक्षण के बारे में भी अधिकारियों से पूछा। कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों में आपदा मित्र के रूप में स्थानीय होमगार्डों और पीआरडी जवानों को भी प्रशिक्षित किया जाए। जिससे बाढ़ की स्थिति में वह बेहतरीन आपदा मित्र के रूप में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा सकें। सभापति ने जिलाधिकारियों और अपर जिलाधिकारियों से कहा कि शासन स्तर से भेजी गई आपदा से संबंधित बुकलेट प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंच जाएं, जिससे ग्राम प्रधान को आपदा के दौरान उनकी जिम्मेदारी के बारे में जागरूक किया जा सके।

उन्होंने कहा कि आपदा के 24 घंटे के भीतर प्रभावित लोगों को निर्धारित राहत पहुंचाने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है। इसका पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराएं।

सर्पदंश से बचाव के लिए जागरुकता शिविर के दौरान लोगों को बताया जाए कि सर्प के काटने पर किसी झाड़-फूक के चक्कर में बिल्कुल न पड़ें, बल्कि तत्काल नजदीकी अस्पताल में जाएं। प्रत्येक प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सर्पदंश से बचाव के लिए जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रहे।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग व कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग शिविर आयोजित कराए जाते हैं जबकि यदि सभी विभाग मिलकर एक साथ वृहद कैंप आयोजित करें तो कैंप की भव्यता बढ़ेगी और अधिकतम लोगों को जागरूक किया जा सकता है।

### जल संरक्षण के कार्यों की जानकारी ली

सभापति ने सभी अधिकारियों से आपदा राहत कार्यों के तहत किए जा रहे अभिनव प्रयासों, मंडल में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में प्रत्येक जिले के अधिकारियों से बातचीत की। अधिकारियों ने नदियों के पुनरुद्धार कार्यों के बारे में जानकारी दी। सभापति ने कहा कि रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को सरकारी भवनों पर स्थापित कराकर जल संरक्षण की दिशा में आमजन के लिए उदाहरण प्रस्तुत करें ताकि आम नागरिक भी उससे प्रभावित होकर घरों की छतों पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करवाएं।


## बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ | सत्र : 2025-26

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेस**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेंटल साइंसेस**
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)

**पैरामेडिकल साइंसेस**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

**फोरेंसिक साइंसेस**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


# टेबल टेनिस: डीआईजी मुनिराज जी व दरोगा दीनदयाल की जोड़ी जीती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पुलिस लाइन में टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

● **42 वीं यूपी पुलिस बैडमिंटन व टेबल टेनिस क्लस्टर प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा**

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन में उत्तर प्रदेश पुलिस की 42वीं वार्षिक बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस क्लस्टर प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जा रहा है।

शनिवार को खेली गई स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस 40 प्लस डबल्स वर्ग में डीआईजी मुनिराज व उप निरीक्षक दीनदयाल तिवारी की जोड़ी ने मु.आ. आलोक मिश्रा व विश्राम सिंह को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं 50 प्लस डबल्स में महेश चंद्र पांडेय व विश्राम सिंह (पीएसी पश्चिमी जोन) ने सूरज नाथ व विजय प्रकाश (गोरखपुर जोन) को पराजित किया। बैडमिंटन महिला चैम्पियनशिप में मेरठ जोन ने वाराणसी जोन को हराकर खिताब अपने नाम किया। 45 प्लस महिला डबल्स वर्ग में गोरखपुर की सरिता नागवंशी और बरेली की मधु कश्यप की जोड़ी ने वाराणसी की कनक शर्मा और रेडियो जोन की अर्चना सिंह को पराजित किया। 55 प्लस महिला सिंगल्स में बरेली जोन की मधु कश्यप ने गोरखपुर की शीला यादव को हराया। वहीं ओपन मिक्स्ड डबल्स मुकाबले में वाराणसी के राजन यादव और मेरठ की सिमरन चौधरी ने मेरठ के विवेक गुप्ता और आगरा की भावना को शिकस्त दी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में आरएसओ अजय पाठक, मनोज कुमार, वर्षा चाहर, आसिफ सिद्दीकी, फिरोज खान, पीसी महेश चंद्र पांडेय, पीसी शिवनारायण राजपूत, पीसी सतीश कुमार, पीटीआई सुधीर शर्मा और आरक्षी रविंद्र कसाना मौजूद रहे। प्रतियोगिता का समापन रविवार की शाम शाम 5:00 बजे पुलिस लाइन में किया जाएगा।

# हज समिति के सदस्य ने हाजियों को दिलाया सुविधाओं का भरोसा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सदस्य कामरान खान ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार के साथ हज ट्रेनरों एवं हाजियों के साथ मदरसा अरबिया इमदादिया में बैठक की। इसमें हज यात्रियों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर चर्चा हुई।

हज ट्रेनरों ने हज 2026 के लिए हाजियों की सुविधा के दृष्टिगत ग्रीन कैटेगरी खोलने, हाजियों के लिए हज के दौरान खाना उपलब्ध कराने के सुझाव दिए। वर्ष 2025 के हाजियों ने हज के दौरान हुई असुविधाओं की जानकारी समिति के सदस्य को दी। उनके द्वारा प्राप्त सुझावों एवं हाजियों को हुई असुविधाओं को राज्य हज समिति के समक्ष रखकर आने समय में हज के दौरान बेहतर सुविधाएं दिलाने का आश्वासन दिया। मदरसा के प्रधानाचार्य मजाहिर हुसैन, मोहम्मद असजद, हज ट्रेनर शम्मे आलम, खुसरो फैसल आदि मौजूद रहे।



सदस्य कामरान खान के साथ मौजूद अल्पसंख्यक अधिकारी व हज ट्रेनर।

# हुसैन ने दीन-ए-मोहम्मदी की हिफाजत के लिए दी कुर्बानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



लाल मस्जिद में जलसे को खिताब करते मुफ्ती दानिश कादरी। ● अमृत विचार

● **लाल मस्जिद में अकीदत व एहतेराम के साथ हुआ जलसे का आयोजन**

**अमृत विचार:** महानगर की लाल मस्जिद में जारी जिक्र-ए-शोहदाए कर्बला के दूसरे दिन शनिवार को जलसा बड़ी अकीदत व एहतेराम के साथ मुनअकिद हुआ। इस मुबारक मौके पर मुफ्ती मोहम्मद दानिश कादरी ने हुज़ूर की उम्मत पर इनायतें और उम्मत से ताल्लुक के उन्वान पर पुरजोश और असरदार बयान फरमाया।

मुफ्ती दानिश कादरी ने अपने खिताब में फरमाया कि अल्लाह तआला ने उम्मत-ए-मुहम्मदिया को सबसे बड़ा इनाम दिया कि हम सरवरे कायनात, रहमतुल्लिलआलमीन हज़रत मोहम्मद मुस्तफा की उम्मत में पैदा हुए। हुज़ूर को अपनी उम्मत से इतनी मोहब्बत थी कि आपने दिन-रात उम्मत की मगफिरत, रहमत और हिदायत की दुआ फरमाई। उन्होंने कहा कि हुज़ूर ने फरमाया कि हर नबी को दुआ की कुबूलियत का इख्तियार मिला और हर नबी ने वो दुआ अपनी उम्मत के लिए दुनिया में ही कर ली, लेकिन मैंने अपनी वह दुआ कयामत के दिन उम्मत की शफाअत के लिए महफ़ूज़ कर रखी है। उन्होंने कहा कि हुज़ूर का उम्मत से ताल्लुक महज़ अल्फ़ाज़ में नहीं बल्कि अमली सूरत में था। आपने उम्मत की रहनुमाई, बेदारी और बेहतरी के लिए तकलीफें उठाईं, जंगें झेलीं, पत्थर खाए, मगर उम्मत की फिक्र हर हाल में की। कर्बला की सरज़मीन पर हजरत इमाम हुसैन ने इसी मोहब्बत-ए-रसूल की अमली तस्वीर पेश करते हुए दीन-ए-मोहम्मदी की हिफाज़त के लिए अपनी और अपने अहले-खानदान की क़ुर्बानी पेश की। आज के हालात में उम्मत को आपस में इत्तिहाद, मोहब्बत और बिरादरी का जज़्बा पैदा करना चाहिए। जलसे में अहमद कादरी दुरूद-ओ-सलाम का नज़राना पेश किया गया और शोहदाए कर्बला की याद में ग़म और सब्र का इज़हार किया गया। जलसे के आख़िर में मुल्क की सलामती, अमन, भाईचारे, मुसलमानों की हिफाज़त और पूरी उम्मत के इत्तिहाद के लिए खास दुआ की गई। इस मौके पर अली साद, रिजवान रहमान, शुजात अशरफी, रईस अशरफी, हाफिज फाजिल, डॉ. अकरम, अब्दुर राफे शामिल रहे।

**आज का मौसम**

धूप के बीच कभी कभी हल्के बादल छाए रहेंगे।

34.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:19 | सूर्यास्त 07:17

## एक नजर

### अपहरण के प्रयास और मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**छजलैट, अमृत विचार :** छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ा मीरपुर निवासी रबल त्यागी पत्नी अवनीश त्यागी हाल निवासी मुरादाबाद पुलिस लाइन का दूसरे पक्ष के गौरव त्यागी आदि से विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर विगत एक सप्ताह पूर्व दोनों पक्षों में मारपीट हो गई थी। गौरव पक्ष के लोगों ने गाड़ी से खींचकर रबल के पुत्र का अपहरण करने का प्रयास किया था। इस संबंध में रबल ने गौरव त्यागी, हरिओम त्यागी, लकी त्यागी, देवकांत त्यागी, लवकांत त्यागी एवं एक अज्ञात सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ छजलैट थाना पुलिस को तहरीर दी। थाना छजलैट पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### रंजिश में विवाद, तीन पकड़े

**कांठ, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने पुरानी रंजिश में झगड़ा करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर एसडीएम के न्यायालय में पेश किया है। थाना कांठ के कस्बा ऊमरी कलां मोहल्ला पछैयान निवासी मोहम्मद रिजवान, इमरान तथा दूसरे पक्ष के हैदर अली मौला, आबिदपुर कस्बा ऊमरी कलां में वर्षों से आपसी रंजिश चली आ रही है। दोनों पक्ष में पहले भी विवाद हो चुका है। ऊमरी चौकी इंचार्ज राकेश कुमार सिंह ने आज दोनों पक्षों के तीनों लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर उन्हें एसडीएम के न्यायालय में भेज दिया है।

### छत से बकरा उतार रही महिला गिरी, हालत गंभीर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बेहड़ावाला में छत से बकरा उतार रही एक महिला संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार पैर फिसलने से हादसा हुआ। गंभीर चोट लगने के बाद परिजनों ने मोहल्ले वासियों की मदद से घायल को उत्तराखंड के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर है।

### योजना के लिए एमडीए ने किसानों से खरीदी 32 हेक्टेयर जमीन

# अक्टूबर में लांच होगी गोविंदपुरम आवासीय योजना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सात हेक्टेयर जमीन देने के लिए किसानों ने दिए सहमति पत्र

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण अपनी गोविंदपुरम योजना को इसी साल अक्टूबर में लांच करने की तैयारी कर रहा है। जिसके लिए एमडीए ने किसानों से 32 हेक्टेयर जमीन खरीद ली है। सात हेक्टेयर और जमीन देने के लिए किसानों ने सहमति पत्र सौंपा है।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा दिल्ली रोड पर मंगूपुरा में टाउनशिप बनाने की योजना तैयार की है। इस टाउनशिप का नाम ठाकुरद्वारा निवासी प्रसिद्ध खगोलशास्त्री गोविंद स्वरूप के नाम पर गोविंदपुरम रखा गया है। योजना के तहत टाउनशिप के अंदर मार्केट आवासीय फ्लैट, स्कूल, अस्पताल और कम्युनिटी हाल की सुविधा होगी। स्कूल, अस्पताल, कम्युनिटी हाल, बाजार के लिए जगह उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना में बच्चों के खेलने के लिए भी इनडोर गेम की सुविधा दी जाएगी। टाउनशिप में कॉमर्शियल प्लॉट और अन्य गतिविधियां आवश्यकता पड़ने पर शुरू की जाएगी।

#### एमडीए ने निर्धारित लक्ष्य को पार किया

योजना लांच होने से पहले ही मांग बढ़ गई है। जिसके तहत एमडीए ने इस योजना को लांच करने में तेजी कर दी है। जिसके तहत गोविंदपुरम योजना के लिए एमडीए किसानों की भूमि की तेजी से रजिस्ट्री करा रहा है। अभी तक इस योजना के लिए 32 हेक्टेयर जमीन की खरीद हो चुकी है। जमीन पर एमडीए ने कब्जा भी ले लिया है। योजना को शुरू करने के लिए 30 हेक्टेयर जमीन की जरूरत थी। एमडीए ने निर्धारित लक्ष्य को पार कर लिया है।

#### महानगर के लोगों को इंतजार

एमडीए की सचिव अंजुलता ने बताया कि अभी सात हेक्टेयर जमीन को देने के लिए किसानों ने सहमति पत्र दिया है। अक्टूबर में योजना के लेआउट का सर्वे कराकर योजना को लांच कर दिया जाएगा। वहीं महानगर के लोगों को भी इस योजना का इंतजार है। वहीं एमडीए उपाध्यक्ष गोविंदपुरम आवासीय योजना को लेकर प्रतिदिन एमडीए अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे है।

### दिन में गर्मी से रही आफत शाम को बूंदाबांदी से राहत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्मी और उमस से लोग परेशान हो रहे हैं। दिन भर तेज धूप के कारण लोग गर्मी से बेहाल नजर आए। दोपहर ढलते के साथ ही आसमान में बादलों का आगमन शुरू हो गया। बारिश की उम्मीद जगी। शाम को बारिश तो नहीं हुई लेकिन थोड़ी देर ठंडी हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई, जिससे राहत मिली।

शनिवार को दिन में अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा। जिससे पंखे और कूलर की हवा भी राहत नहीं दे पा रही थी। पसीना नहीं सूख रहा था। बादलों को देख लोग उम्मीद जता रहे थे कि शायद रात में अच्छी बारिश हो जाए। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि निरंतर हवा में नमी की मात्रा बढ़ेगी। तापमान में कमी आएगी।




# निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत, हंगामा

### परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गलशहीद थाना क्षेत्र के प्रिंस रोड स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की शुक्रवार की देर रात मौत हो गई। शनिवार सुबह परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह हंगामा कर रहे लोगों को शांत किया।



मृतका शिवानी।

थाना कटघर क्षेत्र गुलाबबाड़ी स्थित फ्रूट मंडी निवासी सोनू की पत्नी शिवानी को बीते शुक्रवार को प्रसव पीड़ा हुई थी। पति ने पत्नी को गलशहीद क्षेत्र के प्रिंस रोड स्थित नवीन हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां आपरेशन के दौरान बेटे का जन्म हुआ, लेकिन आपरेशन के बाद शिवानी की हालत बिगड़ गई और शुक्रवार की देर रात मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने हंगामा किया तो रात में ही पुलिस पहुंच गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शनिवार सुबह एक बार फिर महिला के परिजन अन्य लोगों के साथ अस्पताल में पहुंच गए। उन्होंने कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी के बाद पुलिस पहुंची और कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह हंगामा कर रहे लोगों को शांत किया। गलशहीद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी तक उनकी तरफ से कोई शिकायती पत्र नहीं दिया है। शिकायती पत्र मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



अस्पताल के बाहर हंगामा करते परिजन। • अमृत विचार

- पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह किया शांत

### यूपी एसएससी: 30 केंद्रों पर आज 13,608 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी एसएससी की ओर से कनिष्ठ सहायक और कनिष्ठ लिपिक के पद के लिए रविवार को 30 केंद्रों पर कड़ी निगरानी में सुबह 10-12 बजे तक परीक्षा कराई जाएगी। डीआईओएस, स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने तैयारी देखी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश अधीनस्थों को दिया है।

डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि यूपी एसएससी की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में कराई जाएगी। सुबह 8:30 बजे से परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा, जो 9:30 बजे तक रहेगा। 13,608 परीक्षार्थियों में से बड़े केंद्रों पर 480 और छोटे केंद्र पर 384 परीक्षा देंगे। 12 परीक्षार्थियों पर 1 शिक्षक की ड्यूटी लगाई है। जिसमें बेसिक और माध्यमिक के 1134 शिक्षक ड्यूटी करेंगे। परीक्षा केंद्र से 20 मीटर की दूरी तक भीड़ नहीं रहेगी। परीक्षा के बीच में स्टेटिक और मजिस्ट्रेट और सचल दल के अलावा परीक्षा केंद्र में कोई प्रवेश नहीं कर सकेगा। केंद्रों के चारों ओर पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। परीक्षा में लापरवाही करने वाले शिक्षकों व सुरक्षा कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी।

## टीएमयू के बैंक खाते से साइबर ठगी, तीन कर्मचारियों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- टीएमयू के सुरक्षा अधिकारी की ओर से पाकबड़ा थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** पाकबड़ा थाना क्षेत्र के टीएमयू के बैंक खाते में संदिग्ध लेन-देन सामने आने के बाद तीन कर्मचारियों के खिलाफ पाकबड़ा थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना पाकबड़ा पुलिस को दी गई तहरीर में सुरक्षाधिकारी अवनेश सिंह ने बताया कि बीती विश्वविद्यालय के निदेशक (अकाउंट्स) गौरव अग्रवाल के माध्यम से उन्हे ईमेल द्वारा जानकारी मिली कि टीएमयू के एक्सिस बैंक के खाते में 1829.18 की राशि लीन/होल्ड कर दी गई है। जिसके बाद टीएमयू प्रशासन की ओर से जांच को कहा गया। इस दौरान डेंटल कॉलेज ओपीडी में कार्यरत अटेंडेंट नितिननिवासी गौतम पार्क, थाना मझोला, जसवरी निवासी समाथल, थाना पाकबड़ा और विशेष सिंह निवासी मनोहरपुर थाना मझोला पर सुनियोजित तरीके से वित्तीय हेराफेरी करने का आरोप है। वहीं जांच में यह तथ्य सामने आया कि बीती 16 जून 2025 को विशेष सिंह ने टीएमयू के खाते में 2500 का कार्ड स्वाइप कर नकद राशि अटेंडेंट को वापस कर दी। इसके बाद मरीजों से उसी राशि की नकदी लेकर उनके लिए यूपीआई ट्रांजेक्शन की फर्जी रसीदें बनाकर दे दी गईं। सबसे गंभीर मामला तब सामने आया जब यह पता चला कि विशेष सिंह का बैंक खाता ऑनलाइन गेमिंग के लिए उपयोग किया गया था, जिसमें बीती 13 जून को 50000 की साइबर ठगी राजस्थान में हुई थी। इसी कड़ी में 2500 की संदिग्ध लेन-देन टीएमयू खाते से जोड़कर देखी गई और 1829.18 की राशि बैंक द्वारा होल्ड कर दी गई।

सुरक्षाधिकारी अवनेश सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पाकबड़ा में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने तीनों कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी, साजिश और टीएमयू की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया। पाकबड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सुबह 8 से 11 बजे तक 10500 उपभोक्ताओं की आपूर्ति रहेगी बाधित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को एसडीओ पीटीसी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र विवेकानन्द, राम गंगा विहार के क्षेत्र में स्मार्ट सिटी परियोजना का कार्य 11 केवी केबल रेसिंग का कार्य किया जाना है। जिसके लिए विवेकानंद विद्युत केंद्र के गंगा मंदिर, हरथला, सब्जी मंडी, सी.एल गुप्ता चौराहा के उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति रविवार की सुबह 11 से 1 बजे तक 2 घंटे तथा राम गंगा विहार बिजली घर के बीएसएनएल कॉलोनी से वेव सिनेमा मेन रोड पर अमर कॉम्पलेक्स से परंपरा प्रथम तक सुबह 8 से 11 बजे तक तीन घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि

एतद्द्वारा विद्युत नगरीय वितरण उपखंड पीटीसी के अंतर्गत 33/11 केवी पी.टी.सी के 33 केवी लाइन के बीच पेड़ों की छंटाई का कार्य किया जाना है। जिसके कारण रविवार की सुबह 9:00 बजे से 11 बजे तक 33/11 के वी उपकेंद्र कंपनी बाग, 33/11 केवी उपकेंद्र टैक्सी स्टैंड और 33/11 केवी पी.टी.सी उपकेंद्र से संचालित 11 केवी फीडर पीएसी एम डी ए की विद्युत आपूर्ति दो घंटे बाधित रहेगी।

# दार्जिलिंग से किशोरी को भगा ले आया मदरसे का मौलाना, पत्नी बताकर रखा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस सोसायटी में कर रहा था काम, दोनों को ले गई बंगाल पुलिस

**अमृत विचार:** दार्जिलिंग के नक्शल बाड़ी क्षेत्र निवासी तीन बच्चों के पिता ने मदरसे में पढ़ाते समय पढ़ने वाली एक नाबालिग को प्रेम जाल में फंसा लिया। एक माह पहले वह उसे लेकर मुरादाबाद आ गया और यहां पीटीसी ग्राउंड में चल रहे निर्माण कार्य में मजदूरी करने लगा। आरोपी छात्रा को पत्नी बनाकर रह रहा था। शनिवार दोपहर बंगाल व सिविल लाइंस पुलिस ने आरोपी और छात्रा को बरामद कर लिया। कोर्ट में पेश कर दोनों को बंगाल लेकर चली गई।

बंगाल के दार्जिलिंग के थाना नक्शल बाड़ी क्षेत्र निवासी अब्दुल अलाउद्दीन वहां एक मदरसे में मौलाना है। जो शादीशुदा और तीन बच्चों का पिता है। मदरसे में वहीं की एक 17 वर्षीय किशोरी भी पढ़ती है। पढ़ाने के दौरान ही अब्दुल ने उसे प्रेम प्रसंग में फंसा लिया। एक माह पहले उसे साथ लेकर मुरादाबाद आ गया। पीटीसी ग्राउंड में पुलिस की सोसायटी की इमारत का निर्माण कार्य चल रहा है। मौलाना ने यहां मजदूरी शुरू कर दी। किशोरी को पत्नी के रूप में रखता था। उधर, नक्शल बाड़ी पुलिस ने किशोरी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस को लोकेशन मुरादाबाद की मिली। शनिवार सुबह बंगाल पुलिस ने सिविल लाइंस थाने पहुंचकर जानकारी दी। सिविल लाइंस पुलिस लोकेशन के आधार पर मौके पर पहुंच गई और दोनों को बरामद कर लिया। बाद में बंगाल पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया और साथ लेकर चली गई। प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि बंगाल पुलिस ने आकर जानकारी दी थी। इसके बाद दोनों को बरामद कर लिया गया।

#### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिता ने बताया कि 26 जून को उनके मोबाइल पर एक कॉल आई थी, जिसे उनकी 13 वर्षीय पुत्री ने उठाया। अगले दिन 27 जून की दोपहर करीब 1:30 बजे वह लापता हो गई। काफी तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पिता ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में अनहोनी की आशंका जताकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### रोटरी क्लब ब्रास सिटी स्टार्स ने नए सदस्यों का किया स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी स्टार्स के तत्वाधान में शनिवार को रामगंगा विहार स्थित एक रेस्टोरेंट में थैंक्स गिविंग मीटिंग आयोजित की गई।

क्लब के नए सदस्यों को क्लब अध्यक्ष अक्षय जैन व उनकी टीम को शुभकामनाएं दीं। क्लब के सचिव भरत अग्रवाल ने पिछले साल किए गए कार्यों की जानकारी दी। गायक कमल ने अपनी मधुर आवाज से गीत सुनाकर समा बांध दिया। क्लब अध्यक्ष विदुर गर्ग, अर्ची गर्ग, क्लब सचिव भरत अग्रवाल, आयुषी अग्रवाल, क्लब ट्रेनर दिलीप रस्तोगी, नमिता रस्तोगी, मानिक रस्तोगी, ज्योति रस्तोगी, नितिन अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, शशांक, ऋचा शर्मा, अंकुर अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, अक्षय जैन, दिशा जैन, अनुज अग्रवाल, भारती अग्रवाल, अनुभव, रूही आदि सदस्य मौजूद रहे।

# खाने में जहर तो बिजली उपकरणों में छोड़ा करंट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न व हत्या के प्रयास में छह नामजद पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में विवाहिता द्वारा ससुराल पक्ष और एक महिला सब इंस्पेक्टर के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए दहेज उत्पीड़न, मारपीट और हत्या की साजिश की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

थाना कटघर क्षेत्र की पीतल नगरी कमला विहार निवासी कंचन उर्फ मानवी चौहान ने डीआईजी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 7 जुलाई 2021 को उसकी शादी अभय चौहान उर्फ मुकुल पुत्र मुकेश चौहान निवासी ढक्का वालाजी कॉलोनी थाना मझोला के साथ हुई थी। मायके वालों ने 22 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही पति अभय, ससुर मुकेश चौहान, सास नीतू चौहान, मौसेरी सास नीरू चौहान व ममेरा ससुर हिर्देश कुमार दहेज को लेकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। कार और प्लॉट न मिलने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता के अनुसार बाद में पंचायत के दौरान पिता ने 9 लाख रुपये कर्ज लेकर दिए। इसी सदमे में उसकी मां की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। उसे मारने की नीयत से खाने में धीमा जहर मिलाया गया और घर के बिजली उपकरणों में करंट छोड़ दिया गया, जिससे उसकी हत्या कर दी जाए।

9 जून को वह करंट से बाल-बाल बची। उसके 3 लाख के जेवर और मोबाइल भी छीन लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति अभय चौहान, ससुराल पक्ष के चार अन्य सदस्यों और सब इंस्पेक्टर पूजा राणा सहित कुल छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

#### तुम मेरा कुछ नहीं कर सकती, मैं पुलिस में हूं

आरोप लगाया कि पति का एक महिला सब इंस्पेक्टर के साथ अवैध संबंध है। जब पीड़िता ने सब इंस्पेक्टर से बात की तो उसने खुद को अभय की पत्नी बताकर धमकाया। कहा कि तुम मेरा कुछ नहीं कर सकती क्योंकि मैं पुलिस में हूं।

#### गर्भवती पत्नी से मारपीट, पति के खिलाफ एफआइआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्भवती के पेट में पति ने लात मारकर जमकर पिटाई की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना मझोला क्षेत्र के करूला पीर का बाजार निवासी कलीम की पत्नी शबाना ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह तीन माह की गर्भवती है और उसका पति आए दिन उससे मारपीट करता है। आरोप है कि शुक्रवार की दोपहर वह घर पर अकेली थी, तभी उसका पति आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने शबाना के पेट पर लात मार दी, जिससे वह गिर पड़ी और उसे ब्लीडिंग शुरू हो गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान पति ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। वह किसी तरह थाने पहुंची और शिकायत की। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# हंगामे के बीच दिल्ली रोड पर निगम की टीम ने हटवाया अतिक्रमण, जैन कार वर्ल्ड सीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- निगम के कार्य में आई रुकावट पुलिस बल पहुंचा
- टीम ने मझोला थाने में दी तहरीर, भेजी वीडियोग्राफी

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने शनिवार को दिल्ली रोड पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। कई वाशिंग सेंटर और बाइक व कार रिपेयरिंग करने वाले अवैध दुकानों को निगम की टीम ने जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। नियमों के घोर उल्लंघन पर टीम ने जैन कार वर्ल्ड को सीज कर दिया। वहीं एक वॉशिंग सेंटर पर 25 हजार रुपये का जुर्माना टीम ने लगाया।

अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार के नेतृत्व में नगर निगम के प्रवर्तन दल ने दिल्ली रोड पर सड़क की पटरियों व नाले पर किए निर्माण के अलावा अवैध रुप से संचालित वॉशिंग सेंटर और कार व बाइक रिपेयरिंग सेंटर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की। टीम के कार्रवाई के दौरान कुछ महिलाओं व पुरुषों ने हंगामा कर दिया। टीम के कार्य में हंगामे के चलते रुकावट आई। इस पर अपर नगर आयुक्त के निर्देश पर निगम के प्रवर्तन दल के सदस्यों ने मझोला थाने के प्रभारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर कार्रवाई व हंगामे के चलते कार्य प्रभावित होने के फोटो और वीडियो भेजा। इसके बाद पुलिस के पहुंचने पर हंगामा करने वालों को खदेड़ा गया। टीम ने अभियान के दौरान नियमों के उल्लंघन के चलते जैन कार वर्ल्ड प्रतिष्ठान को सीज कर दिया। इसके अलावा मदन हास्पिटल के पास संचालित एक वॉशिंग सेंटर पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाने के साथ ही निर्माण को भी हटाया।

टीम ने कार्रवाई के दौरान तीन कार व तीन बाइक जब्त कर स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि कार्रवाई के दौरान हंगामा करने वालों के खिलाफ मझोला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पत्र भेजा गया है। मझोला थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर पर कार्रवाई की फोटो व वीडियो भी भेजी गई है।



दिल्ली रोड पर अतिक्रमण हटवाती नगर निगम की टीम। • अमृत विचार

### पतंग में डोर की जगह बंधे तार में उतरे करंट से झुलसा बालक, गंभीर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के मंडी समिति लाइनपार एकता कॉलोनी निवासी 10 वर्षीय शुभम हाई टेंशन विद्युत लाइन के करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। परिवार के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया।

एकता कॉलोनी में बने मकानों की छत से छह फीट ऊपर से सीतापुरी विद्युत केंद्र से जा रही हाईटेंशन लाइन के तारों में फंसी पंतग की लटकी डोर को शुभम पुत्र रमेश के पकड़ते ही डोर में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आ गया। करंट से उसकी चीख निकलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, बताया कि पतंग में डोर की जगह लोहे का तार बंधा था। जिो पकड़ने से शुभम को करंट लग गया। उसके पिता के अनुसार बच्चे की हालत गंभीर है।

## बैठक में मोबाइल इस्तेमाल करने पर कांठ थाना प्रभारी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सुदेश पाल को मिली कांठ थाने की कमान, कई थाना प्रभारियों को सुधार लाने के निर्देश

**अमृत विचार:** शुक्रवार की रात ताजियों को लेकर थाना प्रभारियों के साथ ऑनलाइन बैठक के दौरान कांठ थाने के प्रभारी निरीक्षक ने मोबाइल इस्तेमाल कर लिया। यह देख एसएसपी सतपाल अंतिल भड़क गए और तुरंत ही इंस्पेक्टर विवेक शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया। इसके अलावा कई और इंस्पेक्टर से नाराजगी जाहिर करते हुए काम में सुधार लाने के निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर डीआइजी द्वारा निलंबित किए गए रामप्रसाद के स्थान पर इंस्पेक्टर रवींद्र कुमार को मझोला की कमान सौंपी गई है तो कांठ थाने का इंचार्ज सुदेशपाल को बनाया गया है।

दुष्कर्म पीड़ित का मुकदमा डीआइजी के आदेश के बाद भी देरी से दर्ज करने पर बीते गुरुवार की देर रात डीआइजी मुनिराज जी ने मझोला इंस्पेक्टर रामप्रसाद शर्मा को निलंबित कर दिया था। इस कार्रवाई के बाद पुलिस में खलबली मच गई थी। अब शुक्रवार की देर रात ताजियों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए एसएसपी सतपाल अंतिल सभी थाना प्रभारियों के साथ आनलाइन बैठक कर रहे थे। इसी बीच कांठ थाने के प्रभारी विवेक शर्मा मीटिंग के दौरान अपना मोबाइल चलाने लगे। जब एसएसपी ने इंस्पेक्टर को मोबाइल चलाते देखा तो वह भड़क गए। इसके बाद उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल इंस्पेक्टर विवेक शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया। इनके अलावा भी कई थानों प्रभारियों से नाराजगी जाहिर करते हुए काम में सुधार लाने के निर्देश दिए। पूरी मीटिंग के दौरान एसएसपी की नाराजगी साफ जाहिर हो रही थी। मीटिंग के बाद मझोला की कमान रवींद्र कुमार और कांठ थाने की जिम्मेदारी सुदेशपाल सिंह को दे दी।

### जिले की ग्राम पंचायतों की सीमा में नहीं होगा परिवर्तन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** प्रदेश के अन्य जिलों में अगले साल होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए ग्राम पंचायतों के परिसीमन की प्रक्रिया शनिवार से शुरु हुई। लेकिन मुरादाबाद में परिसीमन की प्रक्रिया नहीं हो रही है। क्योंकि यहां पर हाल में किसी भी शहरी क्षेत्र से सटे किसी गांव को शहर की सीमा में शामिल नहीं किया गया है।

जिले में कुल 643 ग्राम पंचायतें हैं। जिसमें अगले साल पंचायत चुनाव की प्रक्रिया चलेगी। लेकिन परिसीमन को लेकर यहां कोई हाय तौबा नहीं है। क्योंकि जिले की सभी ग्राम पंचायतों परिसीमन पूर्ववत रहेगा। जिलाधिकारी अनुज सिंह का कहना है कि शासन के निर्देश और गाइडलाइंस के अनुसार चुनाव की प्रक्रिया कराई जाएगी। परिसीमन की प्रक्रिया मुरादाबाद में नहीं चलेगी। क्योंकि सीमा क्षेत्र में कोई फेरबदल पिछले चुनाव से अब तक नहीं हुआ है।

## एक नजर

### खेत जोतने गए किसान पर हंसिये से जानलेवा हमला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर में खेत की जुताई करने गए किसान पर लाठी-डंडों और हंसिये से हमला कर घायल कर दिया। ट्रैक्टर में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर निवासी जगदीश सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह और पुत्र शगुन कुमार धान की बुआई के लिए ट्रैक्टर से खेत जोतने गया था। गांव के ही गिरिराज सिंह पुत्र तेजराम सिंह, निर्मला देवी पत्नी गिरिराज, मोहिनी पुत्री महेंद्र सिंह और किरन देवी पत्नी महेंद्र सिंह खेत पर पहुंचे और पिता-पुत्र पर लाठी-डंडों व हंसिये से हमला कर दिया। गालियां देते हुए ट्रैक्टर में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों ने उसपर हंसिये से वार किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद मोनू कुमार व इस्लामुद्दीन ने बीच-बचाव किया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावर पूर्व से ही उन्हें जमीन जोतने से रोकते आ रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। जगदीश सिंह ने मामले की तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। जिसपर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आठ शिकायतें आईं, दो का मौके पर निस्तारण

**कांठ, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में आठ फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेश पाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर उसकी निष्पक्ष रूप से मौके पर जाकर पहले जांच करें और इसके बाद शिकायत का निस्तारण करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा ने कहा कि ग्राम समाज की भूमि और सार्वजनिक चक रोड पर अगर किसी व्यक्ति ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है, तो उसे तत्काल हटाया जाए। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

### थाना प्रभारी निरीक्षक ने कार्यभार ग्रहण किया



**कांठ, अमृत विचार :** नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने थाना कांठ में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से आम जनता की सुरक्षा के लिए सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच सामजस्य बनाना और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना एवं पीड़ितों को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। एसएसपी सतपाल अंतिल ने थाना कांठ के प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया है।

### गाली देने का विरोध करने पर दंपती को घर में घुसकर मारा

**बिलारी, अमृत :** कोतवाली क्षेत्र के कनोबी गांव कश्मीरा पत्नी बाबूराम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 25 जून की शाम 7:00 बजे वह अपने घर में थी। बताया कि इसी दौरान गांव के ही रवि, कुनाल और भीकम उसके घर के बाहर गंदी गालियां देने लगे। आरोप लगाया कि जब उसने गाली देने का विरोध किया तब तीनों ने एक साथ मिलकर उससे और उसके पति को घर में घुसकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर अन्य लोग मौके पर पहुंचे जिन्होंने बमुश्किल बचाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भोजपुर के गांव रुस्तमपुर तीगरी में मौजूद रहे केंद्रीय जांच आयोग के अध्यक्ष

# एसडीओ ने चौपाल लगाकर सुनीं बिजली की समस्याएं

संवाददाता, भोजपुर

- तीन दिन में सभी समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए

**अमृत विचार :** बिजली कटौती और बिलिंग की समस्याएं व उनका समाधान करने के लिए केंद्रीय जांच आयोग के अध्यक्ष की मौजूदगी में एसडीओ पीपलसाना व जेई ने शनिवार को रुस्तमपुर तीगरी में जन चौपाल लगाई। इस दौरान भारी संख्या में लोग इकट्ठे हुए और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

पूर्व प्रधान नाजिर पाशा के आवास पर आयोजित चौपाल में केंद्रीय जांच आयोग के अध्यक्ष सोहेल खान की उपस्थिति में पीपलसाना विद्युत उप केंद्र पर तैनात एसडीओ अंकित व जेई आरबी कुशवाह ने ग्राम रुस्तमपुर तिगरी में बिजली से संबंधित समस्याओं को सुना। शराफत अली ,खिलाफत, मौहम्मद अजीम, इब्ने अली ,मौलाना कारी, अब्दुल मुतालिब, मोहम्मद रिजवान, राकेश कुमार ,चरण सिंह, मोहम्मद याकूब, अशरफ अली, शमीम चौधरी, अखलाक अहमद ,ताहिर मुल्लाजी, मुनाजिर अली , मौहम्मद तय्यब, मकसूद अली, खलील मेंबर आदि ने बिजली कटौती, लो वोल्टेज, बिलों में भारी गड़बड़ियां होने की शिकायतें रखीं। एसडीओ अंकित ने ग्रामीणों की समस्याएं अवर अभियंता कुशवाहा को नोट कराईं और तीन दिन में सभी समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि विभाग उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए 24 घंटे तैयार है। उन्होंने ग्रामीणों से बिलों का समय से भुगतान व बिजली चोरी नही करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी के कारण कनेक्शन धारकों को नियमित बिजली नहीं मिलती साथ ही वोल्टेज भी डाउन होते हैं।



समस्याएं सुनते एसडीओ, जेई व मौजूद केंद्रीय जांच आयोग के अध्यक्ष।

# इटावा की घटना के विरोध में अहीर रेजिमेंट का धरना

## प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कोतवाली प्रभारी को सौंपा


संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** इटावा जिले के बकेवर थाना क्षेत्र के गांव दांदरपुर में कथा व्यास व उनकी टीम के साथ हुई घटना के विरोध में शनिवार को अहीर रेजीमेंट व भारतीय परिवार संगठन के पदाधिकारी गांधी पार्क पर पहुंचे। जहां उन्होंने धरना प्रदर्शन करके घटना का विरोध किया।

पदाधिकारियों ने गांधी पार्क पर धरना प्रदर्शन कर कहा कि कथावाचक व उनके सहायक के साथ मारपीट की गई और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां दी गई। उनका मुंडन भी किया गया।जिसकी घोर निंदा की गई। इस बीच नारेबाजी करते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को गिरफ्तार कार्रवाई की जाए। पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए, दोषियों को जल्द सजा दी जाए और फास्ट ट्रेक कोर्ट में केस चलाया जाए।

- मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को गिरफ्तार करने की उठाई मांग

वही आरोपियों द्वारा पैर छुआकर गांव में सार्वजनिक तौर पर माफी भी मंगवा ली जाए। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा को सौंपा गया। ज्ञापन देने वालों में राज यादव, अमित यादव, अंकित यादव, लवलेश यादव, मोनू यादव, देवेंद्र यादव, सचिन यादव, बृजेश यादव, सौरभ यादव, अशोक यादव, बलेश यादव, वीरेश यादव, आदि सहित अनेकों पदाधिकारी मौजूद रहे।



गांधी पार्क में धरने पर बैठे अहीर रेजिमेंट के पदाधिकारी। • अमृत विचार

# ग्रामीण विद्यालय संघ के विस्तार का प्रस्ताव पारित

कार्यालय संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** क्षेत्र में स्थित इमामुद्दीन तुर्की मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में ग्रामीण विद्यालय संघ के तत्वाधान शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के समारोह का आयोजन किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि संघ का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना ही नहीं बल्कि छात्रों को संस्कार बनाना भी है। उन्होंने आह्वान किया की वह विद्यालय एवं अध्यापकों के समक्ष आने बाली बाधाओं को दूर करने का प्रयास व्यक्तिगत स्तर पर करेंगे। संस्थापक एच आर सनी ने कहा कि छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हें खेल कूद कला संस्कृति आदि में भाग लेने का अवसर प्रदान करना चाहिए। जिलाध्यक्ष आरिफ पाशा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले मदरसे, प्राइमरी, जूनियर, हाई स्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं इंटरमीडिएट कॉलेजों को एक साथ चलाकर शिक्षा की अलख जगाना जरूरी है। संस्थापक सदस्य अरविंद कुमार मैथिल ने कहा कि संघ का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण देना है। इस दौरान नवाब हुसैन, अमर सिंह सैनी, हाजी अतीक अहमद, नवनीत अग्रवाल, नफीस उल हसन फौजी, हाजी अतीक अहमद , नवाब हुसैन सिंह सैनी मौजूद रहे।



कार्यक्रममें मौजूद स्कूलों के प्रबंधक-प्रधानाचार्य। • अमृत विचार

# 17 शिकायतें आईं , तीन का मौके पर किया निस्तारण

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस में ग्रामीण शिकायतों का समाधान कराने पहुंचे। जिसमें ज्यादातर शिकायतें राजस्व विभाग की रही। जिन्हें तत्काल ही निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

शनिवार को कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने शिकायतें सुनी । जिसमें उन्होंने तत्काल ही संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायत को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने की निर्देश दिए।

दिवस में जाकर राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें रही । जिसमें चकरोड, अवैध कब्जा नाली से संबंधित विवाद रहे दिवस में कुल 17 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से तीन शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने कहा कि अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर मौके पर भेज कर गुणवत्ता के साथ शिकायतों के निस्तारण के सख्त निर्देश दिए गए हैं ,हर हाल में शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए हैं । इस दौरान अपराध निरीक्षक जयदेव सिंह यादव के अलावा कानूनगो लेखपाल और पुलिस मौजूद रही।

- थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग की रही ज्यादातर शिकायतें



थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनते थाना प्रभारी अमरनाथ वर्मा। • अमृत विचार

### जांच कर निस्तारण के लिए टीम गठित



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को कोतवाली परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें 9 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराई। मौके पर किसी का निस्तारण नही हो पाया। जिसके बाद शिकायतों की जांच कर निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों की टीम गठित की गई। एसडीएम प्रीति सिंह की अध्यक्षता में हुए आयोजन में डिप्टी एसपी रुद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। इस दौरान कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह, एसएसआई ब्रजेंद्र सिंह, लेखपाल राधेश्याम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

# सर्वाधिक राज्यकर जमा करने वाले व्यापारियों का सम्मान



व्यापारियों को सम्मानित करते नगर विधायक रितेश गुप्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- नगर विधायक ने महानगर के व्यापारियों को भामाशाह पुरस्कार से नवाजा

**अमृत विचार :** वाणिज्यकर कार्यालय में महान दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर व्यापारिक कल्याण दिवस मनाया गया। भामाशाह के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में महानगर के सर्वाधिक राज्य कर जमा करने वाले व्यापारियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता ने सम्मानित किया।

शनिवार को वाणिज्य कर विभाग की और से व्यापारियों वर्ग में सर्वाधिक राज्यकर जमा करने वाले व्यापारियों के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रितेश गुप्ता ने भामाशाह पुरस्कार से कई व्यापारी संगठनों के व्यापारियों में आकांक्षा ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड अर्जुन बसु ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड रामेश्वर ऑटो स्पेयर मां डेवलपर्स एंड इंजीनियर्स रन मोटर्स को भामाशाह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# इंसानियत के रूप में जिंदा हैं इमाम हुसैन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महानगर के अलग-अलग इमामबाड़ों में सुबह से शाम तक हो रही मजलिस

**अमृत विचार :** मुहर्रम की दूसरी तारीख पर महानगर के अलग-अलग इमामबाड़ों में मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें उलमा ने कर्बला और इमाम हुसैन की शहादत की दास्तां सुनाई तो अजादारों की आंखों में आंसू आ गए।

शनिवार की सुबह पहले मजलिस लाकड़ी वालान स्थित मरहूम अली यावर नकवी के मकान पर हुई। मजलिस को मौलाना हसन मुज्तबा साहब ने खिताब किया। मजलिस से पूर्व हाजी शबी हैदर साहब ने मर्सिया ख्वानी की। मौलाना हसन मुज्तबा ने कहा कि कर्बला में इमाम हुसैन पर हुए जुल्म का जिक्र किया। कर्बला में जिस तरह यजीद ने इमाम हुसैन और उनके चाहने वालों पर जुल्म किया, उससे यह प्रतीत होता है कि वो किस तरह से इस्लाम का दुश्मन था और वह इंसानियत को खत्म करना चाहता था। मौलाना ने कहा कि यही वजह है आज तक किसी ने भी अपने बच्चों का नाम यजीद नहीं रखा और हुसैन शहीद होने के बाद भी हर दिल में इंसानियत के रूप मे जिंदा है। कर्बला में हुई यजीद की ज्यादतियों को सुनकर अजादरों के आंसू छलक आए। इस दौरान हाय हुसैना की सदाएं बुलंद होने लगी। मजलिस के बाद आसिम यावर ने नोहा पड़ा। जिसमें आजादरों ने मातम किया। वहीं दूसरी मजलिस चौमुखापुल स्थित इमामबाड़ा मीर सआदत अली पर हुई। यहां भी आजादारों ने मजलिस के दौरान मातम भी किया। तीसरी मजलिस मोहल्ला लाकड़ीवालान में इमाम बाड़ा हकीम फरजंद अली में हुई। इस दौरान डॉ. तनवीर, हाजी नसीम हैदर जैदी, हाजी कायम हसनैन, मोहम्मद अब्बास, सुहैल अहमद रिज़वी, जावेद यावर, गुलरेज हैदर, मोहम्मद आलम आब्दी, नवेद यावर, काशिफ अली, अनवर प्रिंस, आसिफ रजा, गौहर मिर्जा, जाफर अब्बास, मोहम्मद आलम समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# मजलिसों का सिलसिला जारी



मजलिस में खिताब करते मौलाना व मौजूद बड़ी संख्या में लोग। • अमृत विचार

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार :** नगर पंचायत के शिया समुदाय में मजलिसों का सिलसिला जारी है। मोहल्ला सराय फारुख के अजाखाना पंजेतनी में मौलाना डॉ. मंजर अली आरफी ने खिताब करते हुए कहा कि इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम दो मोहर्रम सन् 61 हिजरी को वारिदे कर्बला हुए। जैसे इमाम हुसैन कर्बला की जमीन पर पहुंचे तो इमाम हुसैन का घोड़ा रुक गया। इमाम हुसैन ने कई घोड़े बदले लेकिन एक भी घोड़ा जमीनें कर्बला से आगे नहीं बढ़ा। इमाम हुसैन ने लोगों से पूछा कि इस ज़मीन का क्या नाम हैं। किसी ने कहा इसे गाज़ारिया किसी ने कहा इसे नैनवा कहते हैं। आखिर में किसी ने कहा इसे कर्बला भी कहते है। कर्बला का नाम सुनना था कि इमाम बोले यह हमारी मंजिल यही है। इस दौरान आदिल नक़वी, नावेद हैदर, आज़म नक़वी, असलम नक़वी, सरताज अली, नवाब मियां , राहिल नक़वी, नैय्यर अब्बास नक़वी, दानिश रज़ा, ऐजाज़ हुसैन, कमर नक़वी, आदि लोग आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### छापेमारी का विरोध, उर्वरक व्यापारियों ने बंद रखें प्रतिष्ठान



**बिलारी, अमृत विचार :** नगर व देहात क्षेत्र में संचालित उर्वरक बिक्री केंद्रों एवं रासायनिक कीटनाशक दवाएं की दुकानों पर डीएम अनुज सिंह के आदेश पर जिला कृषि अधिकारी राजेंद्र पाल ने टीम बनाकर जनपद में स्थापित उर्वरक बिक्री केंद्रों पर छापेमारी की गई। व्यापारियों ने उत्पीड़न के विरोध में नगर व देहात क्षेत्र में अपनी अपनी दुकान बंद रखी और विरोध प्रदर्शन किया। नगर के व्यापारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट एक वेंकट हाल में एकत्र होकर एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने सरकारी अधिकारियों द्वारा आकस्मिक छापेमारी का पुरजोर विरोध किया कि यह व्यापारियों के साथ अन्याय हो रहा है इसी को लेकर उन्होंने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। जिसके कारण नगर व देहात क्षेत्र में कीटनाशक बा उर्वरक आदि के लिए भटकते हुए दिखाई दिए। उर्वरक केंद्र स्वामियों का कहना है कि जब तक सरकार दुकानदारों का उत्पीड़न बंद नहीं करती तब तक हम लोग अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे सरकार की मनमानी नहीं चलने देंगे। इस दौरान उर्वरक केंद्र व्यापारियों में मुख्य श्रीकांत गुप्ता, करन सिंह सैनी, विशाल क्वात्रा, फूल सिंह सैनी ,कुशल चौधरी, यूनुस सैफी, मोबिन, कल्लू सिंह, अवनीश कुमार शर्मा, शाने आलम, गौरव चौधरी, चौधरी शिशुपाल सिंह, मारूफ ,विवेक कुमार ,कुलदीप सरदार जी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### रोडवेज बस चालकों की मनमानी से लगा जाम



**कांठ, अमृत विचार :** पुराने रोडवेज बस स्टैंड पर मनमानी का खेल चल रहा है। आदेशों का उल्लंघन कर बसें बीच सड़क पर खड़ी की जा रही हैं। इससे जाम लगता है और इसका असर पूरे नगर पर पड़ता है। जिसके चलते राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से ही पुराने बसस्टेण्ड पर रोडवेज बसें बीच सड़क पर रुकना शुरू हो जाती हैं जो पुराने रोडवेज पर आडी तिरछी खड़ी रहती हैं । बस चालकों की मनमानी से कई किलोमीटर तक लम्बा जाम लग जाता है। भीषण गर्मी में जाम के कारण राहगीरों को अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस चालकों द्वारा बसों को आड़ा-तिरछा करके सड़क पर खड़ा कर दिया जाता है। जिसके चलते पूरे दिन जाम के हालात बने रहते है। जाम के कारण रुके वाहनों की संख्या अधिक हो जाती है। प्रशासन द्वारा अब तक कई रोडवेज बसों का चालान कर दिया है। चालक परिचालकों को निर्देशों के बारे में बताया गया फिर भी वे मनमानी कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्राइवेट बसें और डग्गामार वाहन खड़े रहते हैं। यह डग्गामार वाहन अन्य जगहों के लिए सवारियां भर कर ले जाते हैं। इनकी देखादेखी रोडवेज बस चालक भी नए बस स्टैंड परिसर के बजाये पुराने बस स्टैंड पर ही बसें खड़ी कर सवारियां भरते हैं। इससे हर समय यहां जाम के हालात बने रहते हैं।

### मच्छर जनित बीमारियों से बचाव को बरतें सतर्कता

**भोजपुर, अमृत विचार :** शनिवार से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता के लिए भगतपुर टांडा ब्लॉक सभागार में शिक्षकों, प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम पंचायत सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। शनिवार को हुई बैठक में सीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ मो. असलम ने अभियान को सफल बनाने के लिए गांव स्तर पर जागरुकता रैली निकालने, साफ सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रखने का आह्वान किया। खंड विकास अधिकारी अमर सिंह ने गांव में अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों को लगाकर नालों की सफाई कराने, जलभराव नही होने देने, झाड़ियों की कटाई कराने, नाली नालों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराने एवं फॉगिंग मशीन नियमित रूप से चलाने को कहा। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में नालों की सफाई नही होने से पानी जमा हो जाता है जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ ही वायरल बुखार, मलेरिया, डायरिया आदि रोग पैर पसार लेते हैं। इससे निपटने के लिए आज से ही विशेष सतर्कता बरतें। बैठक में शकील प्रधान, नौरंग प्रधान, आरिफ प्रधान, जिले हसन प्रधान, खिलाफत आदि ने भाग लिया। संचालन एडीओ पंचायत मनोज कुमार ने किया।

### दो बहनें लापता, पड़ोसी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में बाजार से सामान लेने गई दो सगी बहने अचानक लापता हो गई। दोनों बहनों की मां ने पड़ोसी युवक पर बहलाफुसला कर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। जिसके बाद पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर मझोला थाना पुलिस ने पड़ोसी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना मझोला क्षेत्र में रहने वाली महिला ने एसएसपी को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि दो बेटी, जिसमें एक बालिग और एक नाबालिग है। बीती 22 जून की दोपहर घरेलू सामान लेने के लिए बाजार गई थीं, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटीं। जब काफी तलाश के बाद कोई सुराग नहीं मिला तो 24 जून को कमलेश थाना मझोला पहुंची और पुलिस को दोनों बेटियों के गुम होने की जानकारी दी। आरोप है कि पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बजाय उन्हें थाने से भगा दिया। बाद में पड़ोसियों से पता चला कि मोहल्ले में रहने वाला युवक रंजीत सैनी दोनों बहनों को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। और खुद भी अपने घर से फरार है। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसकी बड़ी बेटी की हाल ही में गोद भराई हो चुकी थी और शादी की तैयारी के लिए उसने बैंक से 5 लाख रुपये निकालकर घर में रखे थे। आरोप है कि दोनों बेटियां मंगलसूत्र, कुंडल और नकदी लेकर गायब हुई हैं। पीड़िता ने आशंका जताई है कि उसकी बेटियों के साथ कोई अप्रिय घटना भी हो सकती है। जिसके बाद पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर थाना मझोला पुलिस ने नामजद आरोपी रंजीत सैनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों लड़कियों की तलाश कर रही है।

### बैठक कर सौंपी शक्ति केंद्र की जिम्मेदारी



**छजलैट, अमृत विचार :** शनिवार को मंडल छजलैट में बैठक की गई जिसमें कार्यकर्ताओं को प्रत्येक शक्ति केंद्र की जिम्मेदारी दी गई। कल होने वाले मन की बात व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को विस्तार पूर्वक बताया गया। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ प्रकोष्ठ नागरिक चौधरी हुकम सिंह जी, मण्डल अध्यक्ष आंचल चौधरी, महामंत्री विश्वेश्वर प्रसाद शर्मा जी ,संजीव चौधरी जी जितेंद्र चौधरी जी पुष्पेंद्र चौधरी ,जी की रिछपाल जी, निरंजन सिंह जी पुष्पेंद्र, सिम्मी, अंकित गुप्ता, अखिलेश बिश्नोई, सुभाष सिंह, अनिल दिवाकर मौजूद रहे।

### डायट प्राचार्य ने किया डॉ. अनिल यादव के शोध पत्र का विमोचन



**कांठ, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट ) कांठ के सभागार में शनिवार को आयोजित एक समारोह में डाइट के प्राचार्य एवं मंडलीय उप शिक्षा निदेशक ( बेसिक ) बुद्ध प्रिय सिंह ने डाइट के प्रवक्ता डॉ . अनिल यादव कि शोध पत्र का विमोचन किया। कार्यक्रम में डॉ . अनिल ने शोधकार्य में सहयोग करने वाले विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया।

# जिले में 823 अतिक्रमण पर चली जेसीबी

## सरकारी भूमि पर 40 से 60 वर्ष पुराना था निर्माण, सौंदर्यीकरण का काम होगा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शासनादेशों का पालन करते हुए जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के नेतृत्व में रामपुर जिले में सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को कब्जामुक्त कराने का अभियान जारी है। जिला प्रशासन ने अभी तक 823 अतिक्रमणों पर कार्रवाई करते हुए जमीन को कब्जामुक्त कराया है। इसमें कई सौ एकड़ सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि सड़कों के चौड़ीकरण के साथ सरकारी जमीनों पर सौंदर्यीकरण का काम तेजी से चल रहा है।

शहर में राधा सिनेमा रोड, गन्ना समिति, रोडवेज बस अड्डे के निकट, नवाब रेलवे स्टेशन के सामने के अलावा तहसीलों में भी अतिक्रमण पर जमकर बुलडोजर गरजा है। अधिकतर निर्माण 40 से 60 वर्ष पुराने थे, जिनमें पक्की दुकानें और मकान शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार लोक निर्माण विभाग, कारागार विभाग, शिक्षा विभाग, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग, सिंचाई विभाग सहित अन्य सरकारी विभागों की जमीनों पर लोगों ने पक्के निर्माण कराए थे। गन्ना समिति के सामने राम-रहीम पुल के निकट अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों के कारण सुबह-शाम जाम की स्थिति बनी रहती थी। अक्सर जाम में एंबुलेंस फंस जाती थीं। इसी प्रकार राधा रोड पर अतिक्रमण के कारण नैनीताल हाईवे जाम की चपेट में रहता था। नवाब स्टेशन के सामने लोगों ने टीन आदि लगाकर जूते, मोजे, बैल्ट, रेडीमेड कपड़े, जूस, बार्बर आदि की दुकानें लगा ली थीं। जिलाधिकारी ने बताया कि शहर में सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है, सभी जगहों पर पौधरोपण और निर्माण चल रहा है। जल्दी शहर से लेकर देहात तक सड़कों का चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण देखने को मिलेगा।



अवैध निर्माण को तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार



अवैध निर्माण को तोड़ती मशीन।

● **राधा सिनेमा रोड, गन्ना समिति, रोडवेज, नवाब रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगह हुई खाली**

"जिले में सरकारी भूमि पर कब्जा कर बनाए 823 दुकानों और मकानों से सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। जिसमें जनता का पूरा सहयोग मिला है, आगे भी अतिक्रमण से कब्जामुक्त कराने का अभियान जारी रहेगा। रामपुरवासियों से आगे भी पूरे सहयोग की उम्मीद है।
– **जोगिंदर सिंह**, जिलाधिकारी

### यहां से हटाया अतिक्रमण

राधा रोड से कारागार विभाग की जमीन से 98 दुकानें धवस्त कराईं जो 40-45 साल से अतिक्रमण था। गन्ना समिति की जमीन से 50-55 साल पुरानी 45 दुकानें, रोडवेज बस अड्डे के सामने 40-42 साल पुराने 17 दुकानें, नवाब रेलवे स्टेशन के सामने 40-42 साल पुरानी 32 दुकानें, शिवि सिनेमा के सामने 40-45 साल पुरानी 18 दुकानें, एनएचएआई की जगह से 100 मकान व दुकानें, नगर पालिका पहाड़ी गेट 28 दुकानें, राजकीय इंटर कॉलेज टांडा शिक्षा विभाग की जमीन से 30-35 साल पुरानी 24 दुकानें, सिंचाई विभाग टांडा की जमीन से 13 पक्की व 11 खोखे, उद्यान विभाग केमरी 41 दुकानें, थाना केमरी में 3 दुकानें, सहकारिता केमरी 6 दुकानें, ब्लॉक शाहबाद के सामने 40 साल पुरानी 26 दुकानें, शाहबाद की जमीन से 50-60 पुराने अतिक्रमण से 69 दुकानें, 03 मकान, लोनिवि, नरपतनगर से 30-40 साल पुराने 200 मकान व दुकानें, लोनिवि, बिजारखाता 30-40 साल पुराने 46 मकान व दुकानें, मिलक में 40-42 साल पुरानी 23 दुकानें, लोनिवि पटवाई 40-45 साल पुरानी 28 मकान व दुकानों से जमीन से खाली कराई।

## एक नजर

### पोषाहार लाभ लेने के लिए ईकेवाईसी जरूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जायसवाल ने बताया कि पोषाहार वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए विभाग द्वारा प्रत्येक लाभार्थी की ईकेवाईसी, चेहरा प्रमाणिकरण के निर्देश दिए हैं। इस के लिए लाभार्थी को अपने आधार कार्ड के साथ आंगनबाडी केंद्र पर जाना होगा। केंद्र पर पंजीकृत समस्त लाभार्थियों का ईकेवाईसी एवं चेहरा प्रमाणिकरण का कार्य आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा किया जा रहा है। जिन लाभार्थियों को ईकेवाईसी एवं चेहरा प्रमाणिकरण का कार्य पूर्ण हो जाएगा। विभाग द्वारा उन्हीं लाभार्थियों को पोषाहार की आपूर्ति की जाएगी।

### आपत्तिजनक टिप्पणी के दो आरोपी गिरफ्तार

**मिलक, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के दो मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। मिलक पुलिस को कुछ लोगों ने फेसबुक पर ब्राह्मण, हिन्दू समाज के प्रति अभद्र पोस्ट कर हिन्दू समाज को अपमानित करने का कार्य करना, जिससे समाज में जातीय द्वेष की भावना उत्पन्न होने की शिकायत थी। उसके बाद पुलिस द्वारा दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस जांच के बाद आरोपी नन्दन और ओम आनन्द को गिरफ्तार करके विधिक कार्रवाई की है।

### यूपी एमआईपी पोर्टल पर कराए पंजीकरण

**रामपुर, अमृत विचार :** अधीक्षक राजकीय उद्यान ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा जनपद में संचालित पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रोइरीगेशन के तहत वर्ष 2025-26 के लिए 1542 हेक्टेयर भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के तहत सूक्ष्म सिंचाई के संयंत्रों की स्थापना के लिए इकाई लागत का 80-90 प्रतिशत अनुदान देय है। उन्होंने बताया कि जिन कृषकों को अपनी निजी भूमि पर ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर व पोर्टेबल स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति स्थापित कराना चाहते है, वह यूपी एमआईपी पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### दो परिवार हुए एक विवाद सुलझाया

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के निर्देशन पर महिला थाने में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन हुआ। जिसमें पति पत्नी के विवादों में काउंसिलिंग कराई गई। इस दौरान अनुभवी परामर्शदाता, अवतार सिंह, नीना साहनी, मीना सिंह उपस्थित रहे। काउंसलिंग के दौरान 15 प्रकरणों को समिति द्वारा सुना। जिसमें 2 प्रकरण में समझौता हो गया। दोनों परिवारों के बीच विवाद सुलझने के बाद एक साथ रहने को राजी हो गए। 4 प्रार्थना पत्र निरस्त हुए। 3 पत्रावली अग्रिम कार्रवाई के लिए विधिक न्यायालय प्रेषित की। 6 प्रार्थना पत्र में अग्रिम तिथि नियत कर समझौते का प्रयास किया जा रहा है।

### 3 दिन बंद रहेगी बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता पीके शर्मा ने बताया कि 33 केवी विद्युत उपकेंद्र अजीतपुर दो में पोषित 11 किलोवाट केवी रायपुर 2, फीडर पर पीडब्लूडी द्वारा मार्ग चौड़ीकरण का कार्य के तहत विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। इस कारण 29, 30 जून और एक जुलाई को सुबह 5 बजे से 10 बजे तक 11 केवी रायपुर 2 फीडर आंशिक रूप से शाहबाद रोड बाईपास से आगे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जिस कारण संबंधित क्षेत्र शाहबाद रोड बाईपास से आगे ग्राम शादी की मढ़ैया, रायपुर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# शाहबाद गेट पर दुकानदारों ने स्वयं तोड़ा अवैध निर्माण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शाहबाद गेट पर दुकानदारों ने शनिवार दोपहर मजदूर लगाकर स्वयं अतिक्रमण को ध्वस्त कर लिया। पालिका अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदारों को नोटिस दिया था।

शाहबाद गेट की मस्जिद के बराबर फजले नबी खां का होटल अतिक्रमण कर बनाया गया था। फजले नबी खां के पुत्र रेहान खां ने बताया कि पालिका अधिकारियों से बातचीत हो गई थी और अतिक्रमण को स्वयं हटाने को लेकर सहमति बनी थी। शनिवार दोपहर होटल स्वामी ने मजदूर लगवाकर अतिक्रमण को ध्वस्त कराना शुरू कर दिया। रेहान खां ने बताया कि होटल 5 फीट अतिक्रमण कर बनाया गया था। जबकि, पालिका के नोडल अधिकारी मोहम्मद अफजल समीर ने बताया कि 10-11 फीट जगह पर अतिक्रमण है। शाहबाद की सड़क की चौड़ाई पालिका के दस्तावेजों में दर्ज है, उसके अनुसार अतिक्रमण को साफ करा दिया जाएगा। अधिशासी अधिकारी पालिका दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि सरकारी भूमि पर जहां अतिक्रमण किया गया है लोग स्वयं अतिक्रमण साफ कर दें।



शाहबाद गेट के निकट तोड़ा अतिक्रमण।

## लॉ के छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा नशीली दवा से मुक्त विश्व की दिशा में वैश्विक कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करने के लिए नशीली दवाओं के दुरुपयोग को लेकर लॉ छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली।

अवैध तस्करी के खिलाफ नालसा द्वारा ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन ड्रग फ्री इंडिया स्कीम 2025 की शुरुआत की गई है। दीक्षित कॉलेज के लॉ स्टूडेंट्स द्वारा आम जनमानस को जागरूकता के लिए प्रभात फेरी व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें मुहिम डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोर दिया। इनमे वे लोग भी शामिल होंगे, जिन्होंने जेएजे के रूप में कार्य किया है। साथ ही कानूनी जागरूकता, सामुदायिक पहुंच और कानूनी सेवाओं में सहायता के लिए पैरा लीगल वालंटियर के रूप में भूतपूर्व सैनिकों को पैनल में शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया है।

# सील के बाद भी निर्माण किया आरडीए ने दोबारा की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) की टीम ने रामपुर-बरेली मार्ग पर 334.44 वर्ग मीटर पर बने अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्रवाई की। इससे पहले भी 21 जून 2019 को इस भवन पर सीलिंग की कार्रवाई की गई थी, लेकिन इसके बावजूद यहां निर्माण का काम जारी था।

आरडीए के सहायक अभियंता मनोज कुमार सिसौदिया ने बताया कि इस्माइल अहमद व मोहम्मद अहमद निवासी मोहल्ला घेर मीर बाज खां द्वारा रामपुर-बरेली मार्ग ग्राम शादीनगर निकट अहमदनगर जागीर की 334.44 वर्ग मी. भूमि पर सेटबैक प्रभावित कर भूतल प्रथम तल व द्वितीय तल का अवैध निर्माण कराया गया है। आरडीए द्वारा 19 जून 2019 को उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 26, 27 के तहत कारण बताओ तथा अनधिकृत निर्माण कार्य रोकने का नोटिस दिया था। लेकिन उनके द्वारा न तो निर्माण के सम्बन्ध में साक्ष्य व अभिलेख कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किए और न ही अवैध निर्माण को स्थल से स्वतः हटाया गया। बल्कि स्थल पर निरन्तर कार्य प्रगति में रखा गया। आरडीए उपाध्यक्ष द्वारा स्वीकृति के बाद 21 जून 2019 को निर्माण सील किया गया था। विपक्षियों द्वारा सील को क्षति पहुंचाते हुए वर्तमान में दुकानें निर्मित कर ली गईं। इसके बाद शनिवार को 6 साल बाद आरडीए द्वारा सीलिंग की कार्रवाई की गई। सीलिंग की कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण के सहायक अभियंता, अवर अभियंता जगदीश पाल सिंह, रवि शंकर सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

**मृत हिस्ट्रीशीटर का रिकॉर्ड किया नष्ट : रामपुर :** मेवाराम ग्राम सुहावा थाना शाहबाद की मृत्यु हो गई। जिसके सम्बन्ध में ग्राम प्रधान एवं परिजनों द्वारा थाना शाहबाद में तहरीर उपलब्ध कराई। जिसके बाद पुलिस ने थाने में उसकी फाइल नष्ट की।

## सार-संक्षेप

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान 31 तक चलेगा

**रामपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में 1 से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई 2025 के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अन्तर विभागीय समन्वय की बैठक हुई। बैठक में डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि माईक्रोप्लान के अनुसार कार्य सम्पादित कराए। जिस दिन किसी कारण वश कार्य नहीं हो पाता है, रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को जरूर दे दें और अगले दिन छूटे कार्य को अवश्य कर लें, ताकि कोई स्थान छूटने न पाए। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। तालाबों, नालों व नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं।

### स्कूलों को मर्ज नहीं किया जाए : रवेंद्र

**रामपुर, अमृत विचार :** शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेंद्र गंगवार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी से मुलाकात की और शिक्षकों की समस्याओं को रखा। गरीब बच्चों के भविष्य को देखते हुए विद्यालय मर्ज नहीं किए जाएं। ऐसे शिक्षक जिनको एक ही पद पर 10 वर्ष तक सेवा पूर्ण कर चुके हैं उनका चयन वेतनमान लगाया जाए। कई माह से लंबित एनपीएस कटौती की धनराशि जल्द से जल्द शिक्षकों के खातों में जमा हो। शिक्षक संगठनों के साथ बैठक आयोजित शिक्षकों के पोर्टल पर लंबित ऑनलाइन एरियर आवेदनों भुगतान हो प्रत्येक विद्यालय कम से कम दो शिक्षकों की तैनाती हो। इस मौके पर जिला महामंत्री विपेंद्र कुमार, डॉ. वसीम अहमद, अरविंद्र कुमार, अमरीश कुमार, विनोद कुमार रहे।



### शिविर लगाकर लोगों को पिलाया शर्बत



**भोट, अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी में हाईवे किनारे शिविर लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया। शनिवार को कांग्रेस के जिला महासचिव मोहम्मद उमर अल्वी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चिलचिल्लाती धूप व भीषण गर्मी के दौरान राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से शर्बत वितरित किया। भीषण गर्मी के बढ़ते प्रकोप तथा गर्म हवा से लोग परेशान हैं। मोहम्मद उमर अल्वी ने कहा कि जनता की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य है। इस दौरान इकरार हुसैन, शाहिद अली, महफूज, जिशान, मारूफ, निजाम मुकीम, रिजवान, नूर अहमद आदि मौजूद रहे।

### 40 टीबी रोगियों को बांटी किट

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर आईएमए प्रतिनिधि डॉ. पीके पुरोहित एवं डॉ. महमूद खान ने 40 टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरण की। शनिवार को कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में मिलने वाले पोषण आहार किट का वितरण डॉ. पीके पुरोहित एवं डॉ. महमूद खान ने किया। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्य मूर्ति तोमर, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश, डॉ. वरुण कुमार द्वारा टीबी के मरीजों को पोटली वितरित की। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश, डॉ. सत्य मूर्ति तोमर, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. वरुण कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में अखलाक पीपीएम कोर्डिनेटर, कामरान डीपीसी एवं जिला क्षयरोग केंद्र के कर्मचारियो का सहयोग भी रहा।



## चाउपुरा संपर्क मार्ग पर जलभराव से परेशानी

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर के चाउपुरा कुंदनपुर मार्ग पर गड्ढों में जलभराव हो जाने से ग्रामीणों का आवागमन दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से संपर्क मार्ग की हालत दुरुस्त कराने की मांग की है।

चाउपुरा होकर कुंदनपुर रहमतगंज को संपर्क देने वाला मार्ग आबादी में गड्ढों में तब्दील हो गया है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से घरों का दूषित पानी सड़क पर ठहर जाता है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले की शिकायत कई बार निर्माण विभाग से की गई, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने सड़क को दुरुस्त करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया है। जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण हरीश कुमार, वीरेंद्र सिंह, पवन कुमार, दिलीप कुमार, राकेश कुमार, ब्रह्मपाल सिंह आदि ने जिलाधिकारी से मार्ग दुरुस्त करने की मांग की है।

# परिसीमन शुरू, 69 गांव हो सकते हैं कम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **शासन को भेजी गांवों की सूची, 2026 में होने हैं पंचायत चुनाव**

**अमृत विचार :** पंचायत चुनाव वर्ष 2026 में अप्रैल-मई माह में होंगे, जिसके चलते चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। ग्राम पंचायतों के परिसीमन की प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गई है। 680 ग्राम पंचायतों में 69 गांव नगर पालिका में शामिल होने के कारण बाहर हो सकते हैं। 2026 में 611 ग्राम पंचायतों में ही चुनाव हो सकते हैं, हालांकि इस पर शासन की अंतिम मुहर लगनी बाकी है।

त्रिस्तरीय निर्वाचन प्रक्रिया के तहत ग्राम पंचायतों के परिसीमन का मुद्दा गूंज रहा था। शहरी क्षेत्र से सटे गांव हजरतपुर, बैजना, बैजनी, ठोठर, घाटमपुर समेत ब्लॉक चमरौआ के कई गांवों को नगर पालिका में शामिल किए जाने के लिए गांवों की सूची शासन को भेजी गई थी, लेकिन परिसीमन किए जाने पर फिलहाल मुहर नहीं लगी है। ग्राम पंचायतवार जनसंख्या का निर्धारण 28 से 30 जून के बीच होना है।

ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के वार्डों की सूची का प्रकाशन 1 से 3 जुलाई के बीच किया जाएगा। 4 से 9 जुलाई के बीच आपत्तियों का निस्तारण और वार्डों की अंतिम सूची का प्रकाशन 12 से 14 जुलाई के बीच होगा। मामले में जिला परियोजना प्रबंधक गजेंद्र पाल ने बताया कि जिले की ग्राम पंचायतों में फेरबदल होने की उम्मीद कम है। लेकिन फैसला शासन स्तर पर होना है, ऐसे में कुछ भी हो सकता है। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने शहर से सटे हुए 69 गांवों के नामों की सूची शासन को भेजी है।

इन गांवों को नगर पालिका और नगर पंचायतों में शामिल करने की तैयारी है। ऐसे में सभी की नजर परिसीमन पर है, गांवों में चुनावों की तैयारियां अभी से तेज हो गई हैं। अगर शासन की मुहर नहीं लगती है तो सभी 680 ग्राम पंचायतों में चुनाव होंगे।

### सिविल पेंशनर्स परिषद का चुनाव आज

**रामपुर, अमृत विचार :** उप्र राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद के महामंत्री हरीश चंद्र सक्सेना ने बताया कि पेंशनर्स परिषद का द्विवार्षिक सामान्य निर्वाचन 29 जून को सुबह 10 बजे से ज्ञान मंदिर पुस्तकालय में होगा। सुबह 10 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## लापरवाह आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सेवा समाप्त करें : डीएम

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यकत्री द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभार्थी का ईकेवाईसी व चेहरा प्रमाणीकरण की कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक में कहा कि जो आंगनबाड़ी कार्यकत्री लापरवाही करे, नियमानुसार नोटिस देते हुए उनकी सेवा समाप्त की जाएं।

बैठक में जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी संयुक्त रूप से न्याय पंचायत की समीक्षा करें। अभियान से पंचायत सहायकों को भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सहयोग के लिए निर्देश दें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जायसवाल आदि विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# स्कूलों के मर्जर पर रोक लगाए सरकार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरन सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने स्कूलों के मर्जर पर रोक सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि कम नामांकन वाले विद्यालयों को मर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों के मर्ज से गरीब, मजदूर, बेसहारा लोगों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे।

संघ के जिला मंत्री चरन सिंह ने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस कर दिया गया है, जिस कारण विद्यालय का शैक्षिक एवं प्रशासनिक कार्य प्रभावित होने की आशंका है। जनपदीय स्थानांतरण और समायोजन नीति के अंतर्गत छात्र संख्या के आधार पर अधिकतर विद्यालयों के सहायक अध्यापकों को सरप्लस दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में प्रत्येक कक्षा में सहायक अध्यापक का होना अनिवार्य है। यदि सरप्लस शिक्षकों को हटाया तो निपुण भारत मिशन का अभियान प्रभावित होगा। संघ सरप्लस प्रक्रिया को वापस लेने की मांग करता है। वहीं 10 वर्ष पूर्ण कर चुके शिक्षकों के समक्ष चयन वेतनमान का लाभ प्राप्त करने में आ रही व्यवहारिक समस्याओं का निराकरण करते हुए शीघ्र चयन वेतनमान का लाभ दिया जाए। सीसीएल, मैटरनिटी आदि अवकाशों का सरलीकरण कर लाभार्थी शिक्षकों को लाभ प्रदान किए के निर्देश दिए जाएं। शिक्षकों के एरियर का भुगतान कराएं। ज्ञापन देने वालों में नरेंद्र सैनी, रहमत अली, मनोज कुमार, अमितेश झा, प्रसन्न प्रकाश, गौरवदीप गुप्ता, सरदार राजेंद्र सिंह, सौरभ शर्मा, अनुसेंद्र सिंह चौहान, तरण उपाध्यय, विपिन कुमार, ऋषिपाल सिंह रामप्रसाद, दिनेश कुमार, प्रदीप गौतम, अकरम आदि मौजूद रहे।



बीएसए कल्पना देवी को ज्ञापन देते शिक्षक।

● **बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर की मांग**

## मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के लिए बैठक

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य के लिए प्रशिक्षण बैठक की गई। इसमें बिलासपुर विधानसभा के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सुपरवाइजरों व बीएलओ ने हिस्सा लिया।

तहसील सभागार में शनिवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए घर जाकर सत्यापन किया जाना है। मृतकों का नाम सूची से हटाने तथा नए मतदाताओं के नाम शामिल करने में लापरवाही न हो। सूचियों को आनलाइन अपडेट करने के बारे में बताया गया। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अन्य निर्देश भी दिए गए। इस दौरान तहसीलदार शिव कुमार शर्मा, एबीएसए राजेंद्र सिंह बोरा, एडीओ पंचायत सलीम हुसैन, गरिमा भटनागर, हुकुम सिंह, दिनेश सिंह, सत्यप्रकाश, रोहित सक्सेना रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Journalism/Mass Communication)
● BA (Hons.) in English
● BA (Hons.) in Political Science
● BA (Hons.) in Sociology
● BA (Hons.) in Economics
● BA (Hons.) in Psychology
● B. Lib.
PG Programs
● MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
● MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
● MA (Translation Studies)
● MA (Applied & Clinical Psychology)
● M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### युवकों ने बाइक सवार युवती से की छेड़खानी

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती का कहना है कि 27 जून को वह अपने भाई के साथ बाइक से बैंक को जा रही थी। तब रास्ते में अखलाक के आम के बाग पहले से खड़े मुरसलीम, जमशेद सहित 4 लोगों ने युवती को देखकर छेड़खानी कर दी। उसके बाद आरोपियों ने बाइक रोक ली। चारों लोगों ने युवती और युवक के भाई से गाली गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने 4 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### एसपी ने की पैदल गश्त

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव के साथ आगामी त्योहार, अपराध नियंत्रण, कानून, शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना टांडा क्षेत्र में पैदल गश्त की। भीड़ भाड़ वाले स्थानों एवं थाना स्वार-टांडा सीमा पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान उपजिलाधिकारी टांडा, क्षेत्राधिकारी टांडा एवं क्षेत्राधिकारी स्वार भी मौजूद रहे।

# ट्रक से टकराई कार, हेड कांस्टेबल की गई जान

## रामपुर के शाहबाद थाने में तैनात थे अनुज चिकारा

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर/रामपुर

**अमृत विचार :** बिजनौर-मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर शुक्रवार रात हादसे में हेड कांस्टेबल की जान चली गई। वह छुट्टी पर घर आए थे और किसी काम से कार से बिजनौर जा रहे थे। रास्ते में सड़क किनारे खड़े ट्रक में उनकी कार जा टकराई। मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।



अनुज चिकारा।

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मारूफपुर निवासी अनुज कुमार चिकारा (40) पुत्र ऋषिपाल सिंह 2011 बैच के सिपाही थे और वर्तमान में जनपद रामपुर के थाना शाहबाद में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। कुछ दिनों की छुट्टी पर अपने गांव आए थे। शुक्रवार रात अनुज अपनी सैंट्रो कार से बिजनौर की ओर जा रहे थे। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुरा के पास सामने से आ रहे किसी वाहन की रोशनी या अन्य कारणों से कार असंतुलित हो सड़क किनारे खराब खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और अनुज की मौके पर ही मौत हो गई। खबर मिलते ही परिजन बेहाल हो गए। बताया गया कि अनुज के एक भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। अब अनुज की मौत ने परिजनों को गहरा सदमा दिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जिस ट्रक से यह हादसा हुआ, वह किसी खराबी के कारण सड़क किनारे खड़ा किया गया था।

### एक सप्ताह की छुट्टी पर था अनुज

**शाहबाद, अमृत विचार :** हेड कांस्टेबल अनुज चिकारा की शाहबाद थाने में 11 दिसंबर 2024 को तैनाती हुई थी। वह किसी काम के कारण सात दिन का अवकाश लेकर लेकर घर चले गए थे। शनिवार को उनकी वापसी होनी थी, लेकिन उससे पहले ही उनकी बिजनौर के नूरपूर क्षेत्र में सड़क हादसे में मौत हो गई। जिला बिजनौर के थाना हीमपुर दीपा के गांव मारूफपुर निवासी अनुज 2011 बैच के सिपाही थे। 11 दिसंबर को उनकी तैनाती शाहबाद थाने में हेड कांस्टेबल के रूप में हुई थी। उसी के बाद से वह थाने में चल रहे थे। बताया जाता है कि घर में कोई काम आ जाने के कारण 21 से वह 28 जून तक का अवकाश लेकर चले गए थे, लेकिन सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी मौत की खबर के साथ जहां परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं थाने में जब उनके साथियों को पता चला तो सभी शोक में डूब गए।

# पेड़ से लटका मिला युवती का शव, नहीं हुई शिनाख्त

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** रामगंगा नदी के पास बंदे के समीप जंगल में पेड़ से युवती का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और उसके बाद फोरेंसिक टीम भी आ गई। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने आसपास गांव के लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शनिवार सुबह करीब 10 बजे क्षेत्र के रामगंगा नदी के बंदे के पास जटपुरा गांव के जंगल में ग्रामीण पशुओं के लिए चारा काटने गए थे। इसी दौरान ग्रामीण ने युवती के शव को पेड़ पर फंदे के सहारे लटका हुआ देखा। लोगों ने तुरंत जटपुरा गांव के प्रधान अंसार हुसैन को सूचना दी। इसके बाद प्रधान ने थाना प्रभारी हमबीर सिंह जादौन को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराई, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव व सीओ शाहबाद हर्षिता सिंह भी मौके पर पहुंच गए। शिनाख्त न होने पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती का शव पिछले 6 से 7 दिन से लटका होने एवं युवती की आयु 20 वर्ष की आयु होने का अनुमान है।

### हत्या या आत्महत्या

जंगल में युवती का शव मिलने के बाद मौके पर एकत्र हुई भीड़ में चर्चा होने लगी कि युवती फंदे से लटकी है, लेकिन उसके पैर जमीन पर ही टिके हुए हैं। लोगों का कहना है कि अगर युवती को आत्महत्या करनी ही होती तो वह अपने घर भी कर सकती थी। जंगल में अकेले आकर आत्महत्या करना हत्या करने की ओर इशारा करता है। लोगों का मानना है कि पहले युवती की कहीं ओर स्थान पर हत्या की गई है, उसके बाद उसे रस्सी के सहारे टांगा गया होगा।

> शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या है या आत्महत्या रिपोर्ट आने के बाद ही पता लग सकेगा। शव भी 4 से 6 दिन पुराना लग रहा है। शिनाख्त होने पर पूरा मामला सामने आएगा।
>
> -अतुल कुमार श्रीवास्तव, एएसपी

## सार संक्षेप

### रेलवे स्टेशन के पास चलती कार में लगी आग



**रामपुर, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के सामने चलती कार में अचानक आग लग गई। हरियाणा के सोनीपत निवासी पवन कुमार अपनी पत्नी के साथ नैनीताल घूमने के लिए जा रहे थे। शनिवार दोपहर जैसे ही उनकी कार रेलवे स्टेशन के सामने पहुंची तो कार के आगे इंजन से धुएं के साथ अचानक से आग की लपटें निकलने लगीं। उसके बाद कार स्वामी और उनकी पत्नी दोनों आनन फानन में कार से बाहर आ गए। उसके बाद राहगीर भी आ गए और आग को बुझाने लगे। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड के कर्मचारी पहुंच गए। उसके बाद आग को बुझाया। इस दौरान काफी देर तक मौके पर जाम लगा रहा, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ।

### सर्व सहयोग एक आस के जिला उपाध्यक्ष बने गोपाल

**रामपुर, अमृत विचार :** सर्व सहयोग एक आस फाउंडेशन के संगठन विस्तार हुआ है। जिसमें फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष संजीव दयाल सक्सेना ने गोपाल शर्मा को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि फाउंडेशन पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना के तहत चलाए जा रहे हर घर सोलर, घर-घर सोलर प्रोजेक्ट को लगातार जन-जन तक पहुंचा रहा है। जिले के अधिकतर घरों तक इस योजना का प्रचार किया जा चुका है और अब यह अभियान और तेज किया जाएगा।

### महिला से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया कि आरोपी अरमान से उसकी जान-पहचान थी। उसके बाद युवक धीरे-धीरे उसके करीब आता चला गया। उसको शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। 5 जून को पीड़िता ने परेशान होने के बाद आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। शनिवार को पुलिस ने सूचना पर फरार आरोपी अरमान को जमनी मोड़ से गदरपुर जाने वाले रोड से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### 9 ओवरलोड वाहनों को किया सीज

**रामपुर, अमृत विचार :** यात्रीकर अधिकारी होरीलाल वर्मा ने 27 व 28 जून को खनन निरीक्षक के साथ चलाए संयुक्त अभियान में 9 ओवरलोड खनन वाहनों पर कार्रवाई करते हुए थाना स्वार, मिलक खानम तथा अजीतपुर नगर थाने में सीज किया। यात्रीकर अधिकारी होरीलाल वर्मा ने बताया कि 27 व 28 जून की देर रात्रि में खनन निरीक्षक के साथ चलाए संयुक्त अभियान में 9 ओवरलोड खनन वाहनों पर कार्रवाई करते हुए थाना स्वार, मिलक खानम तथा अजीतपुर नगर थाने में सीज किया। इन वाहनों से शमन शुल्क के रूप में 6 लाख रुपये प्राप्त किए जाएंगे।



### एसपी ने मानवाधिकार के बारे में बताया

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने पुलिस लाइन में आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट को कक्षा में जाकर संबोधित किया। इसमें उन्होंने मानवाधिकार और उसकी अवधारणा, सकारात्मक सोच, प्रतिदिन पुलिस के सामने आने वाली चुनौतियां, उप्र पुलिस का ढांचा, ड्यूटी के प्रति सजगता, जेटीसी व आरटीसी ट्रेनिंग में व्यवहार एवं अनुशासन आदि से सम्बन्धित जानकारियां दी।

### फुंके ट्रांसफार्मर को सही कराने की मांग



**रामपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव सैय्यद विक्की मियां ने अवर अभियंता उपकेंद्र किला बिजली घर को बताया कि मोहल्ला चाह फतई निकट मजार चुप शाह मियां के पास लगा ट्रांसफार्मर शुक्रवार से खराब है। ट्रांसफार्मर से तेल निकल रहा है, जिसकी वजह से रात से मोहल्ले में बिजली नहीं है। विक्की मियां ने कहा कि लगातार ट्रांसफार्मर खराब होने कि शिकायत की जा रही है, लेकिन बिजली घर के कर्मी कोई सुध नहीं ले रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे बिजली विभाग ट्रांसफार्मर फुंकने का इंतजार कर रहा है। गर्मी में लोग बिजली नहीं आने से काफी परेशान है। बिजली की आंख मिचौली जारी है। ट्रांसफार्मर में दिक्कत आने से लोग और परेशान हो गए है। उन्होंने अवर अभियंता से जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर ठीक कराने की मांग की।



### हवन में श्रद्धालुओं ने दी आहुति

**रामपुर, अमृत विचार :** आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया के मौके पर शक्ति दरबार में पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने सूर्य भगवान को और पवन देव को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ किया। जिसमें भक्तों ने आहुतियां देकर कामनाएं पूर्ण करने के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर राम भरोसे लाल यादव, किशन लाल, श्वदेश ठाकुर, राजेंद्र सिंह, अनुरुद्ध राघव, केशव तिलक, राज, मुकुल रावत मौजूद रहे।

### चाह फतही का ट्रांसफार्मर दुरुस्त कराने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला चाह फतही निकट मजार चुपशाह मियां के पास लगा ट्रांसफार्मर खराब होने से विद्युत आपूर्ति ठप है। भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर खराब होने से लोग बेहाल हैं। कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां ने शनिवार को अवर अभियंता उपकेंद्र किला बिजली घर को ज्ञापन देकर विद्युत आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की है। कहा कि ट्रांसफार्मर की लीड जलने से उसमें से तेल बह रहा है।

### दिन में धूप खिली, शाम में गरज के साथ हुई बूंदाबांदी

**रामपुर, अमृत विचार :** मौसम वैज्ञानिक गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान जता रहे है। शनिवार को पूरे दिन आसमान में बादल उमड़ते-घुमड़ते रहे लेकिन हल्की बूंदाबांदी से लोगों को राहत मिली। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 3 जुलाई तक गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा और वज्रपात होने का अनुमान है। बताया कि सामान्य से अधिक वर्षा भी हो सकती है। 3 जुलाई तक तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। शनिवार को बादल पूरे दिन आसमान में अच्छी धूप के बीच उमड़ते-घुमड़ते रहे। उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे, शरीर से पसीना बहता रहा। शाम में शहर में हल्की बूंदाबांदी ने मौसम खुशगवार तो कर दिया। लेकिन अच्छी बारिश को लोग तरसते रहे। मौसम वैज्ञानिकों का दावा है कि मानसून ने पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को कवर कर लिया है लेकिन अच्छी बारिश नहीं हो रही है। हालांकि मौसम वैज्ञानिक बारिश होने का अनुमान जता रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. श्वेता सिंह बताती हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को मानसून ने कवर कर लिया है और बारिश के आसार हैं। मध्यम से भारी वर्षा, गरज-चमक, आकाशीय बिजली और तेज हवा की संभावना को देखते हुए किसान पशुओं को खुले स्थान या पेड़ों के नीचे न बांधें, जिससे पशुओं का आकाशीय बिजली से बचाव हो सके।

### महिला को परेशान करने में पति सहित दो पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि मेरा अपने पति अंकित सक्सेना से किसी बात को लेकर विवाद है। उसी के चलते मेरे पति ने मेरा अकाउंट हैक करके आईडी से अश्लील विडियो स्टोरीज व अश्लील मैसेज लोगों को भेजकर मेरी छवि को समाज में धूमिल किया जा रहा है। इस दौरान मेरे पिता को भी परेशान किया जा रहा है। पीड़िता ने काफी परेशान हो जाने के बाद सिविल लाइन थाने में शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने महिला के पति अंकित सक्सेना और महिला रिश्तेदार राशि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, अमरोहा (जिला-अमरोहा)

क्रमांक : 554/08/2025 | दिनांक : 28/06/2025

### अल्पकालिक निविदा सूचना

शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, अमरोहा राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि/बोर्ड फण्ड से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित करती है। इच्छुक ठेकेदार उक्त कार्य की सील बन्द निविदायें दिनांक 08/07/2025 अपरान्ह 03:00 बजे तक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद, अमरोहा में रख टेण्डर बॉक्स में डाल सकते हैं, जो उसी दिनांक को सायं 04:00 बजे नगर पालिका परिषद, अमरोहा की टैण्डर समिति द्वारा खोली जायेंगी। उक्त कार्य के निविदा फार्म दिनांक 07/07/2025 को पालिका के जलकल विभाग/ निर्माण विभाग द्वारा प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक विक्रय किये जायेंगे। निविदा स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अमरोहा में निहित है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय | अर्नेस्ट मनी | मूल्य टैंडर फार्म | सिक्योरिटी डिपॉजिट | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | मौहल्ला किशनगढ़ शास्त्री नगर में झा साहब के मकान से दीपक के प्लॉट तक सी.सी. सड़क व नाली निर्माण का कार्य। | 4,95,000.00 | 9900.00 | 900.00 | 39,600.00 | 30 दिन | E |
| 2. | मौहल्ला तकिया हुसैन शाह में पराग अग्रवाल व इमरान के मकान से अनीस के मकान तक इण्टर लॉकिंग टाईल्स सड़क व नाली निर्माण का कार्य। | 3,37,500.00 | 6800.00 | 900.00 | 27000.00 | 30 दिन | E |

**टैक्निकल बिड हेतु आवश्यक प्रपत्र :-**

1. निविदा प्रपत्र (टैण्डर फार्म) केवल उन्हीं निविदादाताओं को विक्रय किये जायेंगे, जो कार्य की धरोहर राशि नकद अथवा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अमरोहा के नाम बन्धक डाक घर की पास बुक/एन.एस.सी./बैंक की एफ.डी.आर./टी.डी.आर. के रूप में निविदा फार्म क्रय करते समय कार्यालय में जमा करेंगे।
2. अन्य नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अमरोहा | अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, अमरोहा



Admission Open | Session 2025-26

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU College of Management

UG Programs
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)

PG Programs
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH

Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# सोनकपुर के पूर्व प्रधान के घर से 27 लाख की चोरी

संवाददाता, स्वार/टांडा

**अमृत विचार :** थाना टांडा के गांव सोनकपुर के पूर्व प्रधान के घर में घुसकर चोर नकदी और आभूषण समेत 27 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पूर्व प्रधान ने चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। जिसके बाद से पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चोरी की वारदात थाना टांडा के गांव सोनकपुर की है। गांव के पूर्व प्रधान इरशाद अली परिजनों के साथ शुक्रवार रात अपने घर में सो रहे थे। रात को किसी समय चोर घर का फाटक फांद कर घर में घुस आए। चोर घर के कमरे में रखी 70 हजार रुपये की नकदी, 22 तोले सोने के आभूषण, 900 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोर जाते जाते पूर्व प्रधान के लॉकर में रखी नकदी, पैन कार्ड, आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड, एटीएम कार्ड, एक बैंक का भरा हुआ चेक भी साथ ले गए। शनिवार सुबह जाग होने पर परिजनों ने घर का मुख्य गेट व कमरे का दरवाजा खुला देखा तो पूर्व प्रधान को जगाया। कमरे के अंदर जाकर देखा तो सारा सामान गायब था। पूर्व प्रधान ने टांडा पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस में हड़कंप मच गया और घटनास्थल पर पहुंची और जांच की। ग्रामीणों का कहना है, गांव सोनकपुर की तहसील तो स्वार, थाना टांडा लगता है। वारदात होने पर टांडा पुलिस घंटों बाद पहुंचती है। बड़ा मामला होने पर तीन थानों की पुलिस पहुंच जाती है। पूर्व प्रधान ने चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। टांडा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया मामला संदिग्ध लग रहा है, मामले की गहनता से जांच चल रही है।

## डॉ. वीके शर्मा को 2 वर्ष के लिए चुना कॉर्डिनेटर

**बिलासपुर, अमृत विचार :** आयुष चिकित्सकों की राष्ट्रीय संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसो. नीमा की मेडिकल ऑफिसर्स कमेटी में डॉ. वीके शर्मा को दो वर्षों के लिए कॉर्डिनेटर चुना गया।



डॉ. वीके शर्मा।

सीएचसी में आयुष चिकित्सा अधिकारी एवं नीमा के शाखा सचिव डॉ. शर्मा एसो. की केंद्रीय परिषद के सदस्य भी हैं। बीते दिनों उन्हें नीमा की प्रदेश स्तरीय मेडिकल वेलफेयर कमेटी में सदस्य बनाया था। अब परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुलकर्णी ने नेशनल लेबल पर गठित मेडिकल ऑफीसर्स कमेटी में कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है। डॉ. शर्मा ने बताया ऑफिसर्स कमेटी में यूपी राज्य से दो सदस्य शामिल किए गए हैं।

## फाल्ट सही करते समय संविदाकर्मी झुलसा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव मुल्लाखेड़ा का मझरा निवासी खूबीराम का पुत्र जसपाल कुमार 35 वर्षीय गांव कुआं खेड़ा स्थित बिजली घर में संविदा कर्मी के पद पर तैनात है। शुक्रवार शाम छह बजे आपूर्ति सुचारु होने के दौरान लाइन में कोई फाल्ट हो गया। फाल्ट ठीक करने के लिए जसपाल कुमार मौके पर पहुंच गया। लोगों ने बताया वह खंभे पर चढ़ा तथा उसने तार पकड़ा तो उसमें करंट चालू था। करंट से वह नीचे आकर गिरा। विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। घायल की स्थिति नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे उत्तराखंड में ट्रामा सेंटर ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह का कहना है घायल का इलाज जारी है।

# पत्नी और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया

- शुक्रवार को पॉपुलर के पेड़ से लटका मिला था युवक का शव

संवाददाता, बिलासपुर/केमरी

**अमृत विचार :** पापुलर के पेड़ से लटके मिले मजदूर के शव मामले में नया मोड़ आ गया। मृतक के चाचा ने उसकी पत्नी और ससुराल पक्ष पर जमीन अपने नाम कराने को लेकर हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या जैसी कोई पुष्टि नहीं बता रही है।

केमरी के मोहल्ला सिघड़ियान निवासी नेम बहादुर के 35 वर्षीय पुत्र राजेश सैनी का शव शुक्रवार सुबह पीलाखार डैम के समीप रेलवे क्रॉसिंग के सामने खेत में मिला था। परिजनों के मुताबिक मृतक गुरुवार शाम 4 बजे अचानक कहीं लापता हो गया था। मामले को लेकर मृतक के चाचा लाल सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंप बताया कि उसके मृतक भतीजे की पत्नी समेत ससुरालियों ने हत्या कर शव पेड़ से लटकाया है, आरोप लगाया कि सभी लोग भतीजे पर जमीन नाम कराने का दबाव बनाने बना रहे थे। पिछले 10 दिनों से राजेश की पत्नी मायके वालों व बहनोइयों की मदद से जमीन नाम कराने को लेकर झगड़ा कर रही थी। पुलिस ने इस तहरीर को दर्ज नहीं किया था। शनिवार को थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि मृतक के भाई के पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है, उसके हिस्से में 10 बीघा है। इससे पूर्व मृतक की पत्नी धर्मवती ने 31 मई को पति राजेश की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद वह वापस लौट आया था। थानाध्यक्ष ने बताया मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, जिसमें हत्या जैसी कोई बात सामने नहीं आई हैं।

# इमाम हुसैन को कर्बला में किया था शहीद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कर्बला में हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 जांनिसारों को शहीद हुए 1400 वर्ष बीत चुके हैं। इसके बावजूद हुसैन का गम आज भी ताजा है। दुनिया में जब इंसानियत पर जुल्म होता है तो कर्बला के शहीदों की यादें ताजा हो जाती है।



इमामबाड़ा खासबाग में सजी सवा क्विंटल चांदी की जरीह। ● अमृत विचार

मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने बताया कि नबी ए करीम मोहम्मद मुस्तफा के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों को यजीद की फौज ने कर्बला के मैदान में शहीद कर दिया था। इमाम हुसैन और उनके कुनबे का सात मोहर्रम से पानी बंद कर दिया था। नहरे फरात पर यजीद की फौज पहरे पर तैनात हो गईं। ताकि एक बूंद पानी इमाम हुसैन के खेमों तक नहीं पहुंच सके। 4 साल की सकीना की प्यास देखकर हजरत अब्बास ने सकीना के लिए पानी लाने की हजरत इमाम हुसैन से इजाजत मांगी। हजरत इमाम हुसैन ने हजरत अब्बास को जंग के लिए तलवार नहीं दी, बल्कि एक नेजा दिया। हजरत अब्बास ने नहरे फरात पर कब्जा कर लिया और चुल्लू में पानी लेकर फरात में फेंक दिया और मश्क पानी से भरकर खेमों का रुख किया। यजीदी फौज बोली पानी हुसैन के खेमों तक नहीं पहुंचे। फौज ने हजरत अब्बास को चारों तरफ से घेर लिया और उनके दोनों बाजू कलम कर दिए गए। हजरत अब्बास ने मश्क को दांतों से पकड़ लिया। इसके बाद यजीदी फौज ने तीरों की बारिश शुरु कर दी। 10 मोहर्रम को हजरत इमाम हुसैन के 6 माह के अली असगर को पानी नहीं दिया और हुरमुला ने ऐसा त्रिफला तीर चलाया कि मासूम अली असगर के गला छेदते हुए इमाम हुसैन के बाजू में घुस गया। 10 मोहर्रम को हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को शहीद कर दिया। मौलाना मोहम्मद अली जौहर कह गए कत्ले हुसैन असल में मरगे यजीद है इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद। मोहर्रम में आज भी कर्बला के शहीदों को माहौल में याद किया जाता है।

## एक नजर

### समाधान दिवस में शिकायतों का हुआ निस्तारण

**चन्दौसी/ कुढफतेहगढ, अमृत विचार :** शनिवार को थाना कुढफतेहगढ़ में समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी ने पहुंच थाना दिवस में शिकायतें सुनी। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप राज सिंह ने बताया कि जमीन विवाद सम्बंधित कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें राजस्व कर्मचारियों एवं पुलिस को मौके पर भेजकर सभी शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप राज सिंह, एस आई दीपक कुमार राठी, राजस्व विभाग से लेखपाल चन्द्रेश बार्ष्णेय, संजीव सिंह, रजनीश कुमार, सुनील बाबू, आदि मौजूद रहे।

### 9 दंपतियों ने खत्म किया विवाद ,साथ रहने को राजी

**बहजोई,अमृत विचार :** महिला थाने पर आयोजित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र पर 9 दंपतियों ने विवाद समाप्त कर साथ रहने का फैसला किया। परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर डीएम राजेंद्र पैंसिया तथा एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई निरीक्षण के लिए पहुंच गए। उन्होंने दंपतियों से वार्ता की। काउंसलर को सही तरीके से मामलों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लव मोहन वार्ष्णेय, बबीता शर्मा, सीमा आर्य, श्वेता गुप्ता, कंचन माहेश्वरी आदि ने सहयोग किया।

### मेले की भूमि पर निर्माण का टेंडर निरस्त करने की मांग

**बहजोई,अमृत विचार :** श्री भगवंतपुर देवी मंदिर पर मेले की भूमि पर हो रहे सत्संग भवन निर्माण तथा सौंदर्य करण के कार्य के विरोध में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने चौथे दिन भी जारी रखा। पदाधिकारी का कहना था कि नगर पालिका परिषद द्वारा मंदिर के मेले की भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। यहां पर वर्ष में दो बार मेले का आयोजन किया जाता है।निर्माण कार्य कर दिया तो फिर मेला कहां लगेगा। सरकारी आदेश से टेंडर प्रक्रिया को निरस्त किया जाए। अरुण गोस्वामी, गौरव कांत शर्मा, कन्हैयालाल वार्ष्णेय, सुमित कुमार, राजू शर्मा, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**संभल, अमृत विचार :** शहर के एक मोहल्ले की एक महिला का कहना है कि शुक्रवार को वह घर में स्नान कर रही थी। तभी पड़ोस का एक युवक घर में घुस गया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रक से टकराया डंपर, मालिक और चालक की मौत

## शुक्रवार शाम को हादसे में सड़क पर पलटे ट्रक को बचाने के प्रयास में देर रात डंपर और ट्रक की हुई भिड़ंत

**कार्यालय संवाददाता, संभल**


मृतक वसीम।


संभल में हादसे में दुर्घटनाग्रस्त ट्रक व डंपर।

- संभल-मुरादाबाद मार्ग पर मखदूमपुर के पास हुआ हादसा, दोनों परिवारों में मचा कोहराम

**अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम हादसे के बाद केमिकल से लदा ट्रक डिवाइडर से टकराने के बाद सड़क पर गिर गया था। शुक्रवार को देर रात संभल की ओर से जा रहे डंपर के चालक ने ट्रक पड़ा देखा तो इमरजेंसी ब्रेक लगाए जिससे डंपर डिवाइडर पर चढ़ गया। इसी समय मुरादाबाद की ओर से आए ट्रक और डंपर की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में डंपर मालिक और चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क पर पड़े ट्रक को हटा दिया जाता तो दूसरा हादसा नहीं होता।

संभल-मुरादाबाद मार्ग पर मखदूमपुर अड्डे के सामने शुक्रवार को तड़के केमिकल से लदा ट्रक डिवाइडर से टकरा कर सड़क पर गिर गया था। देर रात संभल की ओर से डंपर लेकर चालक मेहराज (30 वर्ष) पुत्र सगीर अहमद निवासी हसनपुर मुनजब्ता मुरादाबाद के लिए चला। डंपर मालिक वसीम (40 वर्ष) निवासी बेगम सराय भी सवार हो गया। वसीम को सिरसी जाना था। डंपर मखदूमपुर के अड्डे के पास पहुंचा तो चालक को सड़क पर ट्रक पड़ा दिखाई दिया। चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए तो डंपर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। तभी मुरादाबाद की ओर से आए ट्रक से डंपर की टक्कर हो गई। हादसे में डंपर मालिक वसीम और चालक मेहराज की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डंपर मालिक और चालक की मौत से परिवारों में कोहराम मच गया। इस हादसे को लेकर पुलिस प्रशासन की लापरवाही सामने आई। अगर शुक्रवार को तड़के में हादसे के बाद केमिकल के टैंकिर को मार्ग से हटवा दिया होता तो शायद दूसरा हादसा नहीं होता।

### हादसे को दावत देता रहा दुर्घटनाग्रस्त ट्रक

शुक्रवार को तड़के गाय के अचानक सड़क पर आ जाने के हालात में गाय को बचाने के चक्कर में केमिकल से लदा ट्रक डिवाइडर से टकरा गया था। क्षतिग्रस्त ट्रक इसके बाद यूं ही डिवाइडर पर लटका पड़ा रहा जिससे आवागमन में दिक्कत हुई। इसके बावजूद पुलिस ने इस ट्रक को हटवाने की सुध नहीं ली। संभल से मुरादाबाद मार्ग पर चौबीस घंटे भारी वाहनों का आवागमन रहता है। उत्तराखंड के रुद्रपुर से माल लेकर तमाम ट्रक हरियाणा,पंजाब,मध्यप्रदेश व राजस्थान आदि प्रदेशों को इसी रास्ते से जाते हैं।


सड़क पर पड़ा टैंकर।

# अपनी दुकानों पर भाजपा नेता ने खुद चलाया हथौड़ा

**संभल, अमृत विचार :** संभल-बहजोई मार्ग पर हयातनगर में अतिक्रमण की जद में आईं अपनी दुकानों को तोड़ने के लिए भाजपा नेता ने खुद हथौड़ा चलाया। लोक निर्माण विभाग ने संभल-बहजोई मार्ग चौड़ीकरण की प्रक्रिया के तहत हयातनगर में बहजोई मार्ग पर 22 दुकानों और भवन को अतिक्रमण के रूप में चिह्नित किया था। दुकानदारों को अपना अतिक्रमण खुद तोड़ लेने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। भाजपा जिला मंत्री जयप्रकाश गुप्ता की पांच दुकानों को लेकर भी नोटिस दिया गया था। अन्य दुकानदार उम्मीद लगाये थे कि भाजपा नेता अपनी दुकानें बचाने के लिए जतन करेंगे तो उनकी दुकानें भी टूटने से बच जायेंगी। शनिवार को जयप्रकाश गुप्ता ने मजदूरों की मदद से 70 वर्ष पुरानी पैतृक दुकानों को तोड़ने लगे। बताया कि उनकी दुकानों को छह फिट तोड़ने के आदेश मिले थे। इससे पहले चंदौसी में सख्ती से अतिक्रमण तोड़ने का अभियान चला था तब माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी भी अपने आवास के बाहर पिता की दुकान तोड़ती दिखी थीं था।


अपनी दुकानें तोड़ते जयप्रकाश गुप्ता।

# कृषि विभाग की कार्रवाई के विरोध में हड़ताल पर रहे खाद विक्रेता

**संवाददाता,बहजोई**

- जिले भर के विक्रेताओं ने कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी कर किया प्रदर्शन
- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा

**अमृत विचार:** एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश से जुड़े खाद विक्रेताओं ने कृषि विभाग द्वारा व्यापारियों को प्रताड़ित करने के विरोध में अपनी दुकान बंद कर हड़ताल रखी। वहीं कलेक्ट्रेट पर एकत्रित होकर व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग की।

उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर कहा कि उर्वरक निर्माता कंपनियां द्वारा यूरिया 242 से लेकर 246 तक होल सेलर को बिल किया जा रहा है और इस पर केवल 4 से 5 रुपए ही भाड़ा दिया जा रहा है। जबकि भाड़ा 25 से 30 रुपए तक आ रहा है और लोडिंग अनलोडिंग का भी 10 लग रहा है। जबकि भारत सरकार द्वारा नियमों के अनुसार सभी खाद्य रिटेलर के गोदाम तक एफओआर सुविधा के तहत पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में कृषि विभाग द्वारा व्यापारियों के यहां छापेमारी खाद, बीज, कीटनाशक व्यापारियों पर लगातार छापे डालकर प्रताड़ित करके उनके लाइसेंस निलंबन सहित अन्य कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान अजय तंबाकू, हिमांशु कृष्णा, प्रवीण गोयल, अजय अग्रवाल, महेश शर्मा, मनीष वार्ष्णेय, मयंक गुप्ता, विनय अग्रवाल, राजीव सिंघल सहित जिले भर के व्यापारी मौजूद रहे।


बहजोई कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते खाद विक्रेता। ● अमृत विचार

# चौकी प्रभारी को नई तैनाती 12 उप निरीक्षकों के तबादले

**कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई**

- अपराध नियंत्रण व बेहतर कानून व्यवस्था के लिए एसपी ने किया फेरबदल
- पांच वरिष्ठ उप निरीक्षकों की तैनाती नए स्थानों पर की गई

**अमृत विचारः** एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने अपराध नियंत्रण व बेहतर कानून व्यवस्था के लिए 12 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र ऐं बदलाव किया है। इस बदलाव में पांच वरिष्ठ उप निरीक्षकों की तैनाती नए स्थानों पर की गई है। वहीं अन्य को भी इधर से उधर किया गया है।

एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने 12 उप निरीक्षकों के तबादले करते हुए उन्हें नई तैनाती दी है। जिसमें मोहित कुमार काजला को एसएसआई के रूप में एचौड़ा कंबोह, पंकज कुमार को जुनावई, संदीप कुमार को गुन्नौर, मनोज कुमार को कैला देवी और सत्यदेव सिंह को एसएसआई धनारी के रूप में तैनाती देकर भेजा गया है। वहीं पुलिस लाइन से मोहित कुमार को चौकी प्रभारी मंसूरपुर माफी थाना असमोली, बाबूराम सैनी को चौकी प्रभारी मढ़न थाना असमोली, संदीप कुमार को चौकी प्रभारी चौधरी सराय कोतवाली संभल, राम विनय चाहर को लहरावन थाना बहजोई से ब्रह्मा बाजार थाना चंदौसी, नदीम को हयातनगर से पतरिया थाना जुनावई, ओम सिंह को मंसूरपुर माफी से लहरावन व देवेंद्र कुमार को मढ़न से थाना बहजोई स्थानांतरित किया गया है।

# दुर्घटनाओं में कांवड़िये सहित दो लोग घायल

**चन्दौसी, चन्दौसी, अमृत विचार:** दो हादसों में एक कांवड़िया सहित दो लोग घायल हो गए।

कासगंज के गांव पटेली निवासी आलोक अपने तहेरे भाई किशन व दोस्त के साथ नीलंकठ से कांवड़ में गंगा जल लेकर लौट रहे थे। ओएलएफ के सामने बाइक ने आलोक को टक्कर मार दी। हादसे में आलोक घायल हो गया। उसे 1 सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं जनपद रामपुर के थाना शाहबाद निवासी आकाश पुत्र नरेश पाल बाइक से शुक्रवार की रात चन्दौसी से अपने घर लौट रहा था। गांव असालतपुर जारई के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर हो गई। हादसे के बाद कुछ परिचित मौके पर पहुंचे और घायल को निजी वाहन से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# पहले की ही तरह चलता रहेगा अतिक्रमण अभियान

**चन्दौसी, अमृत विचारः** एसडीएम विनय मिश्रा का स्थानांतरण चन्दौली हो गया था। उन्हें शुक्रवार की शाम रिलीव कर दिया गया। शनिवार को एसडीएम आशुतोष तिवारी ने चार्ज संभाल लिया। कहा कि पूर्व की भांति भियान जारी रहेगा। एसडीएम ने तहसील परिसर का भ्रमण किया और कर्मचारियों से मुलाकात की।

एसडीएम विनय मिश्रा ने शहर में तेजी से अतिक्रमण अभियान चलाया जिसमें सरकारी भूमि व नाले के हुए किए अतिक्रमण को ध्वस्त कराया। कुछ दिन पहले शासन ने उनका तबादला चन्दौली के लिए कर दिया। शुक्रवार की शाम को उन्हें रिलीव कर दिया गया। शनिवार को नवागंतुक एसडीएम आशुतोष तिवारी ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि पूर्व की भांति अतिक्रमण अभियान चलता रहेगा। जहां भी सरकारी भूमि व नाले के ऊपर अतिक्रमण पाया जाएगा। उसे ध्वस्त कराया जाएगा। शनिवार को पहले दिन एसडीएम ने तहसील भवन में बने कार्यालय व परिसर का भ्रमण किया। साथ ही कर्मचारियों से रूबरू हुए। इसके बाद कार्यालय में जन शिकायतें सुनीं।

- नवागत एसडीएम आशुतोष तिवारी ने कार्यभार संभाला, तहसील का भ्रमण किया


आशुतोष तिवारी

# बिजली आपूर्ति बाधित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** गांव ठाटी में 48 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित रहने पर भड़के ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग उठाई।

ग्रामीणों का कहना है कि लाइनमैन द्वारा हाइटेंशन लाइन के जंपर खोल दिए जाते हैं और सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। कई बार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन समाधान नहीं हुआ। 48 घंटे से बिजली नहीं है। भीषण गर्मी में परेशानी हो रही है। धान फसल की रोपाई नहीं हो रही है। शनिवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए लाइनमैन के खिलाफ कार्रवाई और बिजली आपूर्ति सुचारू किए जाने की मांग उठाई। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य रामप्रकाश सैनी, लोकेश कुमार, प्रवीण कुमार, योगेंद्र सिंह, राकेश सिंह, भसू सिंह, कुंवरपाल सिंह, तेजपाल सिंह, गोपीचंद, धर्मवीर सिंह, संजीव कुमार, रनवीर सिंह, श्री राम, हरिशंकर आदि मौजूद रहे।

# सड़कों पर कीचड़, महिलाओं ने किया प्रदर्शन


गुन्नौर में नगर पंचायत कार्यालय पर प्रदर्शन करती महिलाएं। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बबराला**

- विरोध प्रदर्शन के बाद नगर पंचायत ने मिट्टी का भराव शुरू कराया

**अमृत विचार :** कस्बा के मोहल्ला जुलेपुरा की गली में नाली का कीचड़ युक्त पानी जमा होने से नाराज मोहल्ले की महिलाओं ने नगर पंचायत कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और धरना दिया। उनका कहना है कि कीचड़ जमा होने से न केवल दुर्गंध आ रही है, बल्कि मच्छर भी पनप रहे हैं, जिससे बीमारी फैल रही है। इधर, महिलाओं के विरोध प्रदर्शन के बाद नगर पंचायत ने गली में मिट्टी का भराव शुरू करा दिया है।

मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे से मोहल्ला जुलेपुरा (वार्ड नंबर 2) में दाखिल होने वाली मुख्य गली में काफी दिनों से नालियां अटी पड़ी हैं, जिससे कीचड़ युक्त गंदा पानी सड़क पर जमा हो गया है। शनिवार दोपहर को मोहल्ले की दर्जनभर से अधिक महिलाएं नगर पंचायत कार्यालय पहुंच गईं और विरोध प्रदर्शन करने के बाद कार्यालय में धरना देकर बैठ गई लेकिन चेयरमैन पहुंचीं, ना ईओ। इसके बाद महिलाओं ने एसडीएम दफ्तर का रुख किया लेकिन एसडीएम नहीं मिली तो महिलाएं स्टेनो को शिकायती पत्र देकर लौट गयीं। जुगेंद्र ने बताया कि जलजमाव से मोहल्ले के लोगों को आवागमन में बेहद परेशानी हो रही है। मोहल्ले में नारकीय स्थिति बन गई है।

### वैकल्पिक व्यवस्था करेगी नगर पंचायत

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने बताया कि वार्ड नंबर दो में मोहल्ला जुलेपुरा की गली काफी नीची हो गई है और थाने के पास नाला बंद होने से पानी जमा हो गया है। शनिवार को भट्टे की राबिश डलवा दी है। फिलहाल, जलजमाव के वैकल्पिक समाधान के तहत इंटरलॉकिंग बिछवा रहे हैं। ताकि लोगों को परेशानी नहीं हो।


गुन्नौर में सड़क पर कीचड़ व गंदा पानी। ● अमृत विचार

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण किया जाए निस्तारण:डीएम


संभल के जुनावई थाने पर शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** संभल के थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम और एसपी ने महिला थाना और थाना जुनावई में शिकायतें सुनीं। अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए।

डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने शनिवार को महिला थाना संभल और जुनावई थाना में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस पर लोगों की समस्याओं को सुना। डीएम ने कहा शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का समाधान कराया जाए। पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि थाना समाधान दिवस में आईं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाए। महिला थाने में अभिलेखों को चेक करके जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम गुन्नौर डॉ.वंदना मिश्रा, सीओ दीपक कुमार आदि आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा



**चन्दौसी, अमृत विचार :** ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं को रखा गया। रेलवे आवास की छत टपकती हैं। परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंजीनियर डिपार्टमेंट के कर्मचारियों के प्रमोशन का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिनका प्रमोशन हो गया है, उनको एरियर नहीं मिल रहा है। संजय कुमार यादव, रामपाल, सुनील पाल, बृजनंदन, गोविंद कुमार, मोहम्मद यामीन, बलवीर सिंह, अमित कुमार शर्मा, चंद्रशेखर मौर्य, ओमकार सिंह, संदीप कुमार, अकील अहमद, अनुज कुमार, उदयवीर सिंह, ज्ञान सिंह आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने उठाया बिजली कटौती व लो वोल्टेज का मुद्दा

**संभल,अमृत विचार :** असमोली की सपा विधायक पिंकी यादव ने ग्रामीण इलाके में बिजली कटौती व लो वोल्टेज का मुद्दा उठाते हुए ऊर्जा मंत्री को शिकायत भेजी है। इसके साथ ही जिलाधिकारी से भी सुधार की मांग की है। पिंकी यादव ने कहा है कि असमोली विधानसभा क्षेत्र में बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या आम बात बन चुकी है। यह समस्या शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी प्रभावित कर रही है। इस समय किसान धान की रोपाई कर रहे हैं। बिजली कटौती की वजह से न तो रोपाई हो पा रही है और न ही फसल की सिंचाई कर पा रहे हैं। विधायक ने कहा है कि गर्मी के कारण बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को भारी तकलीफ हो रही है। हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।



### सत्संग से ही होती है भगवान की प्राप्तिः कृपानंद

**संभल,अमृत विचार :** भोले जी महाराज एवं माताश्री मंगला जी की प्रेरणा से हंस ज्योति-ए यूनिट आफ हंस कल्चरल सेंटर दिल्ली द्वारा शिव मंदिर रिठाली तथा हनुमान मंदिर ठिलूपुरा पर जनकल्याण सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। महात्मा कृपानंद महाराज ने कहा कि पुत्र, पत्नी और धन दौलत आदि तो पापी के घर भी मिल जाते हैं लेकिन संतों का समागम और भगवान की कथा यह दोनों ही चीजें बहुत दुर्लभ हैं। संस्था के प्रचारक भागेश कुमार त्यागी ने युवाओं में बढ़ रही नशा प्रवृत्ति को स्वास्थ्य के प्रति हानिकारक बताया। कहा कि 26 तथा 27 जुलाई को भोले जी महाराज के जन्मदिन पर श्री हंसलोक आश्रम, छतरपुर दिल्ली में जनकल्याण समारोह का आयोजन किया जायेगा । पूर्व सूबेदार मेजर रविंद्र त्यागी, महेश त्यागी, विजयपाल सिंह, सतवीर त्यागी, ज्ञानपाल त्यागी, शारदा देवी, बाबा कर्मदास, प्रबंधक अमित त्यागी, रोहित भटनागर, सुशील कुमार, विक्की भटनागर, महेश प्रजापति, धर्मेंद्र कुमार, होराम सिंह आदि सैकड़ों श्रद्धालु-भक्त शामिल हुए।

### संस्कार महोत्सव पर निकाली गई कलश यात्रा



**बबराला,अमृत विचार :** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव कृतिया स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में शनिवार 28 जून से 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जो 29 जून तक चलेगा। शनिवार को कलश पूजन के बाद कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिव मंदिर कृतिया से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंची। सांय काल में भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया गया । रविवार को 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के अलावा युवा सम्मेलन एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का भी आयोजन किया जाएगा। मंदिर महंत जयवीर गिरी महाराज, विजयपाल सिंह प्रधान, डा. गौरव कुमार शर्मा, शुकपाल सिंह, चरनपल सिंह, दिनेश यादव, धीरचंद, मुख्ताली सिंह, विनोद राघव, मुनीश राघव, शिवा राघव, मुनेंद्र राघव, शिवकुमार राघव, देवकी शर्मा, छदम्मी लाल शर्मा, ललित शर्मा, वीरेश चौहान, संजय राघव, विजयपाल सिंह सहित तमाम गायत्री साधक मौजूद रहे।

### रनजीत सिंह जिलाध्यक्ष, गौरव कुमार बने महामंत्री

**बहजोई,अमृत विचार :** ग्राम विकास अधिकारी संघ की नई कार्यकारिणी में रनजीत सिंह को जिलाध्यक्ष व गौरव कुमार को जिला महामंत्री चुना गया। चुनाव अधिकारी अमित यादव, राजीव चौहान व कुलदीप सिंह की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। अरुण कुमार यादव को प्रांतीय प्रतिनिधि चुना गया। जिला महामंत्री पद को लेकर दो दावेदार सामने आए। अशोक कुमार को 24 में से 10 मत प्राप्त हुए। वहीं गौरव कुमार को 14 मत प्राप्त हुए। गौरव कुमार को जिला महामंत्री चुना गया। मोहम्मद असलम को मीडिया प्रभारी, अशोक कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सतपाल सिंह को कोषाध्यक्ष, मोनिका को उपाध्यक्ष चुना गया। शेष पदों को शीघ्र कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर पदाधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए। वहीं एडीओ अमित यादव व रोहिताश कुमार को जिला संरक्षक नियुक्त किया गया। अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारी को संगठन को मजबूत करने संगठन के हित में कार्य करने का संकल्प दिलाया गया।

### गमगीन माहौल में निकला शबीहे जुलजुनाह का जुलूस

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी में मोहर्रम की दूसरी तारीख को शबीहे जुलजुनाह का जुलूस निकाला गया। इस बीच मजलिसें भी हुईं। शनिवार को रात मोहल्ला सराय सादक में गुलाम सामिन के अजाखाने में मजलिसे अजा में मर्सिया गदीरूल हसन और उनके हमनवा ने पढ़ा। मौलाना मोहम्मद नाजिम ने कहा कि आज ही के दिन दो मोहर्रम को इमाम हुसैन अपने परिवार और साथियों के साथ कर्बला में दाखिल हुए थे। नहरे फरात के किनारे इमाम हुसैन के खेमे लगे थे। यजीद की जालिम फौज ने इमाम हुसैन के खेमों को नहर के किनारे से हटाने को कहा तो इमाम हुसैन ने खेमे दूसरी जगह लगवा दिए। मजलिस में इमाम हुसैन के जुल्म के मसायब बयान हुए तो आजादार रोने लगे। मजलिस के बाद शबीहे जुलजुनाह इमाम हुसैन निकाला गया। जुलूस निर्धारित रास्तों से होता हुआ इमाम बारगाह कला गर्बी पहुंचकर समाप्त हुआ। वहीं मोहर्रम की दूसरी तारीख को सिरसी में अजाखानों और घरों में मजलिसों मातम का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान शमीम हैदर शेख, आगाज हैदर, हसीन हैदर आदि मौजूद रहे।

### दुनिया में देव हजारों है, बजरंग बली का क्या कहना...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से लाठी बाजार में संगीतमय श्री सुंदर कांड का आयोजन किया गया। घनश्याम शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। केजी शर्मा, अजय सक्सेना, मुकेश आचार्य, मुकेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, जेएन मिश्रा, आलोक दुबे, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल आदि ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया।दुनिया में देव हजारों है, बजरंग वली का क्या कहना, हे दुख भंजन मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार, जब कोई नहीं आता, मेरे बाबा आते हैं आदि भजन सुनाए ।विशाल शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय आदि ने भजन सुनाए। संजीव शर्मा, सुदर्शन वार्ष्णेय, राकेश वार्ष्णेय, बृजेश वार्ष्णेय, कपिल शर्मा, पीएन शर्मा, सर्वेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### महिला की उपचार के दौरान मौत, हत्या का आरोप

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जनपद बदायूं के उघैती थाना क्षेत्र के मोहम्मद गंज गोबरा गांव निवासी महीपाल सिंह ने बेटी रिंकी कुमारी (21 वर्ष) की शादी छह वर्ष पहले जुनावई थाना क्षेत्र के अजीजपुर के धर्मवीर सिंह के साथ की थी। रिंकी की 24 जून को हालत बिगड़ने पर ससुरालियों ने अलीगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से राहत नहीं मिलने पर दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को शाम उपचार के दौरान रिंकी की मौत हो गई। महीपाल सिंह ने पुलिस को सूचना देते हुए रिंकी की हत्या करने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश सिंह सोलंकी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सृजन से लोकमंगल



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है।

अस्तित्व की अभिव्यक्ति है प्रकृति। अस्तित्व है अंतहीन। सृजन प्रकृति का धर्म है। प्रतिपल नई कोंपल, नई कली, नव पराग, नव मकरंद। कीट-पतंग भी नवसृजन हैं। नन्हीं गौरैया के मुंह में दाना डालती गौरैया माता या अपने बच्चे को पेट में चिपकाए इस डाल से उस डाल पर छलांग लगाती बन्दरिया। बछड़े को चाट-चूमकर शक्तिशाली गोवंश तैयार करती गोमाता। सृजन के विधाता देव ब्रह्मा हैं। वे कभी थकते नहीं। बार-बार अथक सृजन। अकथ विस्तार। गीत, काव्य, संगीत और समूचा साहित्य प्रकृति की सृजन शक्ति ही विस्तार है। प्रकृति रचती-गढ़ती है तो यह कर्म प्रकृति है और मनुष्य रचता है तो संस्कृति। प्रकृति में सत चित आनंद की त्रयी है तो संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर की त्र-दिव्यता है। प्रकृति में सुन्दरतम सृजन की गहन अभीप्सा है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। इसलिए मनुष्य भी सुन्दरतम सृजन की कामना से भरापूरा है। बस चित्त प्रशांत होना चाहिए।

आनंद हमारी सर्वोत्तम अभीप्सा है। हरेक सृजन का लक्ष्य आनंद है। यह आनंद स्वयं तक ही सीमित नहीं है। सृजन धर्म स्वयं का अतिक्रमण करता है और लोकआनंद व लोकमंगल का हेतु सेतु बनता है। प्रकृति के पास असीम अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य है। प्रकृति का अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य संविधान की देन नहीं। वह वर्षा रचती है, कभी आंधी के संग, कभी आंधी के पूर्व और कभी आंधी के बाद भी। वह गहन उमस के बीच भी वर्षा ले आती है। आकाश में इन्द्रधनुष रचने के लिए उसे इन्द्र या वरुण देवों की अनुमति नहीं चाहिए। मनुष्य को भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस स्वतंत्रता का सदुपयोग लोकमंगल के लिए ही होना चाहिए। अन्तस में सत चित आनंद का गीत है। सत्य, शिव और सुन्दर इसी की अभिव्यक्ति है। भारतीय परंपरा में सृजन का दिक्सूचक यही केंद्र है।

शाश्वत तत्वों को सृजन का विषय बनाने की भारतीय परंपरा महत्वपूर्ण है। तात्कालिक विकृतियों को हटाना और शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा जरूरी है। संस्कृति के सारगर्भ से जुड़ने की यह बात महत्वपूर्ण है। साहित्य का प्रभाव समाज पर पड़ता है और समाज का साहित्य पर भी। रामकथा में रावण के चरित्र वर्णन का समाज पर गहरा असर पड़ा है, कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों का नाम रावण नहीं रखता। विभीषण भी नहीं रखता, यद्यपि विभीषण ने राम का सहयोग किया था लेकिन देशभक्ति प्रश्नवाचक थी। लोक ने अच्छे कार्य के बावजूद उसे 'घर का भेदि' ही कहा।

लेखन सृजन निरुद्देश्य नहीं होते। तुलसीदास ने अपने सृजन को 'स्वान्तः सुखाय' बताया था। स्वसुख के लिए काम करना उचित भी है। सबके अपने सुख होते हैं। तुलसी का सुख लोकमंगल का विस्तार है। प्रत्यक्ष भूमण्डल के सभी लोगों और लोकों का मंगल। फिर स्व सुख और स्वान्तः सुख में अंतर भी है। स्वान्तः में अन्तस का अन्तिम छोर है। भारतीय चिंतन में स्व अन्तस् का अन्तिम छोर विराट से जुड़ा हुआ है। तुलसी के राम अखिल लोकदायक विश्रामा हैं, उनकी राम कथा 'सुरसरि सम सबका हित होई' से ध्येयबद्ध है।

सृजन का उद्देश्य लोकमंगल ही है। होना भी चाहिए। सृजन आनन्दवर्द्धन होता है। इसका लक्ष्य लोकमंगल है। यह निराशा की तमस् में आशा का दीप प्रज्वलन है। शाश्वत और चिरंतन का नूतन आख्यान है। दृश्यमान विभाजित अनेकता के भीतर एकता का दर्शन है और सामूहिक उल्लास का संयोजन भी। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में सुखान्त पर जोर दिया था। सांस्कृतिक मर्यादा का संवर्द्धन और शीलरस का संवर्द्धन भी साहित्यकार का दायित्व है। कथित प्रगतिशीलता में नेह-स्नेह के आत्मीय रिश्तों के प्रति आक्रामकता है। पिता भारतीय परम्परा में देव कहे गए हैं। हम सब माता-पिता का विस्तार हैं। वे न होते तो हम न होते लेकिन नवलेखन में प्रायः माता-पिता की वैसी प्रतिष्ठा नहीं है। महाभारतकार भी कवि या साहित्यकार थे। उनके सृजन में यक्ष प्रश्न हैं। यक्ष ने पूछा, "युधिष्ठिर। धरती से भी भारी क्या है? और आकाश से भी ऊंचा क्या?" युधिष्ठिर ने कहा, "माता पृथ्वी से भारी है और पिता आकाश से भी ऊंचा।" ऐसे लेखन में माता-पिता की प्रतिष्ठा है। परिवार प्रीतिकर संस्था है। प्रगतिशीलता उसे तोड़ रही है।

परिवार का विकल्प नहीं। परिवार को मजबूत करने वाला लेखन समय की आवश्यकता है। ऋग्वेद में नदियों को प्रणाम किया गया है। नदियां प्रणाम के योग्य हैं भी। वे जलमाताएं हैं। विज्ञान भी नदियों की महत्ता स्वीकार कर चुका है। वैदिक साहित्य में विश्वामित्र और नदी का संवाद अनूठा है। विश्वामित्र जैसे पूर्वजों ने नदियों से संवाद में भरतवंशियों की तरफ से तमाम आश्वासन दिए थे। वे आश्वासन हमारे साहित्य का हिरण्य कोष हैं। लेकिन हम सबने वे आश्वासन तोड़े हैं। नदी और मनुष्य की प्रीति शून्य हो चुकी है। नदियों ने कहा था, "यह संवाद याद रखना, हमारा ध्यान रखना। तुम पार उतरो, हम वैसे ही नीचे झुक रही हैं जैसे बच्चे को स्तनपान कराने के लिए मां झुकती है।" विश्वामित्र ने कहा था, "हे नदियों, मैं आपकी स्तुति करता रहूंगा।" सामन्ती काल में अनेक चारण राजाओं की प्रशंसा गाते थे। लेकिन वे स्तोता नहीं थे, उनके गायन स्तुति नहीं थे और न ही स्तोत्र। स्तोता होना बड़ी कठिन साधना है। मन, क्रम, वचन और अन्तस से उगा सृजन ही किसी को स्तोता बनाता है। विश्वामित्र ने नदियों को आश्वासन दिया था हम भारत के लोग आपके स्तोता रहेंगे, जलमाताओं का पोषण करेंगे, तन से, मन से।

वैदिक साहित्य में प्रकृति के कण-कण के प्रति आत्मीयता है। कथित प्रगतिशील दृष्टि में प्रकृति उपभोक्ता सामग्री है और भारतीय परंपरा में यही प्रकृति नमस्कारों के योग्य है। तुलसीदास के सृजन में भौतिक जगत सीयराममय है और बारम्बार प्रणम्य है-सीयराम मय सब जग जानी करऊं प्रणाम जोरि जुग पानी। प्रकृति के प्रति अंगांगी भाव की सतत् अभिव्यक्ति जरूरी है। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक तत्व हैं। लेखन, सृजन के भी नीति निदेशक तत्व हैं। भले ही वे संहिताबद्ध नहीं हैं, लेकिन उनका अस्तित्व है। मां-पिता की प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण तत्व है। कथा, कहानी और काव्य में इस तत्व को ध्यान में रखना चाहिए। स्त्री आदरणीया है, मां है, बहन है, पुत्री है, श्रद्धेय है। सम्पूर्णता का भाग है। उसे अलग करके देखना-लिखना अनुचित है। भारतीय काम सेक्स नहीं, सृजन अभिलाष है। यहां काम भी अध्यात्म है।

हम सांस्कृतिक राष्ट्र हैं। करोड़ों भरतवंशी एक जन हैं। इनकी एक एकात्म अनुभूत संस्कृति है। इस संस्कृति का विकास दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिपूर्ण हमारे पूर्वजों ने ही किया था। उन पूर्वजों, अग्रजों, मार्गदर्शकों के प्रति आदरभाव का पुरश्चरण अपरिहार्य है और सांस्कृतिक तत्वों का भी। लेखन में हम कल्पना के पंख लगाकर उड़ते हैं, यथार्थवादी भी हो सकते हैं लेकिन भारतीय शील-मर्यादा के गंधमादन क्षेत्र के मधुरसा का उल्लंघन उचित नहीं। मधुरसा सांस्कृतिक प्रवाह का संवर्द्धन ही सृजन का ध्येय है। विचार अभिव्यक्ति की बातें ठीक हैं, लेकिन विकार-अभिव्यक्ति की नहीं।

# नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों से सुसज्जित होगी उच्च शिक्षा



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी शुरुआत पर विचार किया गया है। यूजीसी के द्वारा मूल्य आधारित शिक्षा के रूप में एक नई पहल की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस नवीन एवं बहुआयामी अभियान के अंतर्गत अब स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ मानव मूल्यों एवं प्रोफेशनल नैतिकता के विषय में भी अध्ययन करेंगे। ऐसा करने के उपरांत विद्यार्थी स्वयं को सामान्य नागरिक से वैश्विक नागरिक (ग्लोबल सिटीजन) में रूपांतरित कर पाने में सक्षम एवं समर्थ हो सकेंगे। पारंपरिक उच्च शिक्षा के परिदृश्य पर यदि गंभीरतापूर्वक गौर किया जाए तो वह कहीं न कहीं मात्र सीमित पाठ्यक्रम को पढ़कर चुनिंदा प्रश्नपत्रों की परीक्षा दे देने एवं उत्तीर्ण होने के उपरांत संबंधित पाठ्यक्रम की डिग्री हासिल कर लेने भर तक ही सीमित है। इस आपाधापी में शायद हम यह भूल चुके हैं कि आज की युवा पीढ़ी नैतिकता एवं मानव मूल्यों से शनैःशनैः दूर होती जा रही है।

आज के विद्यार्थी के मन मस्तिष्क में उच्च शिक्षा के माहौल में दाखिल होने के उपरांत महज गिने-चुने शब्द जैसे पाठ्यक्रम, नोट्स, कोचिंग, परीक्षा एवं डिग्री ही घूमते रहते हैं। इनसे मुक्त होकर कुछ और सोचने, विचारने एवं विश्लेषण करने का मौका आज की पीढ़ी धीरे-धीरे खोती जा रही है। नतीजा यह निकल रहा है कि मानव मूल्य एवं नैतिकता जोकि व्यक्तित्व निर्माण के आधार स्तंभ हैं, विद्यार्थी से छूटते जा रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षा में इन विषयों का पाठ्यक्रम के रूप में समावेश निस्संदेह ही एक बेहतरीन निर्णय है। जब यह परिवर्तन क्रियान्वयन के धरातल पर सफलतापूर्वक उतरेगा, तो निश्चित ही देश की युवा पीढ़ी के व्यक्तित्व एवं मानसिक स्तर में एक बड़ा एवं सकारात्मक बदलाव आएगा जो उनकी सोच एवं समझ को दूरदर्शितापूर्ण एवं व्यापक रूप देने में सक्षम होगा। यूजीसी के द्वारा की जाने वाली इस नई शुरुआत के अंतर्गत स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों में मानव मूल्य तथा नैतिकता दो क्रेडिट अंकों के पाठ्यक्रम के रूप में सम्मिलित किए जाएंगे। इनमें से एक क्रेडिट अंक थ्योरी का तथा एक क्रेडिट अंक प्रैक्टिकल का रहेगा। थ्योरी का पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए विद्यार्थियों को 15 घंटे की पढ़ाई करनी होगी जबकि प्रायोगिक पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए उन्हें इन विषयों से जुड़ी गतिविधियों में 30 घंटे शामिल होना पड़ेगा। स्नातक एवं परास्नातक दोनों ही पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर में इन विषयों के पाठ्यक्रम को लागू किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पाठ्यक्रम के स्वरूप, शिक्षण संबंधी गतिविधियों तथा परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रणाली में एक बड़ा परिवर्तन किया गया है। किंतु कहीं न कहीं कुछ कसर बाकी है जोकि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में उपर्युक्त विशिष्टताओं की कमी के रूप में अपना प्रभाव छोड़ रही है। यूजीसी की नई पहल जब पूर्णरूपेण क्रियान्वयन में आ जाएगी, तो निश्चित ही शिक्षा एवं शिक्षार्थी दोनों का स्वरूप तथा पारस्परिक संबंध एक बड़ी सीमा तक परिवर्तित हो जाएगा। यह परिवर्तन विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र के चहुंमुखी विकास हेतु एक उन्नत आधारशिला तैयार करेगा। आज का विद्यार्थी कल का भविष्य है। नैतिकता एवं मानव मूल्यों के बीज यदि आज उसके मस्तिष्क की उर्वरा भूमि में अच्छी तरीके से बो दिए गए तो निश्चित ही उसका आने वाला कल बहुआयामी विकास का फल प्रदान करेगा।

# आतंकवाद पर चीन और पाकिस्तान के दोहरे पैमाने



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए।




आतंकवाद के मसले पर चीन के किंगदाओ नगर में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में एक बार फिर चोर-चोर मौसेरे भाई चीन और पाकिस्तान ने भारतीय हितों के परिप्रेक्ष्य में दोगलापन दिखाया है। इस बैठक में सदस्य देशों के रक्षा मंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आतंकवाद के खात्मे के लिए किए जा रहे आवाहन ने वैश्विक स्तर पर ऐसा माहौल बनाने का काम किया है कि इस समस्या को जड़ से उखाड़ दिया जाए। लेकिन एससीओ की बैठक में जिस दस्तावेज को साझा हस्ताक्षर के लिए सामने लाया गया तब उसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया। जबकि इस हमले में 26 भारतीय नागरिक आतंकवादियों ने मार दिए थे। इस दस्तावेज में बलूचिस्तान का नाम हैं। जबकि बलूचिस्तान के नागरिक पाकिस्तान के विरुद्ध स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे हैं। अर्थात इस दस्तावेज को पढ़ने के बाद भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए इस पर दस्तखत करने से साफ इंकार कर दिया। इस संगठन पर चीन का प्रभाव है और चीन ही इस बार संगठन का अध्यक्ष देश है। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को न केवल पक्षपातपूर्ण माना, बल्कि इसे पाकिस्तान और उसके हितचिंतक चीन की हरकत माना। अतएव राजनाथ सिंह ने दस्तखत नहीं किए। इस संगठन के दस्तावेज की उपयोगता तभी है, जब बैठक में उपस्थित सभी सदस्य देश मुद्दों पर सहमत होकर हस्ताक्षर करने के साथ साझा बयान भी जारी करें। तब कहीं इस दस्तावेज पर सहमति बन पाती है।

इस संगठन में 10 देश परस्पर जुड़े हितों को मजबूत करने के लिए शामिल हैं। इन देशों में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और तजाकिस्तान शामिल हैं। 2001 में इस संगठन का गठन हुआ था। आरंभ में चीन और रूस समेत पांच देश इसमें शामिल थे। 2001 में उज्बेस्तिन, 2017 में भारत और पाकिस्तान, 2022 में ईरान एवं 2024 में बेलारुस इस संगठन में भागीदार हुए। इन देशों की कुल जीडीपी में 30 फीसदी और दुनिया की आबादी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यानी इस संगठन की इन देशों की अर्थव्यवस्था के लिए परस्पर भागीदारी जरूरी है। लेकिन जब राजनाथ सिंह ने दस्तावेज की इबारत को पक्षपात पूर्ण पाया तो उन्होंने खुले शब्दों में कहा, 'भारत आतंकवाद पर दोहरे मापदंड मंजूर नहीं करेगा। आतंक को बढ़ावा देने वाले देशों की खुली निंदा होनी चाहिए। कुछ देशों ने सीमा पार आतंकवाद को न केवल अपनी नीति ही मान लिया है, बल्कि अपने देश में उन्हें संरक्षण भी देते हैं। बावजूद इस हकीकत को नकारते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें अब समझना होगा कि आतंकवाद के अधिकेंद्र (एपीसेंटर) अब सुरक्षित नहीं रह गए हैं।' नए भारत के इस कड़े संदेश ने उपस्थित रक्षा मंत्रियों को हैरानी में डाल दिया। अतएव न तो कोई सहमति बन पाई और न ही संयुक्त बयान जारी हो पाया। इस परिणाम ने समूची दुनिया को संदेश दे दिया है कि अब भारत अपने हितों से समझौता करने के लिए कतई तैयार नहीं है।

दरअसल भारत चाहता था कि एससीओ पहलगाम हमले की निदां करे और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर स्पष्ट रुख अपनाए। लेकिन चीन की एक बार फिर दगा की दोगली नीति सामने आ गई। एक सदस्य देश ने इस पहलगाम मुद्दे को दस्तावेज में शामिल करने से असहमति जता दी। यह दस्तावेज आतंकवाद से जुड़े तथ्यों के विपरीत था। इसलिए भारत ने इस आतंकी हमले को दस्तावेज में शामिल करने की मांग भी की थी। परंतु इस मांग को नमंजुर कर दिया गया। अध्यक्षता कर रहे चीन का यह रुख पाकिस्तान के प्रति उदारता जताता है, जो सर्वथा पक्षपातपूर्ण है। जबकि बलूचिस्तान की आतंकी गतिविधियों से जुड़ी जफर एक्सप्रेस की घटना इसमें दर्ज थी। इस संगठन का लक्ष्य शामिल देशों की सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को बढ़ाने के साथ आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और साइबर आपराध जैसे मसलों पर सटीक रणनीति बनाकर उस पर संयुक्त पहल करना भी है। लेकिन जिस तरह से पहलगाम हमले को नजरअंदाज किया गया उससे साफ है कि अध्यक्ष देश की नियत साफ नहीं है।

इस तरह का दोहरा चरित्र इसलिए खतरनाक है कि इसने क्षेत्रीय सहयोग से जुड़े मुद्दों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया। जिसके चलते आतंकवाद की समस्या से निपटना जटिल होगा। क्योंकि पाकिस्तान भारत के विरुद्ध लगातार आतंकी खेल, खेलता हुआ खून की इबारतें लिख रहा है। इस सच्चाई को समूची दुनिया भलीभांति जानती है। स्वयं चीन ने बीजिंग में कुछ वर्ष पहले हुए ब्रिक्स देशों के सम्मेलन के घोषणा पत्र में इस तथ्य को शामिल किया था कि कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान के सुरक्षित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाते हैं। बावजूद एससीओ की बैठक के संयुक्त बयान में पहलगाम को नजरअंज करना दोगलापन नहीं तो और क्या है? अतएव राजनाथ सिंह ने अभिलेख पर दस्तखत न करके दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि भारत आतंक के विरुद्ध लड़ाई लड़ता रहेगा।

# जगन्नाथ रथः प्रेम और शांति का संदेश



जगन्नाथ रथ यात्रा यह एक भिन्न रथ यात्रा है जो अपने संपूर्ण यात्रा परिक्षेत्र में ब्राह्मण–दलित, ऊंच–नीच, स्त्री–पुरुष का भेद नहीं करती। जगन्नाथ क्षेत्र एक भेदभाव-मुक्त क्षेत्र है। महाभारत का रथ युद्ध का रथ था, कृष्ण स्वरूप जगन्नाथ का रथ प्रेम और शांति का रथ है। श्रीचैतन्य ने पुरी और मथुरा-वृन्दावन में प्रेम और शांति का ही संदेश दिया था। वे दोनों जगहों पर गए थे।

यह रथ एक कितनी भिन्न कल्पना है, इसमें बलराम-कृष्ण दो भाई और बहन सुभद्रा बैठी हैं। यह परिवार की अवधारणा, भाई-बहन के प्रेम का संदेश है। यहां राधा-कृष्ण नहीं हैं। यह भाई-बहनचारा का मामला है। रथ-रथ में कितना फर्क है। कृष्ण अगर जगत के नाथ हों तो यह विश्व भाईचारा का रथ हुआ।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

जगन्नाथ से जुड़ी एक कहावत है-अपना हाथ जगन्नाथ। यह अपना हाथ ही भगवान है। जय जगन्नाथ कहना काफी नहीं है, थोड़ा-बहुत जगन्नाथ को समझना भी चाहिए। सोने का झाड़ू चलाने देने से कुछ नहीं होगा, यदि रास्ते पर खून के धब्बे हों। बचपन में छोटा टीन का रथ खरीद कर सजाता था, अपने भाई बहनों के लिए खरीद कर लाता था। पास के हावड़ा मैदान में विराट मेला लगता था। फूल के पौधे खरीदता था। फिर रथ पूजा का एक अर्थ हो चुका था तला हुआ पापड़ खाना। उन दिनों की याद आती है। ऐसी नफरत नहीं थी, धर्म धर्म था। हमारा देश कृष्ण की कितनी तरह से कल्पना कर लेता था। मथुरा-वृन्दावन में राधा के साथ तो पुरी में बहन सुभद्रा के साथ। यह आकस्मिक नहीं है कि लोक के कृष्ण कहीं अकेले नहीं हैं, सत्ता के कृष्ण भले अकेले हों। द्वारकाधीश हों या अर्जुन के सारथी-ये कभी लोक आराध्य नहीं हुए। आम लोगों ने हमेशा निर्मल प्रेम करने वाले कृष्ण को जाना, चाहे वे राधा के साथ हों या सुभद्रा के साथ। ये कृष्ण नट-नागर हैं, कलाप्रेमी हैं हथियार प्रेमी नहीं। आज लोग प्रेम करना ही नहीं, कलाएं सीखना और कल्पना करना भी भूल गए हैं।

# ग्रंथों के अध्ययन से रोजगार



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

हिंदू अध्ययन से विद्यार्थियों को अनेक स्तरों पर लाभ मिल सकते हैं-जिसमें मुख्यतः शैक्षणिक, वैचारिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और आत्मिक लाभ शामिल हैं। इससे भारतीय ज्ञान परंपरा की गहरी समझ विकसित होगी। विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम में वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, धर्मशास्त्र, दर्शनशास्त्र आदि ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। यह उन्हें भारत की संस्कृति, धर्म, नैतिकता और जीवनदृष्टि की मूल आत्मा से परिचित कराता है। दर्शन और चिंतन क्षमता के विकास में यह पाठ्यक्रम सहायक होगा क्योंकि पाठ्यक्रम में भारतीय दर्शन जैसे सांख्य, योग, न्याय, वेदांत आदि विषय गहन तार्किकता और विचार-विमर्श को बढ़ावा देते हैं। इससे विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक सोच और तर्कशक्ति में वृद्धि होती है। आत्मिक एवं नैतिक विकास को यह प्रेरित करेगा क्योंकि इसका अध्ययन केवल बौद्धिक ज्ञान नहीं देता, बल्कि आचार, व्यवहार और जीवनशैली को भी प्रभावित करता है। यह विद्यार्थियों को संयम, करुणा, अहिंसा, सेवा, और आत्म-साक्षात्कार जैसे मूल्य सिखाने में कारगर है। इस विषय के अध्ययन के उपरांत विविध करियर विकल्प उपलब्ध हैं, जैसे-शोधकर्ता, शिक्षाविद्, लेखक, धर्मशास्त्री, संस्कृत विशेषज्ञ, अनुवादक, पुरातत्वविद्, संस्कृति विशेषज्ञ, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय विद्या संस्थान, विश्वविद्यालय, संग्रहालय, मीडिया और आध्यात्मिक संगठनों में विभिन्न पदों पर कार्य करने के अवसर शामिल हैं। सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के विकास में उपयोगी यह अध्ययन युवाओं को भारत की आत्मा से जोड़ता है और विद्यार्थियों में गौरवबोध जगाता है तथा भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उनको तैयार करता है। हिंदू अध्ययन का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्व है, क्योंकि विदेशों में भारतीय संस्कृति, योग, ध्यान, आयुर्वेद और धर्म का प्रभाव बढ़ रहा है। ऐसे में हिंदू अध्ययन विशेषज्ञों की वैश्विक स्तर पर भी मांग है। आज की वैश्विक दुनिया में जब शिक्षा केवल रोजगार तक सीमित रह गई है, ऐसे समय में हिंदू अध्ययन विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान की गहराई में ले जाता है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, मूल्य और आत्म-चिंतन से भी जोड़ता है। हिंदू अध्ययन के अंतर्गत वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, भगवद्गीता, भारतीय दर्शन, पुराण, मंदिर वास्तुकला, सांस्कृतिक परंपराएं, धार्मिक अनुष्ठान और जीवनदृष्टि आदि का अध्ययन होता है। इसका उद्देश्य भारत की मूल आत्मा को समझना, उसका अध्ययन कर प्रामाणिक शोध को आगे बढ़ाना है। इससे विद्यार्थियों को भारतीय दर्शन और नैतिकता की गहराई को समझने का अवसर प्राप्त होगा। उनकी सोचने, तर्क करने और आत्मविश्लेषण की क्षमता का विकास होगा। ऐसे विद्यार्थी शोध, लेखन, शिक्षण और अनुवाद जैसे क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं। भारत के कई विश्वविद्यालयों केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, निजी विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में हिंदू अध्ययन केंद्र संचालित हो रहे हैं, और संबंधित विषयों पर प्रमाणिक शोध भी हो रहा है जिसमें इस विषय क्षेत्र को नई दृष्टि दी जा रही है। हिंदू अध्ययन केवल अतीत का अध्ययन नहीं, बल्कि भविष्य को दिशा देने वाला मार्ग है। हिंदू अध्ययन न सिर्फ युवाओं की तार्किक व विश्लेषणात्मक शक्ति बढ़ायेगा बल्कि यह उनको भारतीय संस्कृति का बोध कराने और रोजगार के भी विभिन्न अवसर उत्पन्न करने में सहायक सिद्ध होगा।

# एमएसपी बढ़ने से रुकेगा किसान आंदोलन!



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं।

हाल ही में मोदी सरकार ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए कई फसलों की एमएसपी में इजाफा किया है। सरकार का दावा है कि हर फसल के लिए लागत के साथ 50 फीसदी को ध्यान में रखा गया है। वहीं किसानों के लिए ब्याज छूट को बनाए रखने का फैसला भी लिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर दो लाख तक का लोन चार फीसदी ब्याज पर मिलने की भी व्यवस्था की गई है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं। इससे अब छोटे और सीमांत किसानों को बड़ा फायदा हो सकेगा। यह योजना अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू की गई थी। इससे किसानों के लिए अपने काम को लेकर लोन लेना आसान हो गया है। इस योजना में दो लाख तक के लोन पर कोई गारंटी नहीं ली जा रही है।

सरकार का दावा है कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि से उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सकेगा। खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना तक हो चुकी है, जिसकी मांग लगातार हो रही थी। गौरतलब है कि एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान लगातार आंदोलन करते रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! असल में एमएसपी सरकार द्वारा किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। एमएसपी की शुरुआत साल 1967 में हुई थी।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी, जिससे किसानों को बिचौलियों से शोषण से बचाया जा सकेगा। वहीं इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल रिलेशंस-ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट का अध्ययन बताता है कि खेती की कीमतों को कृत्रिम रूप से कम रखने की पक्षपाती सरकारी नीतियों के कारण देश के किसान वर्ष 2000 के बाद से लगातार घाटा उठा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि पक्षपातपूर्ण सरकारी नीतियों और कृषि कीमतों के कारण किसानों को वर्ष 2022 में 14 लाख करोड़ रुपए और 2000-2017 के दौरान 2017 की कीमतों पर 45 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसके चलते ही किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

असल में एमएसपी को लेकर किसानों ने कई बार आंदोलन किया है। वे हर फसल को एमएसपी पर खरीदने की मांग कर रहे हैं। एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के इस दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी कि जब फसलों की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए, तो सरकार इसकी भरपाई करे। वहीं किसानों को धान-गेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसलों को पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। असल में किसानों का विरोध प्रदर्शन वर्ष 1991 के आर्थिक उदारीकरण से संबंधित लंबे समय से चली आ रही शिकायतों से प्रेरित है, जिसमें कृषि की तुलना में औद्योगीकरण को प्राथमिकता दी गई थी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों, जहां किसान कम फसल लाभ एवं बढ़ती लागत का सामना कर रहे हैं, में संकट बढ़ रहा है। किसानों के अनुसार, उनकी प्रमुख मांगों में प्राथमिक मांग एक ऐसे कानून की है, जो सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी देता है। यह स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत लाभ मार्जिन की सिफारिश की गई है।

सरकार का कहना है कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी देना अव्यावहारिक होगा, क्योंकि इसमें लॉजिस्टिक चुनौतियां और खरीद की उच्च लागत शामिल है। एमएसपी के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। असल में एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलता है। सीएसीपी ने अपनी मूल्य नीति रिपोर्ट में एमएसपी पर एक कानून बनाने का सुझाव दिया था। ऐसा किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक बताया गया। उसका कहना था कि सरकार को कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे लोगों द्वारा भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन किया जा सके। ऐसा करने के लिए धान और गेहूं के एमएसपी को फ्रीज कर दिया जाए। इससे किसान सरकारी तंत्र पर निर्भरता से बचेंगे और उनका शोषण रुकेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा।)

# पिता ने कराई थी बेटे की हत्या, चार गिरफ्तार

## रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला में गन्ने के खेत में 23 जून को मिला था दीपक का शव

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



मामले की जानकारी देते एसपी अमित कुमार आनंद। पीछे खड़े हत्यारोपी। ● अमृत विचार

- **आलाकत्ल तमंचा, फावड़ा व सुपारी के एक लाख 70 हजार रुपये बरामद किए**
- **दीपक प्रेम प्रसंग में एक महिला को घर लाना चाहता था जिसे पिता पसंद नहीं करता था**

**अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र में गोली मारकर की गई की युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पिता ने ही बेटे की हत्या की सुपारी तीन लोगों को दी थी। तीनों आरोपियों ने युवक की हत्या कर शव गन्ने के खेत में फेंक दिया और तमंचा व फावड़ छिपा दिये थे। पुलिस ने पिता सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आलाकत्ल तमंचा, फावड़ा व सुपारी के एक लाख 70 हजार रुपये बरामद किए हैं।

शनिवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने घटना का खुलासा किया। एसपी के मुताबिक 23 जून को रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला में गन्ने के खेत में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला था। वह केवल अंडरवियर पहना था। उसकी गोली मारकर हत्या की गई थी। मृतक की पहचान दीपक पुत्र सतेंद्र निवासी गांव गालिबवाड़ा थाना नौगांवा सादात के रूप में हुई थी। पुलिस ने मृतक के पिता सतेंद्र की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस तफ्तीश में पिता पर ही शक हुआ जिसके बाद पुलिस ने गहराई से पड़ताल की तो मामले का पर्दाफाश हो सका।

पुलिस ने सीसीटीवीव सर्विलांस के माध्यम से पिता सतेंद्र सहित चारों आरोपी उमर पुत्र गफूर, जरीफ पुत्र खचेड़ू निवासी गांव हलपुरा थाना मंडी धनौरा व रहीस पुत्र सकूर निवासी गांव मूंढाखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि सतेंद्र ने बताया कि उसका बेटा दीपक शराब पीने का आदी था। उसका एक महिला के साथ लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बात को लेकर पिता पुत्र में अनबन रहती थी। दीपक उस महिला को घर लाना चाहता था। इसी बात से नाराज पिता सतेंद्र ने अपने बेटे दीपक की हत्या की योजना बनाई।

करीब छह महीने पहले सतेंद्र की मुलाकात उमर से हुई थी। सतेंद्र ने उमर को अपने बेटे की हत्या करने की बात कही। इसके बाद उमर ने जरीफ व रहीस को बुलाया। दीपक की हत्या करने के लिए जरीफ व रहीस ने तीन लाख रुपये की मांग की बाद में दो लाख 70 हजार में मामला तय हुआ। हत्या से दो महीने पहले सतेंद्र ने उमर को 55 हजार रुपये दिए व घटना से कुछ दिन पहले जरीफ व रहीस को एक लाख 15 हजार रुपये दिए। योजना के तहत 22 जून को सतेंद्र ने दीपक को पाइप देखने के बहाने उमर के यहां भेजा। यहां पहले से जरीफ व रहीस शराब पी रहे थे। चूंकि दीप शराब पीने का आदी था इसलिए उसे खूब शराब पिलाई। बाद में तीनों उसे बाइक पर बैठाकर ले गए।

पहले उस पर फावड़े से वार किए। बाद में गांव शहबाजपुर के पास गन्ने खेत में गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद फावड़ा व तमंचा पास में सूखी नहर में छिपा दिया। एसपी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी पिता सतेंद्र सहित चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों से आलाकत्ल व सुपारी के 1 लाख 70 हजार रुपये बरामद हुए हैं। एसपी ने खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया।

# मोहर्रम पर किया गया मजलिस का आयोजन

**सैदनगली, अमृत विचार :** दो मोहर्रम की मुनासत से शनिवार को दिन में पहली मजलिस मुजफ्फर हुसैन के मकान पर बरपा की गई। जिसमे मर्सिया खुवानी रियाजुल हसन ने की ओर मजलिस को खिताब मास्टर सादिक रज़ा ने किया।दूसरी मजलिस इमामबाड़ा मोहम्मद सख़ी में की गई जिसमे मर्सिया रियाज उल हसन वह हदीस हसन मेहंदी ने पढ़ी। इस के बाद इमामबाड़ा फातिमा दक्खन तथा अलमदार हुसैनी व अजाख़ाना ऐ मुजाहिद हुसैन में मर्सिया सलमान अब्बास हदीस हसन मेहंदी व सफी मुक्तिदा पढ़ी। एक मजलिस इमामबाड़ा दादे वाला में की गई जिसमें मर्सिया खुवानी डा. सैय्यद लईक हैदर व उनके हमनवा ने की। मजलिस को खिताब मास्टर सादिक रज़ा ने किया। बादे मजलिस नोहा खुवानी सीना ज़नी की गई। जिसमें नोहा मिसाल अब्बास सुहेल अब्बास ने पढ़े। जब मसाईबे इमाम हुसैन बयान किए गए तो अज़ादार से साख्ता रोने लगे बादे मजलिस नोहा खुवानी की गई।

# किसानों की समस्याएं सुनने को मौजूद रहें अधिकारी



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू भानु के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु ने पंचायत में किसानों की समस्याओं के निस्तारण हेतु अधिकारियों की उपस्थिति की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को ब्लॉक परिसर स्थित उप जिला अधिकारी कार्यालय पर भाकियूनिन भानु युवा के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्र हुए और एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी को ज्ञापन सौंपा। कहीा कि 1 जुलाई को मासिक पंचायत में समस्याओं का समाधान करने को विद्युत विभाग के एसडीओ, चकबंदी विभाग के एसडीओ, कानूनगो लेखपाल, थाना प्रभारी, सप्लाई इंस्पेक्टर एवं सीओ चकबंदी उपस्थिति रहें। हसीन चौधरी, सुमित त्यागी,सुधीर त्यागी,उमेश राणा,लवकुश कुमार,लेखराज सिंह, लोकेश चौहान,तहसीम, वसीम अली आदि मौजूद रहे।

# नाला सफाई की खुली पोल, जगह-जगह जलभराव

संवाददाता, गजरौला



बारिश से गली में भरा पानी।

- **नाले चोक होने से बारिश का पानी सड़कों पर भरा गया**

**अमृत विचार:** नगरपालिका की ओर से जल निकासी की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दावों की पोल बारिश में सामने आ गई है। शनिवार को दोपहर में हुई तेज बारिश में जलभराव ने लोगों को खासा परेशान किया।

शहर में इंदिरा चौक, बस्ती मार्ग,पर बारिश के चलते नाले चोक हो गए और सड़क बारिश के पानी से लबालब भर गई। लोगों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। शहर में ब्लाक सभागार व थाना परिसर समेत अन्य स्थानों पर जलभराव की स्थिति रही। शनिवार को सुबह उमस के चलते तापमान 38 डिग्री रिकार्ड किया गया। 11 बजे के बाद शुरू हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया। बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली। तापमान में गिरावट आ गई।

अधिकतम तापमान 34 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले एक-दो दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। रुक-रुककर बारिश होने के साथ तेज हवा चलेगी। शहर में शनिवार की दोपहर हुई झमाझम बारिश ने नगरपालिका के सफाई अभियान की पोल खोल दी। सड़कों पर भरा बारिश का लबालब पानी उस पर नाली का कीचड़ युक्त गंदा पानी एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा वाली कहावत चरितार्थ कर रही है। ऐसे में लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

## तेज हवा के साथ हुई बूंदाबांदी, भीषण गर्मी से राहत



**हसनपुर, अमृत विचार :** लंबे समय से हो रही भीषण गर्मी और उमस के बाद शनिवार की दोपहर बाद नगर में हुई बरसात ने लोगों को बड़ी राहत दी है।बारिश ने जहां एक ओर मौसम को सुहाना बनाया, वहीं दूसरी ओर नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खोल दी। नगर के कई निचले इलाकों और प्रमुख चौराहों पर जलभराव की स्थिति देखने को मिली। कुछ देर हुई इस बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। नगर पालिका प्रशासन को जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके। नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि यह बारिश जल्द ही मानसूनी फुहारों में तब्दील होगी और उन्हें गर्मी से पूरी तरह से निजात मिलेगी।

# सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव के निर्देश

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



बैठक में निर्देश देतीं डीएम निधि गुप्ता। ● अमृत विचार

- **संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर डीएम ने की बैठक**

**अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर डीएम ने बैठक की। साफ सफाई फॉगिंग एंटी लार्वा व छिड़काव के निर्देश दिए। कहा कि दस्तक अभियान के तहत आशाओं द्वारा सर्वे किया जाए।

शनिवार को डीएम निधि गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग अभियान के सम्बन्ध में बैठक की गई। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारियों से संवेदनशील गांवों की साफ-सफाई, फॉगिंग एंटी लार्वा दवा का छिड़काव सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। संवेदनशील गांवों में दस्तक अभियान के तहत कितने आशाओं द्वारा सर्वे किया गया और कितने केस, मलेरिया, डेंगू और सामान्य फीवर, टीबी के निकले जानकारी ली। गंभीरता से सर्वे कराए जाने के निर्देश दिए। निर्देश दिए कि प्रभात फेरियों का आयोजन किया जाए। जो प्रभात फेरिया निकल जाएं उन में वार्ड मेंबर अवश्य हो। 1 जुलाई से 10 जुलाई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण शहरी क्षेत्र में नालों की सफाई अवश्य की जाए। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्यपाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और डॉक्टर मौजूद रहे।

# मकान के विवाद में मां के साथ की मारपीट

**गजरौला, अमृत विचार :** मकान के विवाद के चलते महिला को दंपति ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने दंपति पर रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला अतरपुरा निवासी उत्तम कुमार पुत्र सुभाष चंद शर्मा व उसके भाई गौतम शर्मा के बीच मकान को लेकर विवाद चल रहा है। 27 जून को उत्तम कुमार अपनी मां रुक्मणी अपने बाहर वाले कमरे सो रही थी। इस दौरान कमरे मेंर घुसकर गौतम व उसकी पत्नी राधा ने रुक्मणी को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग दौड़े तो दंपत्ति रुक्मणी को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस मामले में दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी को पुलिस के हवाले किया

संवाददाता, हसनपुर

- **कोतवाली में दोनों पक्षों में हो गया समझौता**

**अमृत विचार :** प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचे प्रेमी युवक को पड़ोसियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

नगर के मोहल्ले में बीती रात एक गांव का युवक अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर पहुंच गया। युवक जब घर में घुस रहा था तो पड़ोसियों को शक हो गया। कुछ देर में पड़ोसियों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने पुलिस को फोन कर मौके पर बुला लिया। उसके बाद प्रेमी युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस युवक को लेकर कोतवाली आ गई। दिन निकलने पर परिवार के लोग कोतवाली पहुंच गये। जब के युवती के परिवार के लोग भी कोतवाली पहुंच गये। बताया जा रहा है कि युवती के परिवार के लोग घर पर नहीं थे। वह कहीं गये हुए थे। युवती घर पर अकेली थी। युवक युवती दोनों एक ही बिरादरी के बताये जा रहे है। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

## घर से किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के एक मोहल्ला निवासी किशोरी 22 जून की सुबह करीब छह बजे अपने घर से लापता हो गई। परिवार वालों ने तलाशा पर उसका कहीं पता नहीं चल सका। परिजनों के अनुसार किशोरी का 25 जून को फोन आया था। इस दौरान किशोरी ने कहा कि उसने शादी कर ली है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# दिवंगत शिक्षिका के बच्चों को 49 लाख का सहयोग किया



बच्चों को मदद देने पहुंचे टीचर सेल्फ केयर टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- **टीचर सेल्फ केयर टीम पहुंची दिवंगत शिक्षेका के घर**

**अमृत विचार :** दिवंगत शिक्षिका के बच्चों को टीचर सेल्फ केयर टीम ने 49 लाख का सहयोग किया है। शिक्षिका का निधन पिछले साल अक्टूबर में हो गया था जबकि उनके पति का निधन चार साल पहले हो गया था।

टीचर्स सेल्फ केयर टीम अमरोहा के जिला संयोजक सौरभ सक्सेना ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय ढकिया चमन ब्लॉक जोया में शिक्षिका ऋचा मलिक का निधन पिछले साल हो गया था। वह टीचर्स सेल्फ केयर टीम की नियमित सदस्य थीं एवं सहयोग कर रही थीं। उनके दो बेटे जिसमें से एक पुत्र कक्षा 11 में अध्ययनरत है। उन्होंने बताया कि टीचर्स सेल्फ केयर टीम में पूरे प्रदेश से 4 लाख से अधिक शिक्षक और कर्मचारी जुड़े हैं। जो किसी भी सदस्य के असामयिक निधन पर उसके नॉमिनी के खाते में सीधे 15.5 रुपए प्रति परिवार भेजते हैं। जिससे प्रति परिवार 49 लाख रुपए तक की सहयोग राशि प्राप्त हो जाती है। पहले 20 दिवंगत साथियों के परिवारों को 9 करोड़ 72 लाख से अधिक की सहयोग राशि दी गई है।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में होगा आंदोलन


संवाददाता, हसनपुर

- **किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा, नहीं होने देंगे निजीकरण**


**अमृत विचार :** किसान संगठनों ने बिजली के निजीकरण का कड़ा विरोध करते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी है। पूर्व में कई किसान संगठनों द्वारा विद्युत विभाग के निजीकरण का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सौंपे गए थे।

किसान संगठनों ने मांग की है कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के नाम पर हो रही अनियमितताओं और घोटालों पर ऊर्जा मंत्री को चुप्पी तोड़नी चाहिए। किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि निजी कंपनियां मुनाफा कमाने के लिए रेट बढ़ाएंगी, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। इसलिए बिजली के निजीकरण का फैसला वापस लिया जाए। किसानों ने ज्ञापन में स्मार्ट मीटर लगाने, बिजली के रेट ईंधन से जोड़ने, दिन और रात के अलग-अलग रेट तय करने, बिजली के 45 फीसदी रेट बढ़ाने का प्रस्ताव वापस लेने की मांग की। कहा कि किसानों को नलकूपों के लिए कम से कम 18 घंटे, ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू बिजली 20 घंटे, शहरी क्षेत्र में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।


भाकियू बीआरएसएस के महासचिव डॉ. योगेन्द्र सिंह मावी ने बताया कि बिजली निजीकरण से उपभोक्ताओं का शोषण होगा निजी कंपनियां मुनाफा कमाएंगी। उनका उद्देश्य पैसा कमाना होगा न कि अच्छी सेवा देना। स्मार्ट मीटर अधिक रीडिंग निकाल रहे हैं। प्रीपेड मीटरों से भी परेशानी होगी। हम इसका विरोध करते हैं।



सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए विद्युत विभाग का निजीकरण कर रही है। विद्युत विभाग का निजीकरण होता है तो सबसे बड़ा असर किसान पर पड़ेगा। इसलिए किसान हर हाल में इसका पुरजोर विरोध करेंगे।
**-काले सिंह**, ब्लॉक अध्यक्ष, भाकियू




विद्युत विभाग के निजीकरण करने से अन्नदाता की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। अन्य आमजन भी पर भी इसका असर पड़ेगा। वैसे ही किसान छुट्टा पशुओं के कारण परेशान हैं। इसलिए विद्युत विभाग का निजीकरण नहीं होना चाहिए।
**-भारत सिंह**, ग्रामीण



बिजली विभाग के निजीकरण का उपभोक्ता पर सीधा असर पड़ेगा। निजी कंपनियों के द्वारा किसान और उपभोक्ताओं का शोषण किया जाएगा। भाकियू बीआरएसएसएस इसका विरोध करती है। आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन किया जाएगा।
**- धीरज सिंह**, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भाकियू बीआरएसएसएस



सरकार बिजली का निजीकरण करके किसानों व अन्य लोगों के साथ धोखा कर रही है। बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की योजना है। किसान इसका पुरजोर विरोध कर जन आंदोलन करने मजबूर होंगे। सरकार किसी आल में बिजली का निजीकरण न करे।
**-देवेंद्र सैनी**, राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाकियू बीआरएसएसएस



भाकियू बीआरएसएसएस बिजली के निजीकरण का पुरजोर तरीके से विरोध करती है। निजीकरण से निजी कंपनियां केवल मुनाफा कमा कर उपभोक्ताओं का शोषण करेंगी। सरकार की इस योजना का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा।
**-उदयवीर सिंह**, राष्ट्रीय सलाहकार भाकियू बीआरएसएसएस

# सार-संक्षेप

## एसपी ने 6 नई स्कॉर्पियो को दिखाई हरी झंडी



**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा पुलिस को मिली डायल 112 की 6 नई स्कॉर्पियो को शनिवार को पुलिस कार्यालय से एसपी अमित आनंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये गाड़ियां श्रावण कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को देखते हुए पुलिस मुख्यालय से प्राप्त हुई हैं। सभी गाड़ियों में रूफटॉप पीजीटी कैमरा और बॉडी वॉर्न कैमरे लगे हैं। इनमें जीपीएस सिस्टम भी है। पुलिस अधीक्षक ने नई गाड़ियों पर तैनात पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। एसपी अमित आंनद ने बताया कि डायल 112 सेवा ने प्रदेश में नागरिक किसी भी आपात स्थिति में मदद के लिए 112 पर कॉल कर सकते हैं। इस मौके पर प्रभारी डायल 112 समेत अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवक बुरी तरह घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के गांव दौलतपुर कला निवासी कलाम अपने साथी रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया खादर निवासी हरीश के साथ नगर से घर लौट रहे थे जैसे ही उनकी बाइक अलीगढ़ मार्ग पर शाहपुर कला के निकट पहुंची तो सामने से आ रही गजरौला थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर निवासी पंकज की बाइक से भिड़ंत हो गई। पंकज रहरा थाना क्षेत्र के गांव कुरावली अपनी ससुराल से अपने घर लौट रहा था। बाइक भिड़ंत में दोनों बाइकों पर सवार तीनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों के द्वारा घायलों को नगर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जहां उनका उपचार चल रहा है। लेकिन कलाम की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

## समाधान दिवस में आई छह समस्याएं, दो का निस्तारण

**गजरौला, अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस के दौरान एएसपी व एसडीएम ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में छह शिकायतों में से मौके पर दो का निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को ना समाधान दिवस में एएसपी अखिलेश भदौरिया व एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। राजस्व विभाग और पुलिस से संबंधित छह शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए,जिनमें से मौके पर दो का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। एसडीएम व एएसपी ने निर्देशित करते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरतापूर्वक लें और प्राथमिकता के आधार पर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। सीओ श्वेताभ भास्कर, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान, एसएसआई बृजेश कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज अतवीर सिंह, बृजघाट चौकी इंचार्ज नितेंद्र वरिष्ठ, जोगिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में आईं 10 शिकायतें

**हसनपुर,अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक ने फरियादियों की फरियाद सुनी। इस दौरान राजस्व विभाग की 10 शिकायतें दर्ज की गईं। शासन के निर्देश पर शनिवार को नगर स्थित कोतवाली के प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में आए फरियादियों की फरियाद प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने सुनी। थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 10 शिकायतें दर्ज की गईं। प्रभारी निरीक्षक ने थाना समाधान दिवस में दर्ज हुई शिकायतों का जल्द समाधान करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा की कोई भी शिकायत लंबित न रहने पाये। शासन की मंशा का अनुरूप शिकायतों का समाधान किया जाये। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज संदीप पवार,उप निरीक्षक चुन्नीलाल समेत राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## अफवाह फैलाने वाले को पुलिस ने दी चेतावनी

**अमरोहा,अमृत विचार :** पटाखा फैक्ट्री में बिस्फोट में 5 महिलाओं की मौत हो गई थी। गांव पपसरा निवासी भीम रक्षक संगठन के सदस्य सौरभ नोटियाल द्वारा सोशल मीडिया पर जानकारी दी गई कि संगठन के अध्यक्ष सतपाल सिंह तवर 8-10 सदस्यों के साथ हरियाणा से गांव पपसरा में मृतकों के परिवार से मिलने आ रहे हैं। रजबपुर थाना प्रभारी पंकज तोमर ने बताया कि कार्यक्रम के सम्बन्ध में सतपाल सिंह तवर और पीआरओ सुनीता चौहान से वार्ता की तो उन्होंने बताया कि इस प्रकार का कोई कार्यक्रम नहीं है। इसके बाद पुलिस ने सौरभ नोटियाल को फटकार लगाई साथ ही पुनरावृति न करने की चेतावनी दी।

## युवक का बाइक से स्टंट करने का वीडियो वायरल

**हसनपुर, अमृत विचार :** बाइक से स्टंट करने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो रहरा थाना क्षेत्र के गांव जामुनों वाली के जंगल का बताया जा रहा है। जिसमें एक युवक तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए उसका अगला पहिया हवा में उठा रहा है, और स्टंट करता नजर आ रहा है। युवक न सिर्फ अपनी, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की जान भी जोखिम में डाल रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि इस मामले की जांच शुरू करा दी गई है। स्टंट करने वाले युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## भाकियू जनशक्ति की बैठक

**गजरौला, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति की बैठक शनिवार को गांव शकूराबाद में रहीस अहमद के आवास पर आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष जोगेन्दर सिंह ने कहा कि किसानों का गन्ने का बकाया पैसा उत्तर प्रदेश सरकार उनके खाते में पहुंचाए। किसान सम्मान निधि छह हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये करने की मांग की। कहा कि गांव के अन्दर हाईटेंशन लाइन होने की वजह से कई लोगों की मौत हो चुकी है। शकूराबाद गांव से हाईटेंशन लाइन हटवाई जाए। नरेश, रहीस अहमद, मुजम्मिल कल्लवा सैफी आदि किसान लोग मौजूद रहे।

## जामुन के पेड़ से गिरकर युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में पेड़ से जामुन तोड़ने चढा युवक गिरकर घायल हो गया। उसे नगर के निजी चिकित्साक के यहां भर्ती कराया। शुक्रवार की शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव अगापुर उर्फ याकूबपुर निवासी अरकान पुत्र इकबाल जामुन तोड़ने के लिए गांव के निकट पेड़ पर चढ़ गया। अचानक जामुन के पेड़ से उसका पैर फिसल गया और वह जमीन पर गिर कर बुरी तरह घायल हो गया। परिजनों ने नगर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

## मोमबत्ती से छप्पर मे लगी आग, भारी नुकसान

**हसनपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पौरारा में शुक्रवार दर्शन घर में उजाला करने के लिए जलाई गई मोमबत्ती से आग लग गई। सभी घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। गांव निवासी अक्षय कुमार ने शुक्रवार देर शाम उजाला करने के लिए घर में मोमबत्ती जलाकर रख दी। अचानक मोमबत्ती से घर में आग लग गई। गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। तब तक आग़ ने छप्पर के घर को स्वाहा कर दिया। अक्षय के मुताबिक आग से पंखा, गैस चूल्हा, बर्तन, कपड़े व अनाज समेत अन्य सभी घरेलू सामान राख हो गया है। दो लाख से अधिक के नुकसान की बात कही जा रही है। राजस्व विभाग को मामले की जानकारी दी गई है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर डीजे संचालकों की बैठक

**गजरौला, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा तैयारियों को लेकर डीजे संचालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने थाना परिसर में 30 से ज्यादा डीजे संचालकों के साथ मीटिंग करते हुए चेतावनी दी कि 12 फीट से ऊंचा और 14 फीट से ज्यादा चौड़ा डीजे वाहन बनाया तो कार्रवाई की जाएगी। डीजे पर धर्म और जाति विशेष पर, आपत्तिजनक, भड़काऊ अथवा अश्लील गाने बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही सड़क पर डीजे संचालकों ने प्रतिस्पर्धा की तो कार्रवाई की जाएगी। सभी डीजे संचालकों को नोटिस भी तामील कर दिया गया है और चेतावनी दी है कि दिए गए दिशा निर्देश का उल्लंघन करने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालय में हुआ टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन

**हसनपुर,अमृत विचार :** शनिवार को एचएसएस पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा आयोजित टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप का विषय अनुभवात्मक शिक्षा था। अध्यक्षता भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत डॉक्टर दिनेश बर्तवाल के द्वारा की गई। वर्कशॉप का आरम्भ प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य अंकुर काशिव के द्वारा प्रवक्ता डॉक्टर दिनेश बर्तवाल को गुलदस्ता भेंट कर किया गया। डॉ. दिनेश बर्तवाल ने समझाया कि किस प्रकार एक शिक्षक अपने अनुभवों के माध्यम से अपने विद्यार्थियों को शिक्षित कर सकता है एवं उनके बेहतर भविष्य के निर्माण में सहायक बन सकता है।

# दिव्यांग आश्रम के लिए जमीन दिलाने का झांसा दे 10 लाख हड़पे

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक महिला दिव्यांग समिति चलाती है। महिला का कहना है कि 6 महीने पहले असलम उर्फ मुस्तकीम निवासी मोहल्ला होली वाला असमोली और दिनेश निवासी सैदनगली मेले। कहा कि उनकी सेटिंग मुख्यमंत्री कार्यालय तक है। दिव्यांगों के आश्रम के लिए सरकारी ग्राम समाज की जमीन दिलाने की बात कही। दोनों ने 10 लाख रुपये मांगे और कहा कि मुरादाबाद मार्ग पर ग्राम समाज की जमीन दिला दंगे।

महिला ने चंदा करके दोनों को 10 लाख रुपये दे दिए लेकिन न तो जमीन दिलाई , न ही रुपये वापस किए। 20 मई को महिला पैसे वापस मांगने के लिए असलम के घर गई तो गाली गलौज करते हुए बुरी नीयत से पकड़ लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# देश की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई का बड़ा योगदान

## वर्ल्ड एमएसएमई डे पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की और से आयोजित कार्यक्रम में बोले चेयरमैन विकास अग्रवाल

कार्यालय संवाददाता,संभल



अतिथियों का सम्मान करते इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- वक्ताओं ने उत्तर प्रदेश की सिंगल विंडो प्रणाली में बताईं खामियां
- आईआईए हमेशा चिंतन करता है कि कैसे प्रगति में योगदान दे

**अमृत विचार:** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन संभल चैप्टर की और से वर्ल्ड एमएसएमई दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुरादाबाद डिवीजनल चेयरमैन विकास अग्रवाल ने उद्यमियों से संवाद करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में कृषि के बाद एमएसएमई का सबसे बड़ा योगदान है।

कहा कि आईआईए हमेशा गहनता से चिंतन करता है कि एमएसएमई कैसे आगे बढ़े और देश की प्रगति में कैसे योगदान दे।

बहजोई चंदौसी मार्ग पर एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बिजनौर चैप्टर चेयरमैन अवनीश अग्रवाल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में आईआईए द्वारा एमएसएमई के हितार्थ किए जा रहे कार्यों पर चर्चा हुई। वरिष्ठ उद्यमी फूल प्रकाश , अरविन्द अरोड़ा, संजय सांख्यधर व परमेश्वर लाल सैनी ने भी विचार रखे। मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र आशीष शुक्ला द्वारा एमएसएमई की विभिन्न नीतियों के बारे में बताते हुए कहा गया कि 500 करोड़ तक की यूनिट एमएसएमई में आती है। उद्यमी फूल प्रकाश ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सिंगल विंडो प्रणाली में बहुत खामियां हैं। नजदीकी राज्यों में यह व्यवस्था बहुत ही निष्पक्ष व उद्योग हित में है।

अध्यक्षता चैप्टर चेयरमैन कमल कौशल वार्ष्णेय एवं संचालन सचिव सुबोध गुप्ता ने किया। नीरज चौधरी ,विकास अग्रवाल,आशीष गुप्ता ,विनीत सर्राफ ,शोभित अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, सुहैल परवेज,अक्षांश वार्ष्णेय ,विनय वार्ष्णेय ,राजीव कृष्णा,राहुल अग्रवाल , नितिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### ट्रक से टकराई कार , एक व्यक्ति की मौत ,दो घायल


मृतक चंद्रशेखर।

**मंडावर, अमृत विचार :** शनिवार की सुबह मंडावर बस स्टैंड के पास एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई ।जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना क्षेत्र के चंदक गांव निवासी चंद्रशेखर, उसके पिता ओमप्रकाश सिंह तथा शेखर के जीजा रायपुर बेरिसाल निवासी अशोक कुमार कार से शनिवार की सुबह मुरादाबाद से घर आ रहे थे। मंडावर बस स्टैंड से थोड़ा आगे सड़क किनारे खड़े ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में तीनों घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। तीनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा। चंद्रशेखर की हालत गंभीर देखते हुए मेरठ के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है ।और वही पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई करते हुए चंद्रशेखर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### किसानों के बिना नहीं की जा सकती भारत की कल्पना

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठन और उसके लक्ष्य के बारे में बताया गया। कहा गया कि किसान की तरक्की के बिना देश की तरक्की की कल्पना नहीं की जा सकती ।किसान कई समस्याओं से जूझ रहा है जिनका समाधान जरूरी है। शनिवार को ग्राम सैडोरा में संपन्न भारतीय किसान संघ ब्लॉक रजपुरा का जिला प्रशिक्षण वर्ग चार सत्रों में संपन्न हुआ। अध्यक्षता लखपत राम ने की। प्रथम व चतुर्थ सत्र जिला मंत्री भूपेन्द्र सारस्वत ने कहा कि संघ किसानों का किसानों के लिए किसानों द्वारा चलाया जाने वाला गैर राजनैतिक राष्ट्रवादी संगठन है। किसान और कृषि के बगैर भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पूरे विश्व में कृषि का विकास हो रहा है, वहीं भारत में किसान असहाय है। द्वितीय सत्र जिला अध्यक्ष महिपाल सिंह ने जबकि तृतीय सत्र जिला सह मंत्री राघवेन्द्र ने संभाला। संचालन ब्लॉक मंत्री दानवीर सिंह ने किया। जिला महिला प्रमुख पिंकी यादव, जिला बीज प्रमुख ओमप्रकाश सैनी सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जमीन के बदले किसानों को मिले चार गुना मुआवजा



**चन्दौसी,अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने शनिवार को एसडीएम आशुतोष तिवारी को ज्ञापन सौंपा कि गांव असालतपुर जारई से 2 किलोमीटर दूर हिंदुस्तान इंडस्ट्रियल प्लेज पार्क के बराबर पीडब्ल्यूडी द्वारा 3 किलोमीटर फोरलेन मार्ग चन्दौसी–मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 509 पर बनियाठेर पर जाकर निकलता है। कुछ अधिकारियों ने प्लेज पार्क के स्वामी को फायदा पहुंचाने की नियत से नपत ठीक नहीं की। कच्चे रास्ते के मध्य के बजाय किसानों की तरफ की भूमि नापी गई है, जो अन्याय है और नियम विरुद्ध है। किसानों को सर्किल रेट के हिसाब से मुआवजा चार गुना दिया जाना चाहिए। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद शर्मा, राहु कश्यप, शानू शर्मा, मंगल सैन सैनी, रामपाल, संजीव राघव, प्रतिपाल, चरन सिंह, मुकेश शर्मा, आकाश, सुदेश तोमर, देश पाल मोर्य, रामप्रसाद मौर्य, अंशु राघव, ओमकार सिंह, दिनेश आदि मौजूद रहे।

### मक्का की फसल नष्ट करने के विरोध पर मारपीट

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव गौंहत निवासी अशोक ने गांव के ही रौदास से जमीन ठेके पर ले रखी है। जमीन को समय से खाली न करने पर एक युवक ने खेत में पड़ी मक्के की फसल में हैरो चला दी। अशोक ने विरोध किया तो दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए और मारपीट हुई। लोगों ने किसी तरह दोनों पक्षों को शांत किया। अशोक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# युवक के बाल काटने से इंकार पर विवाद, सीओ ने संभाली स्थिति

कार्यालय संवाददाता, संभल


एसडीएम कार्यालय पहुंचे समाज के लोग। ● अमृत विचार

- खिरनी चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की उठी मांग
- सीओ ने अपने सामने युवक के कटवाये बाल, चेतावनी दी

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति का युवक बाल कटवाने के लिए पहुंचा तो दुकानदार ने बाल काटने से इंकार कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर गांव पहुंचे सीओ ने अपनी मौजूदगी में युवक के बाल कटवाकर विवाद खत्म कराया।

नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला हातिम सराय निवासी अनुज राजौरिया ने खिरनी चौकी पुलिस को तहरीर दी कि कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव सैंडा में अनुसूचित जाति का युवक राजकुमार 27 जून को सुबह हेयर कटिंग की दुकान पर बाल कटवाने के लिए गया। दुकानदार ने जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए बाल काटने से इंकार कर दिया और गाली गलौज करते हुए भगा दिया। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट अमरजीत सिंह, रोहित वाल्मीकि, दीपेश वाल्मीकि, विनीत ढिलौर, मुकुल मरोठिया, आयुष भंडारी ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग उठाई। प्रकरण की जानकारी मिलने पर सीओ संभल आलोक भाटी गांव पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों से बात की और बाल काटने वाले को हिदायत दी कि जातीय भेदभाव करेगा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उसने माफी मांगते हुए सीओ की मौजूदगी में युवक के बाल काटे।

# कमरे में फंदे से लटका मिला किशोर का शव

संवाददाता, बिजनौर

- परिजनों ने कहा, पिता पर कर्ज से तनाव में था किशोर


मृतक आदित्य।

**अमृत विचार:** मकान की छत पर बने कमरे में फंदे से किशोर का शव लटका मिला। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शेरकोट में मोहल्ला वीरथला निवासी संजय पुण्डीर के 15 वर्षीय इकलौता पुत्र आदित्य पुण्डीर रात को छत पर बने कमरे में सोने गया था। सुबह जब मां निर्मला जगाने गईं तो कमरा अंदर से बंद था। किसी तरह कमरा खोलने पर आदित्य का शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों के अनुसार, संजय पुण्डीर पर काफी कर्ज था। कर्जदार अक्सर घर आकर परेशान करते थे। इससे आदित्य तनाव में रहता था। वह पिछले तीन-चार दिनों से खाना भी नहीं खा रहा था और किसी से बात भी नहीं कर रहा था। थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# सेवानिवृत्त वैज्ञानिक से ठगी रकम 75 खातों में भेजकर निकाली

**बरेली,अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी को ठगों ने पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 1.29 करोड़ रुपये ठग लिए।

साइबर ठगों के खातों में रकम पहुंचते ही 75 बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। शक के दायरे में आए सभी 75 बैंक खाते केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में हैं। साइबर क्राइम पुलिस सभी बैंक खातों को फ्रीज कराकर रकम रिकवर कराने के प्रयास में जुटी है। पश्चिमी बंगाल के मूल निवासी सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी को 16 जून को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आया। ठग ने खुद को बेंगलुरु सिटी में तैनात सीबीआई अफसर बताया था।

# भारत विकास परिषद के संस्थापक की जयंती मनाई



डॉ . सूरज प्रकाश के चित्र परक्ष पुष्प अर्पित करते परिषद के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- स्थापना दिवस पर सामाजिक कार्य पखवाड़े का होगा आयोजन

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। पदाधिकारियों ने डॉ. सूरज प्रकाश के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित किए।

विपिन कुमार ने बताया कि डॉ. सूरज प्रकाश का जीवन राष्ट्र सेवा व भारतीय मूल्यों को समर्पित रहा है। 1947 में भारत विभाजन के दौरान उन्होंने लाहौर में फंसे हिन्दुओं को सुरक्षित भारत लाने व उनके और जम्मू-कश्मीर के विस्थापितों के पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत विकास परिषद की देश भर में 1600 से अधिक शाखाएं व डेढ़ लाख सक्रिय सदस्य हैं, जो विभिन्न सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए हैं। बताया कि 10 जुलाई तक एक पखवाड़े के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, सेवा, संस्कार, पर्यावरण व ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाएंगे। प्रवीण गुप्ता, डॉ. सुमन गुप्ता, प्रभात कृष्णा, संजीव शर्मा, नागेश गुप्ता, डॉ. जयशंकर दुबे, अभिषेक गुप्ता, भावना गुप्ता, दिनेशचंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण अभियान: 5 दुकानों को खाली कराया



**चन्दौसी, अमृत विचार:** एनकेबीएमजी कॉलेज मार्ग के बाद संभल गेट पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। जिसमें संभल गेट से कंपनी बाग जाने वाले मार्ग पर बनी 5 दुकानों को हटाने के निर्देश दिए। शुक्रवार की शाम तक दुकानें खाली करा लीं। शनिवार को दुकानों पर जेसीबी फिलहाल नहीं चल सकी।

गुरुवार को प्रशासन ने नगर पालिका टीम के साथ एनकेबीएमजी कॉलेज मार्ग पर नाले के ऊपर बने अतिक्रमण को जेसीबी हटाया था जिसमें 3 नगर पालिका की दुकानें शामिल थी। जबकि इसी मार्ग पर बने मकान मालिकों से बैनामे दिखाने की बात कही। मगर वह अपने बैमाने नहीं दिखा सके। शुक्रवार को प्रशासन ने संभल गेट से कंपनी बाग जाने वाले मार्ग पर नाले से सटकर बनी दुकानों को खाली कराने के निर्देश दिए।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

मुसीबत — कुछ ही दिनों में माता–पिता, दो बेटियों, लकड़ी कारोबारी और किशोर ने कर ली आत्महत्या

# कर्ज के मकड़जाल में फंसकर जान गंवा रहे हैं ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता,बिजनौर

**अमृत विचार:** कर्ज का जाल जानलेवा होता जा रहा है। कुछ दिनों पहले दंपती और दो बेटियों ने जहर खा लिया जिसमें मां और दो बेटियों की मौत हो गई। वहीं शनिवार को 16 वर्षीय आदित्य पुंडीर का शव उसके कमरे में पंखे से लटका मिला। कोई सोच भी नहीं सकता था कि 10वीं कक्षा का यह होनहार छात्र इतनी बड़ी हताशा और दबाव में था।

शेरकोट कस्बे के मोहल्ला बाल्मीकि नगर निवासी आदित्य पुंडीर कक्षा 10 का छात्र था। उसका शव शनिवार को कमरे में फंदे पर लटका मिला। परिजनों के अनुसार आदित्य के पिता संजय पुंडीर पर लाखों रुपये का कर्ज था, जिसे चुकाने के लिए वह हरिद्वार में मजदूरी कर रहे थे। इस बीच साहूकार और फाइनेंस कंपनियों के एजेंट लगातार घर आकर किशोर आदित्य पर ही दबाव बना रहे थे। आरोप है कि वसूली एजेंट न सिर्फ तगादा करते थे, बल्कि धमकी देते थे कि पिता को कहो पैसे भेजें वरना घर और नाम खराब कर देंगे। बताया जाता है कि परिवार के पास शेरकोट में तीन मंजिला पुश्तैनी मकान था, जिसे कर्ज चुकाने के लिए बेचना पड़ा। अब परिवार उसी मकान में किराए पर रहने को मजबूर है। आदित्य के लिए यह मानसिक बोझ शायद असहनीय साबित हुआ और उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शेरकोट थाना प्रभारी ने बताया कि किशोर की आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं। यदि साहूकार या फाइनेंस कंपनी की भूमिका सामने आती है, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कई घटनाएं हुईं

बिजनौर जिले में तीन दिनों में आत्महत्याओं के मामले गहराते हुए सामाजिक संकट का संकेत है। नूरपुर के टंडेरा में फाइनेंस कंपनी की उत्पीड़नात्मक वसूली नीति से परेशान एक ही परिवार के चार लोगों ने जहर खा लिया। मां और दो बेटियों की मौत हो गई, जबकि पिता अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। हल्दौर के ग्राम खारी में लकड़ी कारोबारी गफ्फार उर्फ भूरा (43) ने फाइनेंस कंपनी और साहूकारों के कर्ज तले दबकर आत्महत्या कर ली। परिवार के मुताबिक ब्याज और धमकियों ने उसे मानसिक रूप से तोड़ दिया था। पीछे पत्नी और तीन बेटियों को छोड़ गया। अब किशोर ने जान दे दी।

### वसूली का तरीका अमानवीय

इन तीनों मामलों में एक बात कॉमन है फाइनेंस कंपनियों और साहूकारों की अवैध वसूली। धमकाना, मानसिक उत्पीड़न, घर आकर दबाव बनाना, और यहां तक कि बच्चों व महिलाओं को टारगेट करना, ये तरीके अब आम हो चले हैं। हालांकि फेयर प्रैक्टिस कोड के तहत फाइनेंस कंपनियों को मानवीय और संवेदनशील ढंग से वसूली के निर्देश हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है। समाजसेवी डॉ मनोज कुमार वर्मा का कहना है, आर्थिक तंगी और सामाजिक उपेक्षा, खासकर छोटे शहरों में, लोगों को मानसिक रूप से कमजोर बना देती है। जब स्कूल जाने वाले बच्चे आत्महत्या कर रहे हों, तो यह महज एक घरेलू समस्या नहीं, बल्कि नीति की विफलता है।

## एक नजर

### कृषि यंत्रों की खरीद को 12 जुलाई तक करें आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के किसान कृषि यंत्रों की खरीद के लिए 12 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने पोर्टल पर किसानों से आवेदन मांगें हैं। शासन के अधिकारियों के अनुसार, किसानों की खेती को बढ़ाने के साथ ही उत्पादन अधिक व लागत कम की अवधारणा पर राज्य सरकार काम कर रही है। इसी के तहत किसानों को कृषि ड्रोन व कृषि यंत्र की खरीद पर निरंतर अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान प्राप्त करने के लिए वर्तमान में आवेदन शुरू हो गया है। किसान विभागीय पोर्टल www.agridarshan.up.gov.in पर आवेदन करने के लिए पोर्टल के जरिए ही सभी विवरण प्राप्त कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि कृषि यंत्रों की बुकिंग 27 जून से शुरू हुई है, जो 12 जुलाई तक चलेगी।

### नए कानूनों के तहत 458 लोगों को दिलाई सजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के जरिए पिछले करीब एक वर्ष में तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत चिन्हित कुल 457 मामलों में 458 लोगों को सजा दिलाई गई है। इसकी हाल ही में बनारस में मध्य क्षेत्रीय परिषद की मीटिंग में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी काफी सराहना की। योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की देश ही नहीं दुनिया भर में सराहना हो रही है। पिछली सरकारों में गुंडा राज और ध्वस्त कानून व्यवस्था के लिए पहचाने जाने वाले उत्तर प्रदेश को आज सुशासन और सुदृढ़ कानून व्यवस्था के लिए नई पहचान मिली है। अभियोजन एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि पिछले करीब एक साल में तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत अब तक 457 मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। इनमें 4 अपराधियों को मृत्युदंड (फांसी की सजा), 10 अपराधियों को आजीवन कारावास, 425 अपराधियों को 20 वर्ष से कम कारावास की सजा और 19 अपराधियों को 20 वर्ष से अधिक कारावास की सजा दिलाई गई है।

# हीट वेव से ग्रीन वेव की ओर बढ़ रहा प्रदेश : योगी

## मुख्यमंत्री ने जुलाई माह में शुरू हो रहे पौधरोपण महाभियान 2025 का लोगो किया जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान पौधरोपण अभियान का लोगो जारी करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

**अमृत विचार :** प्रदेश में आगामी जुलाई माह में आयोजित होने जा रहे वन महोत्सव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। पौधरोपण महाभियान-2025 का लोगो जारी करते हुए कहा कि इस बार एक दिन में प्रदेश की कुल जनसंख्या से भी अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम थीम पर महाअभियान में सामूहिक प्रयास प्रदेश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान को प्रदेशव्यापी जनांदोलन का रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से 2024 के बीच प्रदेश में 204.92 करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं और भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की रिपोर्ट के अनुसार 2017 से 2023 के बीच उत्तर प्रदेश के हरित आवरण में ऐतिहासिक रूप से तीन लाख एकड़ की वृद्धि दर्ज की गई है, जो व्यापक जनसहभागिता से ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष वन महोत्सव में एक अभिनव पहल की घोषणा करते हुए कहा कि वन महोत्सव की अवधि में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात शिशु को "ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट" प्रदान किया जाए, साथ ही शिशु के अभिभावकों को एक पौधा भी भेंट किया जाए।

**प्रत्येक रोपे गए पौधे की हो जियो टैगिंग और फेंसिंग :** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक रोपे गए पौधे की जियो टैगिंग कराई जाए और उनकी फेंसिंग की समुचित व्यवस्था हो। जनता को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल और संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया जाए, ताकि लगाए गए पौध वृक्ष बन सकें।

**अधिकारियों ने गिनाई तैयारी और कार्ययोजना :** कार्ययोजना के संबंध में अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस बार वन विभाग द्वारा 12 करोड़ 60 लाख पौधे तथा अन्य विभागों द्वारा 22 करोड़ 40 लाख पौधे लगाए जाएंगे। विभागवार लक्ष्यों का निर्धारण किया जा चुका है और ग्रामीण व शहरी माइक्रोप्लान पर कार्य प्रगति पर है।

### नदियों के पुनर्जीवन को भी केंद्र में रखने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने इस वर्ष वन महोत्सव के अंतर्गत नदियों के पुनर्जीवन को भी केंद्र में रखने के निर्देश दिए। इस बार वन महोत्सव के अंतर्गत नदियों के दोनों तटों पर पौधरोपण कराया जाए, जिससे जल गुणवत्ता और जैव विविधता दोनों को लाभ मिले। साथ ही आवश्यकतानुसार नदियों का चैनलाइजेशन भी किया जाए।

# सैमसंग समेत चार कंपनियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- औद्योगिक विकास मंत्री ने विभागीय प्रस्ताव पर दी स्वीकृति

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की ओर से सैमसंग समेत चार कंपनियों को 189.60 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इस सिलसिले में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने विभागीय प्रस्ताव पर स्वीकृति दे दी।

शासन के अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति के तहत निजी कंपनियों को प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। औद्योगिक विकास मंत्री ने सैमसंग नोएडा समेत चार कंपनियों को 189 करोड़ 70 लाख 47 हजार 915 रुपए का प्रोत्साहन राशि जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। अब जल्द ही प्रोत्साहन सैमसंग समेत अन्य तीन कंपनियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इन कंपनियों में मेसर्स एलजी इलेक्ट्रानिक्स को 20 करोड़ 49 लाख 18 हजार 513 रुपये, मेसर्स पसवारा पेपर्स लिमिटेड मेरठ को दो करोड़ 57 लाख पांच हजार 275 रुपये, मेसर्स सैमसंग इडिया इलेक्ट्रानिक्स प्राइवेट लिमिटेड नोएडा को 124 करोड़ 58 लाख 43 हजार 888 रुपये और मेसर्स वरुण बेवरेजेज लिमिटेड संडीला हरदोई को 42 करोड़ पांच लाख 80 हजार 239 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मंत्री नंदी ने कहा कि इस प्रोत्साहन राशि से उद्योगों को और बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले जहां प्रदेश से उद्योग धंधों का पलायन हो रहा था, वर्तमान सरकार में प्रदेश निवेश का प्रमुख केंद्र बन कर उभरा है।

# इलाज कराएंगे, आवास भी देंगे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में बीमार बिटिया को गोद में लेकर बैठी महिला को भरोसा दिया कि अच्छे से अच्छा इलाज सरकार कराएगी। महिला और उसके परिवार के लिए आवास की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इसे लेकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

योगी ने जनता दर्शन में आए करीब 200 लोगों से मुलाकात की। समस्याएं सुनते हुए आश्वस्त किया कि वे हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। मुख्यमंत्री ने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का एस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराएं। एस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

### राष्ट्रपति की भव्य अगवानी करेगा गोरखपुर

प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल होने आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की भव्य अगवानी में कोई खामी न रहे, इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी ने लगातार दूसरे दिन शनिवार को भटहट के पिपरी स्थित आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। 30 जून और 1 जुलाई को राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे को लेकर हिदायत दी कि कोई कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए। योगी ने भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की।

# संविधान से छेड़छाड़ की तो सड़कों पर उतरेगी बसपा

## मायावती ने कहा- कांग्रेस-भाजपा ने मिलकर संविधान में किए गैर जरूरी संशोधन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- देशभर में मजबूत संगठन तैयार करेगी बसपा



प्रेस कांफ्रेंस करतीं बसपा प्रमुख मायावती।

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि अगर संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ हुई तो बसपा चुप नहीं बैठेगी। संविधान की रक्षा के लिए देश भर में सड़कों पर उतरेगी। बसपा प्रमुख शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस व भाजपा ने मिलकर संविधान में गैर जरूरी संशोधन किये हैं। उन्होंने कहा कि बसपा देश भर में मजबूत संगठन तैयार करेगी और आने वाले लोकसभा व राज्यों के विधानसभा चुनावों में मजबूती से उतरेगी। उन्होंने कहा कि सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर ने मानवतावादी संविधान दिया है, पर भाजपा व कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर के संविधान को कभी भी ईमानदारी से लागू नहीं किया। दोनों ही दलों ने समय-समय पर अपने राजनीतिक हितों, विचारधाराओं व नीतियों के लिए संविधान में गैर जरूरी संशोधन किये हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी अपने चाल-चरित्र व चेहरे को छुपाने के लिए लोगों का ध्यान हटाने के लिए ऐसी चालें चलती रहती हैं। संविधान बदलने की नीति में कांग्रेस व भाजपा दोनों की मिलीभगत रहती है।

### मतदाता सूची पर निर्वाचन आयोग स्थिति स्पष्ट करे

बसपा प्रमुख ने कहा कि मतदाता सूची को लेकर सुधार के लिए जो बातें हो रही हैं, उसमें भारत निर्वाचन आयोग को अपनी स्थिति जरूर स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार, सभी भाषाओं का सम्मान होना चाहिए, इस पर वाद-विवाद ठीक नहीं। बसपा प्रमुख ने कहा कि देश में जातिवादी मानसिकता के तहत खासकर दलित वर्गों के लोगों का शोषण, अत्याचार व उत्पीड़न किया जा रहा है, यह भी कोई अच्छी बात नहीं है। देश में बीच-बीच में हो रही आतंकवादियों की घटना को लेकर केंद्र सरकार को पुलिस और जनता के साथ रहना चाहिए, ताकि कोई आतंकवादी संगठन अपने किसी भी मकसद में कामयाब न हो सके।

# यूपीएससी व यूपीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बनेंगे मेंटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ने 11 जुलाई तक मांगे आवेदन

**अमृत विचार :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) या उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले पूर्व प्रशिक्षुओं को 'मेंटर' बनने का मौका मिलेगा। छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ने इच्छुक लोगों से आवेदन मांगें हैं।

इस पहल का लाभ उन युवाओं को मिलेगा, जिन्होंने पूर्व के वर्षों 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 में संस्थान से कोचिंग ली है। आवेदन की अंतिम तारीख 11 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट www.bhagidaribhawan.in पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी पवन कुमार यादव ने बताया कि पांच युवाओं का चयन किया जाएगा, जिन्हें प्रत्येक कक्षा के लिए 500 रुपये का मानदेय दिया जाएगा।

# अभियंताओं पर कार्रवाई उद्योगपतियों के इशारे पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाते हुए कहा कि निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत बिजली अभियंताओं पर विजिलेंस की ओर से की गई कार्रवाई उद्योगपतियों के इशारे पर की गई है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों में जिस प्रकार की कार्रवाई चल रही है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि बिजली कंपनी को पावर कॉरपोरेशन नहीं बल्कि उद्योगपतियों का प्रबंधन चला रहा है। बिजली कंपनियों को खरीदने के पहले कार्मिकों को कमजोर किया जा रहा है।

# कॉरिडोर के नाम पर लूट तंत्र सक्रिय

## गोरखपुर में विरासत गलियारा को लेकर सपा प्रमुख ने साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रेस वार्ता करते अखिलेश यादव।

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गोरखपुर में 'विरासत गलियारा' को लेकर योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि कारिडोर के नाम पर भाजपाई लूट तंत्र सक्रिय है। यदि गोरखपुर वालों ने अपने मुंह खोल दिए तो वहां पर विरासत गलियारा की जगह हिरासत गलियारा बनवाना पड़ेगा।

वे राजधानी लखनऊ में शनिवार को सपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। अखिलेश यादव ने गोरखपुर में सपा कार्यकर्ताओं से हुई अभद्रता को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को भाजपा के लोगों ने बुलडोजर लेकर रोका। पीड़ित दुकानदारों से मिलने नहीं दिया। इसमें पुलिस-प्रशासन भी उन्हीं लोगों का साथ दे रहा था। अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर के डीएम व एसएसपी पर अभी कार्रवाई नहीं हुई तो सपा सरकार बनने पर इन अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

सपा मुखिया ने कहा कि गोरखपुर में जमीन-मकान का मुआवजा आपसी सहमति से नहीं, बल्कि बाजार की कीमत के हिसाब से देना चाहिए। सरकार पुलिस को आगे करके, डरा धमकाकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों से जबरदस्ती सहमति पत्र जारी करा रही है। जहां जमीन दिखती है, भाजपा उस पर कब्जा करने लगती है।

# लक्कड़ शाह दरगाह के कथित ध्वस्तीकरण पर मांगा जवाब

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच की लक्कड़ शाह दरगाह के ध्वस्तीकरण के आरोप को लेकर दाखिल एक अवमानना याचिका पर राज्य सरकार के अधिवक्ता को आदेश दिया है कि वह मामले में पूरी जानकारी लेकर अगली सुनवाई पर अवगत कराएं। मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की अवकाशकालीन एकल पीठ ने दरगाह प्रबंधन समिति की अवमानना याचिका पर पारित किया। याचिका में राज्य सरकार द्वारा 10 जून को मामले में कोर्ट में दिए गए आश्वासन के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कहा था कि बहराइच के मूर्तिहा वन रेंज स्थित लक्कड़ शाह समेत तीन अन्य मजारों पर ढहाने की कार्रवाई रोक दी गई है। कहा गया है कि बावजूद इसके 13 जून को ध्वस्तीकरण की करवाई शुरू कर दी गई।

# किसान मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का प्रदर्शन जारी

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है। इस बीच, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में प्रदेश भर में चल रहा विरोध प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स और संयुक्त किसान मोर्चा ने राज्य सरकार के सतर्कता विभाग के जरिए बिजली कर्मियों के खिलाफ एफआईआर कराये जाने की कड़ी निंदा करते हुए चेतावनी दी कि अगर बिजली कर्मियों का उत्पीड़न किया गया तो देश भर के बिजली कर्मचारी और किसान मूकदर्शक नहीं रहेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ने देश भर के बिजली कर्मियों का आह्वान किया कि प्रदेश में चल रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया और दमनकारी रवैया के विरोध में 2 जुलाई को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर शामिल हों।

संयुक्त किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण को बड़ी लूट बताते हुए निजीकरण का निर्णय तत्काल निरस्त करने की मांग की है। किसान मोर्चा ने कहा है कि निजीकरण के बाद क्रॉस सब्सिडी के बिना 7.5 एचपी पंप-सेट का उपयोग करने वाले किसान को मासिक बिजली बिल के रूप में 10,000 रुपये से अधिक का भुगतान करना होगा।

# दक्षिणांचल निगम खत्म होने पर फ्रेंचाइची टोरंट का क्या होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा विभाग से पूछा सवाल

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने ऊर्जा विभाग से सवाल करते हुए कहा कि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम खत्म होने पर आगरा में बिजली आपूर्ति में लगी निजी फ्रेंचाइची कंपनी टोरंट का क्या होगा। आयोग ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में यह सवाल किया है। अंतरिम रिपोर्ट का जवाब मिलने पर आयोग वृहद रिपोर्ट भेजेगा।

सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट पर सरकार की ओर से अभिमत मांगे जाने पर पिछले दिनों नियामक आयोग ने वित्तीय खामियां बताते हुए सरकार को अंतरिम रिपोर्ट भेजी थी। सूत्रों के अनुसार, इसी रिपोर्ट में आयोग ने टोरंट के भविष्य को लेकर सवाल उठाये हैं। विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की पोल लगातार खुलती जा रही है।

## वर्ग पहेली-16

**बाएं से दाएं**

4.1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5.1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल-चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9.1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10.1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

**ऊपर से नीचे**


1.1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2.1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3.1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7.1. छोटी लता 2. बेल।

8.1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है



### वर्ग पहेली -15 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 श | रा | स | न | | | 2 पु |
| | | | | 3 बं | द | नी |
| | | 4 ब | | दा | | ता |
| | 5 म | हा | ज | न | | |
| 6 दं | दा | ना | | 7 वा | क | या |
| | र | | | ज़ | | |
| | | 8 खा | टी | | 9 धे | री |

## सुडोकू -23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 1 | | | | 7 |
| 9 | | | | 6 | | | 1 | |
| | 1 | | 2 | | | 4 | 6 | |
| 8 | | 7 | | 4 | | 3 | | |
| | 4 | | 9 | | 6 | | 5 | |
| | | 1 | | 3 | | 9 | | 8 |
| | 8 | 6 | | | 5 | | 7 | |
| | 2 | | | 7 | | | | 3 |
| 4 | | | | 2 | | 1 | | |

### सुडोकू - 22 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 3 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी-09.14 तक तत्पश्चात पंचमी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल- पश्चिम ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 06.34 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। बच्चों के करियर को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। नया रोजगार शुरू करने के योग बन रहे हैं। कमीशन के कारोबार से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है। नये काम को टालने से बचना चाहिए।

**वृष** — आज परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपने संपर्कों को मजबूत कर लें। कोई बड़ा व्यापारिक ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। कब्ज और पेटदर्द की समस्या हो सकती है। बदलते मौसम का प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। रियल एस्टेट में निवेश शुभ होगा।

**मिथुन** — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। अनुभवी व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। आपकी योग्यता को लोग सराहेंगे। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आपके लिए बहुत ही अच्छा दिन रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है।

**कर्क** — आज परिवार में आपसी विश्वास में कमी उत्पन्न हो सकती हैं। आपको अभद्र भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए। आलस्य के कारण आप काम से बचने का प्रयास करेंगे। नई भूमि-संपत्ति खरीदने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी बरतें।

**सिंह** — आज परिवार में हर्ष का वातावरण रहेगा। आप कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**कन्या** — आज अपना समय व्यर्थ में बर्बाद न करें। सही समय पर काम पूरा न कर पाने के कारण आपको कठिनाई हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं को बाहरी लोगों से साझा न करें। प्रेम संबंधों में भ्रम की स्थिति बन सकती है। आपके सम्मान में कमी आने के योग बन रहे हैं।

**तुला** — आज कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। ऑनलाइन व्यापार में अच्छे परिणाम मिलेंगे। रचनात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अपनी प्रतिभाओं और क्षमताओं को पहचानें। घर की समस्या दूर होगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज घर-गृहस्थी की समस्या दूर होने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को जॉब के अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं। उच्चाधिकारी आपका काफी सहयोग करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। व्यापार में सहयोगियों से संबंध मजबूत होंगे।

**धनु** — आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में आपकी रुचि जागृत होगी। धन के लेन-देन को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। पुरानी नकारात्मक बातों के कारण थोड़े निराश होंगे। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं। विवाहेतर संबंधों के कारण कठिनाई होगी। भावुकता के कारण लिए गए निर्णय आपको नुकसान पहुंचायेंगे। बच्चों के साथ आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। स्वभाव में चिड़चिड़ेपन के कारण थोड़ी परेशानी होगी।

**कुंभ** — आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है। बड़े कारोबारी ऑर्डर मिल सकते हैं। आपका मन संतुष्ट रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था में बढ़ोत्तरी होगी। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव के बावजूद आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**मीन** — आज आपसे कोई भूल हो सकती है। पुण्य कार्यों पर आपको धन खर्च होगा। मन में सन्तुष्टि का भाव रहेगा। सभी कार्य पूरे मनोयोग से करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आने की संभावना है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।


# प्रस्तावना पवित्र, आपातकाल में जोड़े शब्द नासूर

## उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं, आपातकाल के दौरान किया गया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं है, लेकिन भारत में आपातकाल के दौरान इसे बदला गया जो संविधान निर्माताओं की बुद्धिमत्ता के साथ विश्वासघात का संकेत है।

उन्होंने कहा कि 1976 में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में जो शब्द जोड़े गए, वे नासूर थे और उथल-पुथल पैदा कर सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने एक पुस्तक विमोचन समारोह में कहा, यह हजारों वर्षों से इस देश की सभ्यतागत संपदा और ज्ञान को कमतर आंकने के अलावा और कुछ नहीं है। यह सनातन की भावना का अपमान है। धनखड़ ने प्रस्तावना को एक बीज बताया जिस पर संविधान विकसित होता है। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा किसी दूसरे देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया।



धनखड़ ने कहा, इस प्रस्तावना में 1976 के 42वें संविधान (संशोधन) अधिनियम के जरिये बदलाव हुआ था। संशोधन के माध्यम से इसमें समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े गए थे। यह न्याय का उपहास है कि जिस चीज को बदला नहीं जा सकता, उसे आसान ढंग से, हास्यास्पद तरीके से और बिना किसी औचित्य के बदला गया और वह भी आपातकाल के दौरान जब कई विपक्षी नेता जेल में थे। धनखड़ ने आगाह करते हुए कहा, आप गहराई से सोचें, तो पाएंगे कि हम अस्तित्वगत चुनौतियों को पंख दे रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि बीआर आंबेडकर ने संविधान पर कड़ी मेहनत की थी और उन्होंने निश्चित रूप से इस पर ध्यान केंद्रित किया होगा। धनखड़ ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब आरएसएस ने गुरुवार को संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा का आह्वान किया था। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले के इस आह्वान की आलोचना की। विपक्ष ने इसे राजनीतिक अवसरवाद और संविधान की आत्मा पर जानबूझकर किया गया हमला करार दिया है। होसबाले के बयान से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

### हिमंत ने समाजवादी-धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की हिमायत की



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को दावा किया कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष पश्चिमी अवधारणाएं हैं तथा इन शब्दों को संविधान से हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन शब्दों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया था और इनका भारतीय सभ्यता में कोई स्थान नहीं है। शर्मा ने कहा कि मैं धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता हूं? मैं कट्टर हिंदू हूं। मुसलमान कट्टर मुसलमान होता है। वह धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है? असम में द इमरजेंसी डायरीज : इयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर नामक पुस्तक के विमोचन के बाद हिमंत ने कार्यक्रम में यह बात कही थी। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (जो उस समय आरएसएस के युवा प्रचारक थे) के साथ काम करने वाले सहयोगियों के अनुभवों और अन्य अभिलेखीय सामग्रियों पर आधारित है। पुस्तक 1975-77 के दौरान आपातकाल और इसके प्रतिरोध आंदोलन में मोदी की भूमिका का वर्णन करती है।

# बलभद्र, सुभद्रा संग भगवान जगन्नाथ पहुंचे मौसी के घर



ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा उत्सव के दौरान लोग भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचते श्रद्धालु।

**पुरी रथ यात्रा**

- मान्यता अनुसार गुंडिचा मंदिर देवताओं की मौसी का घर, जहां हर साल जाते हैं जगन्नाथ

पुरी, एजेंसी

पुरी में रथ यात्रा शुरू होने के एक दिन बाद शनिवार को भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के रथ अपने गंतव्य गुंडिचा मंदिर पहुंच गए। गुंडिचा मंदिर को देवताओं की मौसी का घर माना जाता है जो हर साल जगन्नाथ मंदिर से निकलकर मौसी के घर जाते हैं।

गुंडिचा मंदिर 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर से 2.6 किलोमीटर दूर है। देवता नौ दिन बाद मुख्य मंदिर चले जाएंगे। वापसी की रथ यात्रा को 'बहुदा यात्रा' कहा जाता है जो इस साल पांच जुलाई को होगी। इससे पहले दिन में जय जगन्नाथ और हरि बोल के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने आज सुबह 10 बजे तीनों रथों को फिर से खींचना शुरू किया। पुरी में 27 जून की रात रथयात्रा रोक दी गई थी। रथों को शुक्रवार शाम तक गुंडिचा मंदिर पहुंचना था, लेकिन भगवान बलभद्र का तालध्वज रथ के एक मोड़ पर फंस जाने से श्रद्धालुओं को ग्रैंड रोड पर रुकना पड़ा, जिससे अन्य दो रथ भी आगे नहीं बढ़ सके। परंपरा के अनुसार, सबसे आगे तालध्वज रहता है, उसके बाद देवी सुभद्रा का रथ 'दर्पदलन' और भगवान जगन्नाथ का रथ 'नंदीघोष' रहता है। विधि मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, मुख्य सचिव मनोज आहूजा, पुलिस महानिदेशक वाई. बी. खुरानिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारी को भगवान जगन्नाथ के 'नंदीघोष' रथ को खींचते दिखे। रथों के अपने गंतव्य पहुंचने पर इन्हें गुंडिचा मंदिर के बाहर रखा गया। औपचारिक शोभायात्रा के बाद देवताओं को रविवार को मंदिर के अंदर ले जाया जाएगा।

### 10 लाख श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने कहा, हम रथ यात्रा के संचालन के लिए श्रद्धालुओं समेत सभी हितधारकों को धन्यवाद देते हैं। डीजीपी वाईबी खुरानिया ने कहा कि शनिवार को रथ यात्रा के दौरान बीमार पड़े 600 से अधिक श्रद्धालुओं का इलाज कराया गया। शुक्रवार को वार्षिक रथ यात्रा में 10 लाख श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया था और पांच लाख श्रद्धालु शनिवार को पुरी में मौजूद थे। शओडिशा पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 10,000 जवान तैनात है। खुरानिया ने बताया कि भीड़ पर नजर रखने को 275 से अधिक एआई (सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

## एक नजर

### छह महीने के बेटे की हत्या में महिला गिरफ्तार

**कोलकाता।** प. बंगाल के नदिया जिले में 25 वर्षीय महिला को छह महीने के अपने बेटे की हत्या और उसका शव सेप्टिक टैंक में फेंकने के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना जिले के कल्याणी थानाक्षेत्र में हुई। महिला ने शुक्रवार शाम को बेटे के लापता होने की बात कही, जिसके बाद परिवार और पड़ोसियों ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पूछताछ में महिला ने बेटे की हत्या करना स्वीकार किया।

### मणिपुर में छह उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने पिछले 24 घंटे में विभिन्न अभियान के तहत छह सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ये लोग निजी व्यवसायों और जनता को निशाना बनाकर वसूली में शामिल थे। पुलिस ने चिंगारेल तेजपुर से एक, वांगखेई निंगथेम पुखरी मापल से दो व थांगमेइबैंड थिंगेल लेईकाई से तीन माओवादियों को पकड़ा।

### बाघिन और 4 शावकों को जहर देने में 3 गिरफ्तार

**चामराजनगर।** कर्नाटक के माले महादेश्वर हिल्स के हुग्यम वन क्षेत्र में बाघिन व चार शावकों की जहर देने में शनिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वन विभाग ने कहा कि एक व्यक्ति ने बदला लेने को ऐसा किया, जिसकी गाय को जंगली जानवरों ने मारा था। मृत गाय पर जहर छिड़का, जिससे बाघिन तथा शावकों की मौत हुई।

# देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें युवा : शाह

गोधरा, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को युवाओं से 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। 2047 में भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होंगे।

शाह ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान क्षेत्र के लोगों की अंतरात्मा को जगाया। शाह, वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए



- वीडियो कॉन्फ्रेंस से कार्यक्रम को गृहमंत्री ने किया संबोधित

कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में गुजरात के पंचमहल जिले में गोधरा के पास विंजोल में श्री गोविंद गुरु विवि के लिए 125 करोड़ में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

शाह ने गोविंद गुरु को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नायक बताते हुए कहा, अंग्रेजों के खिलाफ उस संघर्ष में 1,512 आदिवासी भाई-बहन शहीद हुए व गुजरात में मानगढ़ भारत की आजादी की लड़ाई के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गोविंद गुरु की वीरता से प्रेरणा लेते हुए 2047 तक भारत को महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

शाह ने कहा कि यह हम सभी के लिए महत्वपूर्ण बात है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गोविंद गुरु विवि की स्थापना की कल्पना की थी। शाह ने कहा, गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री ने गोविंद गुरु को समर्पित एक विवि और स्मारक की कल्पना की थी, जो देश भर के आदिवासियों के लिए प्रेरणा का स्थान बन सके। शाह, खराब मौसम की वजह से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके।

# समन जारी करने का आदेश सोच-समझकर दें : हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने 84 लाख रुपये के धोखाधड़ी में एक व्यक्ति को तलब करने के आदेश को दरकिनार करते हुए कहा कि समन जारी करना गंभीर मामला तथा यह अनिवार्य है कि ऐसा आदेश सोच-समझकर दिए जाए।

हाईकोर्ट ने कहा कि दिवानी उपचार की मौजूदगी आपराधिक कार्यवाही को जारी रखने से नहीं रोकती है लेकिन यह स्थापित कानून है कि मात्र अनुबंध का उल्लंघन धोखाधड़ी के अपराध को जन्म नहीं देता है और यह दर्शाया



जाना चाहिए कि वादा करते समय आरोपी का इरादा बेईमानी का था। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा, समन जारी करना गंभीर मुद्दा है और यह अनिवार्य है कि समन जारी करने के आदेश में यह नजर आए कि विवेक का इस्तेमाल किया गया तथा तथ्यों और रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों को परखा गया है।

# बिहार में ईसी ने मतदाता सूची का शुरू किया गहन पुनरीक्षण

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शनिवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य शुरू हो गया है। ईसी ने उस संवैधानिक प्रावधान की भी याद दिलाई, जिसके तहत केवल भारतीय नागरिक ही मतदान कर सकते हैं।

निर्वाचन निकाय ने याद दिलाया कि अनुच्छेद 326 में मतदाता की पात्रता निर्दिष्ट की गई है, जिसके आधार पर 18 वर्ष से अधिक उम्र के भारतीय तथा उस निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य निवासी ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए पात्र हैं। निर्वाचन अधिकारी इस वर्ष बिहार से शुरुआत करते हुए छह राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कर रहे हैं। इसका उद्देश्य जन्मस्थान की जांच करके प्रवासियों को बाहर निकालना है। बिहार में विस चुनाव होने हैं, जबकि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और बंगाल में चुनाव 2026 में होने हैं। आयोग के पास 78 हजार बीएलओ हैं और नए केंद्रों के लिए 20 हजार बीएलओ की नियुक्ति हुई है।

# निजी निवेश सुस्त, सरकार की नीतियों का परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि अर्थव्यवस्था आगे बढ़ने का नाम नहीं ले रही और निजी कॉरपोरेट निवेश सुस्त है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि निवेश में यह जड़ता मोदी सरकार की दबाव वाली नीतियों का परिणाम है।

रमेश ने एक्स पर कहा, भारत की अर्थव्यवस्था जिद पर अड़ी है, वह आगे बढ़ने का नाम ही नहीं ले रही, जबकि तेज आर्थिक वृद्धि न सिर्फ जरूरी है, बल्कि संभव भी है। इस विफलता की सबसे अहम वजह है कि सितंबर 2019 में बड़ी कर कटौती और पीएलआई कैश हैंडआउट के बावजूद निजी कॉरपोरेट निवेश सुस्त है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कराए सर्वेक्षण में संकेत



- केंद्र सरकार के कराए सर्वेक्षण से मिले संकेतों का हवाला देते हुए जयराम ने किया सरकार का घेराव

दिया गया है कि 2025-26 में निजी क्षेत्र का पूंजीगत व्यय गत वर्ष की तुलना में 25% तक कम हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बैंक कर्ज देने को तैयार हैं, लेकिन कंपनियां निवेश के लिए कर्ज लेने से हिचक रही हैं, क्योंकि मौजूदा माहौल को विस्तार के अनुकूल नहीं माना जा रहा। मांग में वृद्धि ही निवेश को बढ़ावा देती है। भारत में मांग की कमी के तीन स्पष्ट कारण हैं -मजदूरी में ठहराव, विकृत जीएसटी ढांचा और बढ़ती आर्थिक असमानता।

### मुद्दों से भटकाने को भाषा विवाद भड़काया : चव्हाण

**मुंबई।** कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने आरोप लगाया है कि मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए महाराष्ट्र में हिंदी भाषा थोपने को लेकर विवाद भड़काया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया। शिक्षा के लिए बजट आवंटन में भारी कटौती का दावा करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और शैक्षणिक क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। चव्हाण ने कोल्हापुर में कहा, शिक्षा पर बजटीय आवंटन बढ़ाना चाहिए। अंग्रेजी और हिंदी थोपने पर विवाद अप्रासंगिक हैं और मूल मुद्दों से हटाने को ऐसा हो रहा है।

## कारोबार/कृषि


# किसानों की आय बढ़ाने को मसौदा जारी

## कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान व कृषि वानिकी को बढ़ाने की तैयारी में केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने कृषि वानिकी को बढ़ाने तथा कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई को आसान बनाने के लिए मॉडल नियम जारी किए। इससे किसानों की आय दोगुनी करने, वन क्षेत्र के बाहर पौधरोपण और जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद मिलेगी।

सभी राज्य सरकारों को 19 जून को भेजे पत्र में पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि कृषि भूमि में पेड़ों की कटाई के लिए मॉडल नियम का उद्देश्य कृषि वानिकी में कारोबारी सुगमता को बढ़ाना और किसानों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रियात्मक बाधाओं का सामना किए पेड़ों से आय हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने, वनों के बाहर वृक्षों का आवरण बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन



- पौधरोपण बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए सरकार ने उठाया कदम

को कम करने, लकड़ी के आयात को कम करने और टिकाऊ भूमि उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कृषि वानिकी को बढ़ावा दे रही है।

मंत्रालय के अनुसार, कृषि भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए स्पष्ट, सुसंगत नियमों की कमी एक प्रमुख बाधा है, जो कृषि वानिकी उत्पादों की खेती और विपणन को प्रभावित करती है। मॉडल नियमों के अनुसार, लकड़ी आधारित उद्योग (स्थापना और विनियमन) दिशानिर्देश, 2016 के तहत पहले से गठित राज्य स्तरीय समिति (एसएलसी) इन नियमों के लिए समिति के रूप में भी काम करेगी। इसमें अब राजस्व और कृषि विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे।

समिति राज्य सरकार को सलाह देगी कि कैसे कृषि वानिकी को बढ़ावा दिया जाए और पेड़ों की कटाई और पारगमन के नियमों को सरल बनाकर कृषि भूमि से लकड़ी का उत्पादन बढ़ाया जाए। यह आवेदनों के सत्यापन और कृषि भूमि से लकड़ी के पारगमन के लिए एजेंसियों को सूचीबद्ध करेगी। आवेदकों को अपनी रोपण भूमि को राष्ट्रीय लकड़ी प्रबंधन प्रणाली (एनटीएमएस) पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा। उन्हें भूमि स्वामित्व विवरण और अपनी कृषि भूमि का स्थान दर्ज करना होगा। उन्हें मूल रोपण विवरण देना होगा, जिसमें प्रजातियों के अनुसार पौधों की संख्या, रोपण तिथि (महीना और वर्ष) और पौधों की औसत ऊंचाई शामिल है। आवेदकों को एसएलसी की आवश्यकता के अनुसार इस जानकारी को अपडेट भी करना होगा। प्रत्येक पेड़ की केएमएल फाइल फॉर्मेट में जियोटैग की गई तस्वीरों के साथ फोटो खींची जानी चाहिए। इन विवरणों की निगरानी वन, कृषि और पंचायती राज विभागों के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। आवेदक को 10 से अधिक पेड़ों वाली भूमि के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा, जिसमें पेड़ों के बारे में विस्तृत जानकारी देनी होगी।

# बांग्लादेश ने बिजली के लिए अडाणी को दिए 38.4 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने जून में अडाणी पावर को 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया, जिससे भारतीय कंपनी के साथ बिजली आपूर्ति समझौते के तहत उसके बकाये में कमी आई है। मामले से अवगत दो सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश को जून में 43.7 करोड़ डॉलर का भुगतान करना था, जिसमें से उनसे 27 जून तक 38.4 करोड़ डॉलर का भुगतान किया है। इससे 31 मार्च तक बांग्लादेश के स्वीकृत दावों का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि इस भुगतान के बाद अडाणी का दावा घटकर 50 करोड़ डॉलर रह जाएगा, हालांकि यह अब भी अधिक है। बांग्लादेश 2017 के समझौते के तहत अपने भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए जूझ रहा है, क्योंकि रूस-यूक्रेन संघर्ष और घरेलू राजनीतिक उथल-पुथल के बाद आयात लागत बढ़ी है।

# हार्ड कमोडिटी : निवेश की उम्दा समझ

**बात काम की**

हार्ड कमोडिटी वे प्राकृतिक संसाधन होते हैं जिन्हें जमीन से निकाला जाता है, जैसे कि कच्चा तेल, सोना, चांदी, तांबा और प्राकृतिक गैस। ये वस्तुएं वैश्विक अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और निवेशकों के लिए एक अलग परिसंपत्ति वर्ग प्रदान करती हैं। हार्ड कमोडिटी में निवेश का उपयोग मुद्रास्फीति से बचाव, पोर्टफोलियो में विविधता और दीर्घकालिक रिटर्न के लिए किया जाता है। हालांकि, इनमें निवेश के साथ कुछ जोखिम भी जुड़े होते हैं जैसे वैश्विक घटनाएं, कीमतों में अस्थिरता और मांग-आपूर्ति में बदलाव।



### क्या है हार्ड कमोडिटी

हार्ड कमोडिटी वे कच्चे माल होते हैं जो खनन या ड्रिलिंग से प्राप्त किए जाते हैं। इनमें ऊर्जा स्रोत- कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस। धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, लोहा। इनका उपयोग उद्योगों, ऊर्जा उत्पादन, और आभूषण निर्माण में होता है।

### निवेशकों के लिए अवसर

- **मुद्रास्फीति से बचाव :** हार्ड कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती हैं।
- **विविधता :** पारंपरिक स्टॉक-बॉण्ड पोर्टफोलियो से अलग रिटर्न देती हैं।
- **सुरक्षित संपत्ति :** संकट के समय सोने जैसी कमोडिटी में स्थिरता रहती है।

### जोखिम पर दें विशेष ध्यान

- कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता
- भूराजनीतिक घटनाएं जैसे युद्ध या प्रतिबंध
- नियामकीय जोखिम (सरकारी नीतियों का प्रभाव)
- भंडारण और सुरक्षा लागत (भौतिक निवेश में)

### जरूरी सावधानियां

- बाजार की चाल को समझे बिना निवेश न करें।
- लंबे समय के लिए निवेश करने पर रिटर्न बेहतर हो सकता है।
- फ्यूचर्स मार्केट में अनुभव के बिना प्रवेश जोखिमभरा हो सकता है।

### स्थिरता और विविधता

हार्ड कमोडिटी में निवेश निवेशकों के पोर्टफोलियो में स्थिरता और विविधता ला सकता है, लेकिन इसके लिए जागरूकता, रणनीति और सतर्कता जरूरी है।

# कार्यबल में 20% विविधता लाने का लक्ष्य : टाटा स्टील

जमशेदपुर, एजेंसी

विविधता व समावेशन पहल मोजेक का एक दशक पूरा होने पर निजी इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने शनिवार को कहा कि उसका लक्ष्य 2028 तक अपने कार्यबल में 20 प्रतिशत विविधता लाना है। कंपनी ने कहा कि टाटा स्टील के लिए, विविधता के प्रति प्रतिबद्धता नीति कार्यान्वयन से कहीं आगे जाती है। यह आम तौर पर पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में मानदंडों को फिर से परिभाषित करने का सक्रिय प्रयास करती है। टाटा स्टील की



प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियां, एलजीबीटीक्यूआईए समेत अन्य भागीदारों के लिए समान लाभ, लिंग-तटस्थ पैतृक अवकाश, लिंग परिवर्तन के लिए समर्थन और समावेशी स्थानांतरण और यात्रा लाभ प्रदान करती हैं।

# जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आईपीओ के लिए सेबी को भेजा मसौदा पत्र

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 3,000 करोड़ जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक पत्र दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल किए मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार आईपीओ से 3,000 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम है। इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है। कंपनी आईपीओ से पहले 600 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

# 25 करोड़ लोगों को आजीविका दे रहे एमएसएमई

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में कार्यरत 6.5 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका दे रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर विश्व एमएसएमई दिवस पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा एमएसएमई को कई तरह से सहयोग दिये जा रहे हैं।

उसने कहा कि म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना के तहत 100 करोड़ रुपये तक के एमएसएमई ऋणों पर



- वित्त मंत्रालय ने कहा- सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को दे रही है गति

60 प्रतिशत तक की गारंटी प्रदान की जा रही है। नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल जो एमएसएमई का मूल्यांकन जमानत पर नहीं बल्कि नकदी प्रवाह के आधार पर करता है। एमएसएमई की परिभाषा में निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई गई है। उद्यम-पंजीकृत माइक्रो उद्योगों को पांच लाख तक के क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गयी है। पीएम मुद्रा योजना के 'तरुण' श्रेणी की सीमा बढ़ाकर 20 लाख की गई है।

मंत्रालय ने कहा कि भारत ट्रेड नेट के माध्यम से दस्तावेज़ी प्रक्रिया को सरल किया गया, व्यापारिक बाधाओं को कम किया गया। कोविड-19 के दौरान आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना ने 14 लाख से अधिक एमएसएमई को बचाया। पीएम मुद्रा, पीएम विश्वकर्मा और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से क्रेडिट सहायता भी प्रदान की गयी है।

# एमएनआरई ने बायोमास के लिए मानदंड किए संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बायोमास कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसका मकसद स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और भारत में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है।

राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के चरण-1 के तहत मानदंडों को संशोधित किया गया है, जो वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 की अवधि

- ऊर्जा मंत्रालय कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशानिर्देश किए जारी

के लिए लागू है। मंत्रालय ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना, व्यापार करने में आसानी और पूरे देश में बायोमास प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है। नए ढांचे के तहत कई प्रक्रियाओं को सरल बनाया है, जिसमें कागजी कार्यवाही में कटौती व जरूरतों को आसान बनाना हैं। ये बदलाव पराली प्रबंधन और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन तक पहुंचने के लक्ष्य के अनुरूप हैं।

# प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी खराब गेंदबाजी की जिम्मेदारी ली

## इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 200 से ज्यादा रन लुटाए थे कृष्णा ने

**बर्मिंघम, एजेंसी**

| | ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| पहली पारी | 20 | 128 | 3 |
| दूसरी पारी | 15 | 92 | 2 |



भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन के दौरान सही लेंथ से गेंदबाजी करने में नाकाम रहने की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह हर समय अपनी गेंदबाजी में संयम बरतने की कोशिश कर रहे थे। लीड्स में श्रृंखला के पहले मैच में 200 से अधिक रन लुटाने के बाद कई पूर्व खिलाड़ियों ने प्रसिद्ध की आलोचना की थी। भारत यह मैच पांच विकेट से हार गया था। प्रसिद्ध ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा (लीड्स) टेस्ट की पहली पारी में मैंने जरूरत से ज्यादा शॉट गेंद डाली। दूसरी पारी में यह थोड़ा बेहतर रहा और विकेट थोड़ा धीमा था।

उन्होंने कहा मैंने निश्चित रूप से उस लंबाई पर गेंदबाजी नहीं की जो मैं करना चाहता था। मुझे सही लंबाई से सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगा। मुझे हालांकि एक पेशेवर के रूप में ऐसा करने में सक्षम होना चाहिए। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और शायद अगली बार इसे बेहतर तरीके से कर पाऊं। प्रसिद्ध ने पहली पारी में 20 ओवरों में 6.40 की इकॉनमी से 128 रन दिए, जो एक पारी में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने वाले किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे खराब आंकड़ों में से एक है। उन्होंने इस दौरान ओली पोप, हैरी ब्रुक और जेमी स्मिथ के विकेट लिए। कर्नाटक के इस गेंदबाज ने दूसरी पारी में जैक क्रॉउली और पोप के विकेट जल्दी-जल्दी लेकर भारत को उम्मीद दी, लेकिन उनका इकॉनमी रेट फिर से छह (6.10) से ऊपर रहा। उन्होंने 15 ओवरों में 92 रन दिए।

प्रसिद्ध ने कहा मैं जब भी गेंदबाजी के लिए आता हूं तो मेरी कोशिश मेडन ओवर डालने की होती है। मैं वास्तव में बल्लेबाजों को आसानी से रन बनाने का मौका देने से बचना चाहता हूं। उस मैदान की आउटफील्ड तेज थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने जिस लंबाई और दिशा में गेंदबाजी की वह ज्यादातर समय सही नहीं थी। इसमें से कुछ ऐसे रन भी थे जो बल्ले के बाहरी या अंदरुनी किनारे से लग कर आए थे। उन्होंने कहा मैंने कई बार बाउंसर डालने की कोशिश की लेकिन उस पर रन बन गये। मैं निश्चित रूप से जब गेंदबाजी करने आता हूं तो रन गति पर लगाम लगाकर दबाव बनाने की कोशिश करता हूं। हेडिंग्ले (लीड्स) में तेज हवा चल रही थी और इसने गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों का काम मुश्किल कर दिया। प्रसिद्ध ने कहा आप एक समान गति में रनअप लेना चाहते हैं लेकिन वहां हवा कभी तेज तो कभी धीमी गति से चल रही थी ऐसे में रनअप से सामंजस्य बनाने में परेशानी हो रही थी। इंग्लैंड में आसमान में बादल छाये रहने पर गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि बार-बार बारिश ने गेंदबाजों के लिए परिस्थितियों मुश्किल बना दी थी। उन्होंने कहा गेंद मैदान पर घास से गुजरने के बाद गीली हो जा रही थी।

### अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी गेंद

प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा अगर बादल होंगे तो स्विंग होगी। अगर धूप होगी तो स्विंग नहीं होगी। हम ऐसे में सही दिशा में गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहे थे। गेंद के नरम होने के बाद पिच से पर्याप्त मदद नहीं मिल रही थी। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा कि मैच हारने के बावजूद भारतीय ड्रेसिंग रूम में माहौल बहुत सकारात्मक था। उन्होंने कहा ड्रेसिंग रूम में सभी खुश है और सकारात्मक माहौल है। हमारे पता है कि हमारे लिये यह अवसर क्या मायने रखता है। मुझे लगता है कि हमारे पास एक योजना थी। हम कुछ करना चाहते थे और हमने इसे करने का प्रयास किया। हमने दो बार लगातार दो-दो विकेट चटकाकर मैच में बने हुए थे। सीरीज के शुरुआती टेस्ट मैच में भारत का निचला क्रम बल्लेबाजी में बुरी तरह विफल रहा लेकिन प्रसिद्ध ने कहा कि टीम नेट सत्र में इस पर काम कर रही है। भारतीय टीम ने मैच की पहली पारी में 41 रन पर आखिरी सात जबकि दूसरी पारी में 32 रन पर आखिरी छह विकेट गंवा दिये थे।

### अच्छी फील्डिंग टीम बनने के लिए रवैये में बदलाव की जरूरत : हाडिन

**सिडनी, एजेंसी** : आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्राड हाडिन का मानना है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खराब फील्डिंग की समस्या से उबरने के लिए अपने रवैये में बदलाव करना होगा। भारतीय क्षेत्ररक्षकों खासकर यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में कई कैच टपकाए। भारत को बेन स्टोक्स की टीम ने पांच विकेट से हराकर श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। आस्ट्रेलिया के लिये 66 टेस्ट खेल चुके हाडिन ने कहा हर दौर में हर महान टीम फील्डिंग में भी शानदार रही है। शुभमन गिल को भी इस टीम में इसकी शुरूआत करनी चाहिए। इसके लिये रवैये में बदलाव की जरूरत है। आप अच्छी फील्डिंग करना चाहते हैं और हर समय प्रतिस्पर्धी रहना चाहते हैं, यह रवैये की बात है। हाडिन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में भी कैचिंग का स्तर बहुत खराब था। उन्होंने कहा इस साल आईपीएल में कैचिंग बहुत ही लचर रही। हमने प्रतिभाशाली गेंदबाजों और बल्लेबाजों की बात की लेकिन असल समस्या कैचिंग की थी।

### रोहित चाहते थे कि राहुल की बल्लेबाजी में आक्रामकता लाऊं

**नई दिल्ली** : भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर का कहना है कि पिछले साल भारतीय टीम के साथ भूमिका संभालते समय तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें केएल राहुल की बल्लेबाजी को आक्रामक बनाने का काम सौंपा था। हालांकि 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से मिली 1-3 से हार के बाद नायर को यह पद छोड़ना पड़ा। नायर ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा इस भूमिका को शुरू करते समय मुझे याद है कि मैंने रोहित से बात की थी और उन्होंने कहा था कि वह एक चीज चाहते हैं कि मैं केएल के साथ काम करूं और उनके खेलने के तरीके में अधिक आक्रामक दृष्टिकोण लाऊं और उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाऊं। राहुल ने पिछले एक साल में अच्छा प्रदर्शन दिखाया है, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ 10 पारियों में 276 रन बनाए हैं जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चैंपियंस ट्रॉफी में निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए पांच मैच में 140 रन बनाए। नायर ने कहा उन्हें (रोहित) भरोसा था कि केएल चैंपियंस ट्रॉफी, विश्व कप के अलावा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में अहम भूमिका निभाएगा।



नॉटिंघम में महिला अंतर्राष्ट्रीय टी20 के दौरान बल्लेबाजी करती भारतीय टीम की कप्तान स्मृति मंधाना। ● एजेंसी

# भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को दिया 211 रनों का लक्ष्य

**नॉटिंघम, एजेंसी**

कप्तान स्मृति मंधाना (112) और हरलीन देओल (43) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने शनिवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया।

बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शेफाली वर्मा और कप्तान स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 77 रन जोड़े। नौवें ओवर में एमिली आरलट ने शेफाली वर्मा (20) को आउटकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हरलीन देओल ने मंधाना का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए दूसरे विकेट के लिए 94रनों की साझेदारी की। 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर लॉरेन बेल ने हरलीन देओल को आउटकर इंग्लैंड के लिए दूसरा विकेट लिया। हरलीन देओल ने 23 गेंदों में सात चौकों की मदद से (43) रन बनाये। ऋचा घोष (तीन) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (शून्य) लॉरेन बेल का शिकार बनी। 20वें ओवर में भारत का पांचवां विकेट स्मृति मंधाना के रूप में गिरा। मंधाना ने 62 गेंदों में 15 चौके और तीन छक्कों की मदद से (112) रनों की पारी खेली। भारतीय महिला टीम ने 210 रन का स्कोर खड़ा किया।

**भारत**

**210/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शेफाली वर्मा का एक्लेस्टोन बो आर्लोट | 20 |
| स्मृति मंधाना का ब्रंट बो एक्लेस्टोन | 112 |
| हरलीन देओल का आर्लोट बो बेल | 43 |
| रिचा घोष का डंकले बो बेल | 12 |
| जेमिमा रोड्रिग्स का ब्रंट बो बेल | 00 |
| अमनजोत कौर नाबाद | 03 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 07 |

**गेंदबाजी** : लॉरेन बेल 4-0-27-3, एम आर्लोट 4-0-38-1, लॉरेन फाइलर 4-0-35-0, लिन्से स्मिथ 3-0-41-0, सोफी एक्लेस्टोन 3-0-43-1, एलिस कैप्से 2-0-21-0

## एक नजर



म्यांमार के यांगून में शनिवार को म्यांमार कन्वेंशन सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा करते हुए। ● एजेंसी

### तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सेमीफाइनल में

**लोवा (अमेरिका)** : भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोलह वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराया। आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपै के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ वू सुआन यि ने 21-9, 21-19 से मात दी। तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी।

### दीक्षा और वाणी जर्मन मास्टर्स में शीर्ष 10 में पहुंची

**हैम्बर्ग (जर्मनी)** : भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और वाणी कपूर यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। दीक्षा दूसरे दौर में पार 73 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष पांच से संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गयी जबकि वाणी तीन अंडर 70 का कार्ड खेलकर इस पायदान पर पहुंची। टूर्नामेंट में भाग ले रही नौ भारतीयों में से वाणी और दीक्षा के अलावा सिर्फ अवनि प्रशांत ही कट में प्रवेश करने में सफल रही। अवनि एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक (74-76), स्नेहा सिंह (78-75), अमनदीप द्राल (78-75), हिताशी बख्शी (79-81) और विधात्री उर्स (93-87) कट से चूक गईं जबकि नेहा त्रिपाठी पहले दौर के बाद रिटायर हो गई थी।

### एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का सामना मजबूत तिमोर लेस्ते से

**चियांग माइ (थाईलैंड)** : एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के पहले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम रविवार को यहां तिमोर लेस्ते के खिलाफ भी जीत की लय जारी रखना चाहेगी। पांच टीम के ग्रुप बी में इराक अभी शीर्ष पर चल रही है। उसने मंगोलिया पर 5-2 की जीत और तिमोर लेस्ते से 0-0 ड्रॉ खेला जिससे उसके चार अंक हैं। वहीं मंगोलिया को पहले मैच में 13-0 से हराने वाली भारतीय टीम और थाईलैंड के तीन तीन अंक हैं। थाईलैंड ने तिमोर लेस्ते को 4-0 से हराया था।

# आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन दिन में रौंदा

● **जोश हेजलवुड ने पांच विकेट विकेट लेकर वेस्टइंडीज की कमर तोड़ी**

**ब्रिजटाउन, एजेंसी** : आस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज को 141 रन पर आउट करके पहला टेस्ट तीसरे दिन के भीतर ही 159 रन से जीत लिया। वेस्टइंडीज को कठिन पिच पर जीत के लिए 301 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन पूरी टीम 33.4 ओवर में आउट हो गई।

हेजलवुड ने 12 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने आठ विकेट 86 रन पर ही गंवा दिए थे लेकिन हरफनमौला जस्टिन ग्रीवेस और दसवें नंबर के बल्लेबाज शामार जोसेफ ने नौवे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। ग्रीव्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि जोसेफ ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 44 रन की पारी खेली जिसमें चार छक्के शामिल थे। आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 92 रन से आगे खेलना शुरू किया था। ट्रेविस हेड (61), ब्यू वेबस्टर (63)और एलेक्स कैरी (65) ने अर्धशतक लगाकर टीम को 310 रन तक पहुंचाया और उसे 300 रन की बढत मिली। इससे पहले आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 180 रन के जवाब में वेस्टइंडीज ने 190 रन बनाए थे। तीन टेस्ट की श्रृंखला का दूसरा मैच बृहस्पतिवार से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में खेला जाएगा।

## इंडिया ओपन एथलेटिक मीट



बेंगलुरु : रेलवे स्पोर्ट्स एथलीट भवानी यादव शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित कांतीरवा स्टेडियम में इंडिया ओपन एथलेटिक मीट 2025 के दौरान महिलाओं की लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा करती हुईं। ● एजेंसी

# श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराया जयसूर्या ने लिए पांच विकेट

**कोलंबो** : बायें हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या के पांच विकेट की मदद से श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बांग्लादेश को एक पारी और 78 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीत ली। चौथे दिन बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 115 रन था और उसे श्रीलंका को दोबारा बल्लेबाजी के लिये भेजने के लिए 97 रन और बनाने थे। लेकिन आधे घंटे के भीतर बांग्लादेश ने बाकी चार विकेट गंवा दिये जिनमें से तीन जयसूर्या ने लिए।

बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 133 रन पर आउट हो गई जबकि पहली पारी में उसने 247 रन बनाये थे। श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाए थे जिसमें सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका का शतक और दिनेश चांदीमल (93) और कुसल मेंडिस (84) के अर्धशतक शामिल हैं। जयसूर्या ने 56 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि धनंजय डिसिल्वा और थारिंदु रत्नायके को दो दो विकेट मिले। गॉल में पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने मैच के बाद कहा कि वह टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा देंगे ताकि विभिन्न प्रारूपों में कप्तानी में निरंतरता रहे।

# भारत ने एशियाई स्नूकर में स्वर्ण पदक जीता

**कोलंबो, एजेंसी** : कई दफा के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और बृजेश दमानी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को यहां एसीबीएस एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप में मजबूत मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



● **मलेशिया को 3-1 से हराकर टीम स्पर्धा में बाजी मारी**

भारत ने पिछली बार दो साल पहले ईरान में स्वर्ण जीता था। इस तरह यह भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है। आदित्य मेहता गर्दन की चोट के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए जिसमें भारत ने हांगकांग-1 को 3-2 से हरा दिया जबकि मलेशिया ने अंतिम चार में पाकिस्तान को 3-1 से शिकस्त दी। फाइनल में दमानी को थोर चुआन लियोंग से 58-68 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन आडवाणी ने लिम कोक लियोंग को 66-25 से हराकर वापसी कराई। इसके बाद आडवाणी और दमानी ने मिलकर युगल में थोर चुआन और लिम कोक को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

# भारतीय महिला टीम का खराब प्रदर्शन जारी

**बर्लिन, एजेंसी**

**एफआईएच प्रो लीग**

● **चीन ने 3-0 से हराया, भारतीय टीम को लगातार सातवीं हार मिली**

भारतीय महिला हॉकी टीम को शनिवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में चीन के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। टीम लगातार सातवीं हार के बाद टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर से बाहर होने की कगार पर है। इस हार के बाद भारत 15 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ-टीमों की तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।

इंग्लैंड 14 मैचों में 11 अंकों के साथ भारत से एक पायदान ऊपर है। चेन यांग (21वें मिनट) और झांग यिंग (26वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल किए, जबकि आनहुल यू (45वें मिनट) ने मैदानी गोल कर भारत के खिलाफ चीन को यादगार जीत दिलायी। भारत ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में चीन के सर्किल में पहुंच कर उसकी रक्षापंक्ति को कड़ी टक्कर दी। बलजीत कौर के पास तीसरे मिनट में मैच का पहला गोल करने का मौका था लेकिन उनका शॉट गोल-पोस्ट से बाहर चला गया। इसके एक मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन दीपिका ने दोनों मौकों को जाया कर दिया। चीन के खिलाड़ियों जल्द ही सामंजस्य कायम करते हुए अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने सजगता दिखाते हुए गोल नहीं करने दिया। अनुभवी भारतीय गोलकीपर सविता ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव किये जिसमें 13वें मिनट में गुओटिंग हाओ के रिवर्स हिट को रोकना भी शामिल था। पहले क्वार्टर के कुछ सेकंड शेष रहते चीन को दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला पर वे पुश को रोक नहीं पाए।

# सचिन के वीडियो देखकर बदली किस्मत

**नॉटिंघम, एजेंसी**



● **भारतीय टीम में वापसी होने पर शेफाली वर्मा ने बताया अपने खेल में सुधार का रहस्य**

● **पहले हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी, सचिन को देखकर धैर्य रखना सीखा**

भारतीय टीम में वापसी कर रही शेफाली वर्मा ने कहा कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी के काफी वीडियो देखे जिससे हर गेंद को उसकी मेरिट के आधार पर खेलने का महत्व समझ में आया।

खराब फॉर्म के कारण पिछले साल शेफाली को टीम से बाहर कर दिया गया था। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व बीसीसीआई वीडियो से शेफाली ने कहा पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है। मैने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखी और उससे काफी प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा इससे मुझे बचपन के दिन याद आ गए जब मैं उनका एक भी मैच नहीं छोड़ती थी। मैने हर मैच फिर से देखा। उसे देखकर मैने सीखा के अच्छी गेंद को सम्मान देकर ही अच्छी पारियां खेली जा सकती है। घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करके 21 वर्ष की शेफाली ने टीम में वापसी की। उन्होंने कहा कि वापसी करना आसान नहीं होता और पिछले साल टीम चयन से दस दिन पहले उनके पिता को दिल का दौरा पड़ने से यह और कठिन हो गया।

शेफाली को पिछले साल नवंबर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये टीम में जगह नहीं मिली थी। उन्होंने कहा जब भी आप वापसी करते हैं तो हालात कठिन होते ही हैं लेकिन टीम माहौल में लौटकर अच्छा लगता है। मुझे खुशी है कि मैं वापसी कर सकी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ चयन से दस दिन पहले मेरे पापा को दिल का दौरा पड़ा था। मेरे लिये वह कठिन समय था और मैं टीम में भी नहीं चुनी गई। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है। शेफाली ने कहा मैने फिटनेस पर काफी मेहनत की। 20-25 दिन बाद बल्ला उठाया तो बहुत अच्छा लगा। इससे अलग तरह की ऊर्जा मिली। समय बहुत कुछ सिखाता है। मैं अब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके बाकी भाग्य पर छोड़ दूंगी।

# नीरज चोपड़ा भाला फेंक रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पर

**लुसाने, (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**



भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा एक बार फिर से भाला फेंक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में नीरज एक बार फिर दुनिया के नंबर वन भाला फेंक खिलाड़ी बन गए है। सितंबर 2024 में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने नीरज को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल कर लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी रैंकिंग में नीरज के पास एंडरसन पीटर्स के 1431 की तुलना में 1445 रैंकिंग अंक हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं और चेक गणराज्य के जैकब वडलेज शीर्ष पांच की सूची में शामिल हैं। नीरज के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें फिर शीर्ष पर पहुंचा दिया है। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच इनविटेशनल जीता और मई में दोहा डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब में प्रवेश किया। पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में वह फिर दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन जून में पेरिस डायमंड लीग में जीत की राह पर लौट आए। उन्होंने पेरिस में 88.16 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का खिताब भी अपने नाम किया। इस साल अपने सभी चार मुकाबलों में नीरज ने एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया है।

## स्कार्लेट सेल्स उत्सव



द्वितीय विश्व युद्ध के समय के सोवियत मल्टीपल रॉकेट लांचर बीएम-13 का नाम कत्युशा रखा गया, शनिवार की सुबह रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में स्कूल ग्रेजुएशन के अवसर पर आयोजित स्कार्लेट सेल्स उत्सव के रिहर्सल के दौरान लंच आतिशबाजी की गई। ये नजारा देखने के लिए यहां हजारों लोग एकत्रित हुए थे। एजेंसी

# तीन साल में दोगुने हो गए साइबर ठगी के केस

भारत में साइबर ठगी की शुरुआत 2000 के दशक में हुई। इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल फोन का इस्तेमाल बढ़ने के साथ साइबर ठग भी सक्रिय होने लगे। 2010 के बाद यूपीआई, ई वॉलेट, मोबाइल बैंकिंग के जरिए ठगी की घटनाओं में तेज उछाल आया। 2020 के बाद कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन गतिविधियां बढ़ीं तो साइबर ठगी की गति और तेज हो गई। अब ये घटनाएं बेहद आम हो चुकी हैं। साइबर ठगी का ही एक तरीका डिजिटल अरेस्टिंग है जिसके जरिए ठगी के बड़े मामलों को अंजाम दिया जा रहा है। हैरत की बात यह है कि पढ़े-लिखे और संपन्न लोग जिन्हें ज्यादा जागरूक माना जाता है, वही इसके ज्यादा शिकार बनाए जा रहे हैं। निराशा की बात यह है कि सरकार और राज्यों की पुलिस के स्तर पर साइबर ठगी की घटनाओं को रोकने के लिए उतनी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है जितनी जरूरत है।



### हर साल 2000 करोड़ तक की ठगी

इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम और आरबीआई की रिपोर्टों के अनुसार औसतन एक ठगी में 5,000 से लेकर लाख रुपये तक का नुकसान होता है। आरबीआई के अनुसार 2022-23 में बैंकों और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्मों पर 253 करोड़ से ज्यादा की ठगी रिपोर्ट की गई। गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर कोऑर्डिनेशन सेंटर के आंकड़ों के अनुसार रोज औसतन तीन से चार करोड़ की साइबर ठगी रिपोर्ट की जाती है। इस तरह साल भर में औसतन 2000 करोड़ तक की ठगी होती है। तमाम लोग ठगी की घटनाओं को रिपोर्ट नहीं करते लिहाजा यह आंकड़ा आधिकारिक संख्या से काफी ज्यादा हो सकता है।

### सरकार की क्षमता को चुनौती

साइबर ठगी को रिपोर्ट करने के लिए सरकार की ओर से 24x7 राष्ट्रीय हेल्पलाइन और www.cybercrime.gov.in ऑनलाइन शिकायत पोर्टल है। आरबीआई और ट्राई की ओर से समय-समय पर चेतावनी जारी की जाती है। 14 सील के जरिए ठगी के पैटर्न ट्रैक कर राज्यों को अलर्ट भेजे जाते हैं। लेकिन यह सब पर्याप्त साबित नहीं होता। लोगों में जागरूकता की कमी के साथ राज्यों में साइबर पुलिस की क्षमता साइबर ठगी को रोक पाने के लिए काफी नहीं है। इसके अलावा फर्जी कॉल और मेसेज इंटरनेशनल सर्वर से आते हैं, जिससे उन्हें ट्रैक कर पाना कठिन हो जाता है।

### क्या कहता है राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वर्ष 2022 की रिपोर्ट के अनुसार देश भर में साइबर अपराधों के कुल 65,893 मामले दर्ज हुए। जो 2021 में 52,974 थे। यानी एक साल में ही इनमें 24% की बढ़ोतरी हुई। इनमें फ्रॉड ) से जुड़े मामले करीब 60% थे। साइबर ठगी की सर्वाधिक करीब 12 हजार घटनाएं कर्नाटक में हुईं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और राजस्थान भी सर्वाधिक प्रभावित रहे। 2019 की तुलना में 2022 में ठगी के मामलों में 50 फीसदी से भी ज्यादा वृद्धि हुई।

### साइबर ठगी के बेशुमार तरीके

डिजिटल लेनदेन बढ़ने और इंटरनेट की आसान उपलब्धता के दौर में ठगों ने तकनीक का इस्तेमाल कर आम नागरिकों, सरकारी संस्थाओं और यहां तक कि कंपनियों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। साइबर ठगों के पास लोगों को ठगने के बेशुमार तरीके हैं। लेकिन सबसे ज्यादा यूपीआई-ओटीपी फ्रॉड, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फेक जॉब ऑफर, इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, स्मार्टफोन स्क्रीन शेयरिंग ऐप से डेटा चोरी और फिशिंग ईमेल और व्हाट्सएप लिंक के जरिए लोगों को ठगना शामिल है।

## एक नजर

### रूस में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**मॉस्को।** रूस में मॉस्को क्षेत्र के कोलोम्ना जिले में शनिवार को एक हल्का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी चार चालक दल के सदस्य और प्रशिक्षु मारे गए। आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रेस ब्यूरो ने एक विज्ञप्ति में बताया कि याकोवलेव याक-18टी विमान हवाई कलाबाजी करते समय इंजन में खराबी के कारण एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। विमान में सवार सभी चार लोगों की मृत्यु हो गई, लेकिन जमीन पर कोई हताहत नहीं हुआ या कोई क्षति नहीं हुई।

### इटली में भीषण गर्मी के चलते अलर्ट जारी

**रोम।** इटली में भीषण गर्मी के कारण रोम, मिलान और ट्यूरिन सहित 12 प्रमुख शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इटली के अधिकारियों के अनुसार कई क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि रेड अलर्ट वाले शहरों की संख्या बढ़कर 17 और रविवार तक 21 हो जाने का अनुमान है। इटली के मौसम निगरानी केन्द्र इल मेटियो की रिपोर्ट के अनुसार इटली में औसत तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस हो गया है, 50 साल पहले यह 14.6 डिग्री सेल्सियस था।

### पाकिस्तान में बारिश से 15 लोगों की मौत, 40 घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पिछले तीन दिनों के भीतर बारिश से जुड़ी घटनाओं में बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, पंजाब में मानसून पूर्व बारिश का दौर शुरू हो गया है। बयान में कहा गया, पिछले तीन दिनों में पंजाब में बारिश से संबंधित घटनाओं में आठ बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 अन्य घायल हो गए।

### लाउडस्पीकर मुक्त हुए मुंबई के सभी धर्मस्थल

**मुंबई।** मुंबई के पुलिस आयुक्त देवेन भारती ने शनिवार को कहा कि शहर अब निर्देशात्मक लाउडस्पीकरों से पूरी तरह मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले सभी धार्मिक संरचनाओं पर मौजूद सार्वजनिक संबोधन प्रणालियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई को पुलिसकर्मियों ने सफलता पूर्वक पूरा किया। भारती ने कहा, धर्म स्थलों से लाउडस्पीकर हटा दिए गए हैं। मुंबई में अब सभी धर्म स्थल लाउडस्पीकर से मुक्त हैं। पुलिस आयुक्त ने चुनिंदा ढंग से निशाना बनाने के दावों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि किसी एक विशेष समुदाय के धार्मिक ढांचों को निशाना नहीं बनाया गया।

# ईरान पर फिर बमबारी में संकोच नहीं: ट्रंप

## अमेरिकी सीनेट में ट्रंप को ईरान के परमाणु स्थलों पर दोबारा हमला करने से रोकने का प्रस्ताव गिरा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ईरान के खिलाफ आगे और कोई कार्रवाई करने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रोकने के डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों का प्रयास शुक्रवार को संसद के उच्च सदन सीनेट में खारिज हो गया। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने संसद में प्रस्ताव पेश किए जाने का विरोध किया।

सीनेट सदस्य टिम केन के इस प्रस्ताव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ट्रंप को ईरान के खिलाफ आगे सैन्य कार्रवाई से पहले संसद की मंजूरी लेनी होगी। यह पूछे जाने पर अगर जरूरी लगा तो क्या वह फिर ईरान के परमाणु स्थलों पर बमबारी करेंगे तो ट्रंप ने कहा कि बिल्कुल, बिना किसी हिचकिचाहट। रिपब्लिकन पार्टी को सीनेट में बहुमत प्राप्त है और 100 सदस्य सीनेट में उसके 53 सदस्य हैं। रिपब्लिकन सांसद ईरान पर हमला करने के फैसले के लिए ट्रंप के साथ खड़े हैं। अधिकतर का कहना है कि ईरान एक खतरा बन गया है, जिसके लिए ट्रंप की ओर से निर्णायक कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने संसद की मंजूरी लिये बिना पिछले सप्ताह के अंत में ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर बमबारी करने के ट्रंप के निर्णय का समर्थन किया।



इजराइल के हमलों में मारे गए ईरान के सैन्य कमांडरों और परमाणु वैज्ञानिकों का शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया, हजारों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

### मारे गए सैन्य कमांडरों के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

**दुबई।** इजराइल के साथ 12 दिनों के युद्ध के दौरान मारे गए रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य कमांडरों तथा परमाणु वैज्ञानिकों के अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को तेहरान की सड़कों पर हजारों लोग उमड़ पड़े। राजधानी तेहरान की आजादी स्ट्रीट पर ट्रकों पर रखे ताबूतों में रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी, बैलिएस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हाजीजादेह और अन्य अधिकारियों को अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान सड़क किनारे खड़े लोगों ने अमेरिका मुर्दाबाद और इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए। जनरल सलामी और हाजीजादेह दोनों 13 जून, यानी युद्ध के पहले दिन ही मारे गए थे, जब इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के उद्देश्य से व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया था। इस अभियान में सैन्य कमांडरों, वैज्ञानिकों और परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया।

**अमेरिका और इजराइल मुर्दाबाद के नारे गूंजे**

### तुर्की-ईरान के बीच हवाई यात्रा बहाल

**इस्तांबुल।** तुर्की के परिवहन एवं बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुल कादिर उरलोग्लू ने कहा है कि तुर्की और ईरान के बीच हवाई यात्रा 15 दिन बाद आंशिक रूप से फिर शुरू हो गई है जो ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण बंद थी। मंत्री ने एक्स पर लिखा, तुर्की-ईरान के बीच 15 दिन बाद हवाई यात्रा की ये आंशिक बहाली है। इसके अलावा, पश्चिमी ईरान में स्थित तेहरान और तबरीज शहरों से हवाई यात्रा दो जुलाई तक बंद रहेगी। ईरान में युद्ध के कारण जो विमान फंस गए हैं उन्हें विशेष परमिट के साथ लौटने की अनुमति देने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है।

# गाजा में इजराइली हमलों से 60 लोगों की मौत

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

- शुक्रवार देर रात शुरू किए गए हमले सुबह तक जारी रहे

गाजा में इजराइल की ओर से किए गए हमलों में कम से कम 60 लोगों की मौत हुई है। फलस्तीनियों को गाजा में बढ़ते मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, संघर्ष विराम की संभावनाएं भी धीरे-धीरे बढ़ रही हैं।

इजराइल ने यह हमले शुक्रवार देर रात शुरू किए जो शनिवार सुबह तक जारी रहे। इन हमलों में गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम के पास 12 लोगों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार इस स्टेडियम में विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया था। शिफा अस्पताल में ही मृतकों के शव लाए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक 20 से ज्यादा शवों को नासिर अस्पताल ले जाया गया।

शनिवार अपराह्न पूर्वी गाजा शहर की एक सड़क पर हुए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई और उनके शवों को अल-अहली अस्पताल ले जाया गया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले सप्ताह के भीतर इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता हो सकता है। ट्रंप ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा, हम गाजा पर काम कर रहे हैं और इसका ध्यान रखने की कोशिश कर रहे हैं। स्थिति से अवगत एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इजराइल के सामरिक मामलों के मंत्री रॉन डेरमर गाजा संघर्ष विराम, ईरान और अन्य विषयों पर वार्ता के लिए अगले सप्ताह वाशिंगटन पहुंचेंगे।

### गोली चलाने का आदेश देने से नेतन्याहू का इन्कार

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शुक्रवार को वामपंथ के प्रति झुकाव रखने वाले इजराइली समाचार पत्र 'हारेत्ज' में प्रकाशित खबर को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें दावा किया गया था इजराइली सैनिकों को गाजा में सहायता स्थलों की ओर जा रहे फलस्तीनियों को गोली मारने का आदेश दिया गया था। दोनों नेताओं ने खबर को सेना को बदनाम करने के लिए रचा गया दुर्भावनापूर्ण झूठ करार दिया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, एक महीने पहले नवगठित गाजा मानवीय फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र में सहायता सामग्री का वितरण शुरू करने के बाद से भोजन की तलाश में निकले 500 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

# कांगो व रवांडा में अमेरिकी मध्यस्थता में शांति समझौता

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- दोनों देशों के बीच कई दशकों से चल रहा था युद्ध

कांगो गणराज्य और रवांडा ने शुक्रवार को अमेरिका की मध्यस्थता से हुए एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य पूर्वी कांगो में दशकों से जारी युद्ध को समाप्त करना और क्षेत्र में महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच बनाने में अमेरिकी सरकार व कंपनियों की मदद करना है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हुई बैठक में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से कहा, आज हिंसा और विनाश का अध्याय समाप्त हो गया है और पूरा क्षेत्र आशा, अवसर, सद्भाव, समृद्धि व शांति का एक नया अध्याय शुरू करने जा रहा है। इस दौरान विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे 30 साल के युद्ध के बाद एक महत्वपूर्ण क्षण कहा।

मध्य अफ्रीकी देश कांगो 100 से अधिक सशस्त्र समूहों के साथ संघर्ष से त्रस्त है, जिनमें सबसे शक्तिशाली समूहों को रवांडा का समर्थन हासिल है। इन समूहों की वजह से 1990 के दशक से लाखों लोगों की जान चली गई है। इस समझौते को एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि विश्लेषकों को लगता है कि यह लड़ाई जल्दी समाप्त नहीं होगी क्योंकि सबसे प्रमुख सशस्त्र समूह का कहना है कि यह समझौता उस पर लागू नहीं होता है। कांगो और रवांडा ने हस्ताक्षर करने के लिए शीर्ष राजनयिक भेजे। कांगो की विदेश मंत्री थेरेसे काइकवाम्बा वैगनर ने रवांडा के विदेश मंत्री ओलिवियर नदुहुंगिरेहे के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

# कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाला ट्रंप का एक और आदेश कोर्ट ने खारिज किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश ने कानूनी फर्मों को निशाना बनाने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक और कार्यकारी आदेश को रद्द कर दिया। जिला न्यायाधीश लोरेन अलीखान ने शुक्रवार फैसला सुनाया कि सुसमैन गॉडफ्रे फर्म के खिलाफ आदेश असंवैधानिक है और इसपर स्थाई रोक लगाई जानी चाहिए।

- दुश्मन लगने वाले अटार्नी नियुक्त करने वाली फर्मों को दंडित करने की कोशिश थमी

ट्रंप काम पसंद नहीं आने और उन अटॉर्नी को नियुक्त करने के लिए कानूनी फर्मों को दंडित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें वे अपना दुश्मन मानते हैं। ट्रंप के इन प्रयासों को रोकने के सिलसिले में जिला न्यायाधीश का यह फैसला सबसे नया है। हाल के हफ्तों में दूसरे न्यायाधीशों ने जेनर ब्लॉक, पर्किन्स कोइ और विल्मरहेल फर्मों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन के इसी तरह के आदेशों पर रोक लगा दी थी। इन आदेशों के जरिये वकीलों पर कई तरह की पाबंदियां लगाने का फैसला किया गया था। न्यायाधीश अली खान ने लिखा, यह आदेश उन फर्मों को निशाना बनाने के प्रयासों में से एक प्रयास था, जिनके रुख से राष्ट्रपति ट्रंप सहमत नहीं थे।

# कोलकाता: छात्रा से गैंगरेप की जांच के लिए एसआईटी

**कोलकाता, एजेंसी**

- पुलिस ने लॉ कॉलेज के सुरक्षा गार्ड को भी गिरफ्तार किया

कोलकाता पुलिस ने शहर के एक विधि कॉलेज में छात्रा के साथ उसके वरिष्ठों द्वारा कथित सामूहिक बलात्कार की जांच के लिए शनिवार को पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस बीच पुलिस ने उस गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया है जिसके कक्ष में छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया था।

उन्होंने बताया कि पांच सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व सहायक आयुक्त स्तर के एक अधिकारी करेंगे। अधिकारी ने कहा, "कथित अपराध की जांच के लिए एक एसआईटी गठित की गई है। यह तुरंत अपनी जांच शुरू करेगी।" दक्षिण कलकत्ता विधि महाविद्यालय की 24 वर्षीय छात्रा के साथ 25 जून को गार्ड रूम में संस्थान के एक पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया। उसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद अहमद को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार सुबह कॉलेज के गार्ड को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर किया गैंगरेप

पुलिस को संदेह है कि मुख्य आरोपी ने विवाह का प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की भी कोशिश कर रही है कि यह वारदात पूर्वनियोजित थी या नहीं।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमले में 13 लोगों की मौत, 24 से ज्यादा घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक आत्मघाती हमले में सुरक्षा बल के 13 जवानों की मौत हो गयी जबकि 24 अन्य घायल हो गये। सुरक्षा सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आज सुबह उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम-रोधी इकाई के एक वाहन से टकरा दिया।

- हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन से सेना की बमरोधी इकाई के वाहन को मारी टक्कर

उन्होंने बताया कि घायलों में 14 आम नागरिक भी हैं, जिनमें महिलायें और बच्चे शामिल हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना के समय सैन्य आवाजाही के कारण इलाके में कर्फ्यू लगाया गया था। सुरक्षा एजेंसियों ने विस्फोट के बाद राहत अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि हाफिज गुल बहादुर समूह से जुड़े आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है और इसने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

# इटली में हुआ ब्लॉकबस्टर फिल्म शोले का प्रीमियम

**इटली, एजेंसी**

बॉलीवुड फिल्मकार रमेश सिप्पी की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'शोले' का विश्व प्रीमियर इटली में बिना काटे गए संस्करण में बोलोग्ना के प्रतिष्ठित इल सिनेमा रिट्रोवाटो फेस्टिवल में किया गया। फिल्म शोले की 50वीं वर्षगांठ मनाने को यह स्क्रीनिंग 27 जून को ओपन-एयर पियाज़ा मैगीगोर में हुई।

शोले के निर्देशक रमेश सिप्पी ने इस अवसर पर कहा, क्या मैंने कभी सोचा था कि शोले इतनी दूर तक जाएगी। बिल्कुल नहीं! मुझे याद है कि जब हम इसे बना रहे थे तो हमें विश्वास था कि हम एक अच्छी फिल्म बना रहे हैं। लेकिन एक ऐसी फिल्म जो सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी और सभी समय की सबसे महान फिल्मों में से एक मानी जाएग। नहीं, हमने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी।



- निर्देशक सिप्पी ने कहा-कभी नहीं सोचा था इतनी दूर जाएगी शोले

रमेश सिप्पी ने बताया कि उन्हें याद है कि शोले को रिलीज के समय ही फ्लॉप घोषित कर दिया गया था। समीक्षाएं नकारात्मक थीं। कोई दर्शक नहीं था। लेकिन दूसरे हफ़्ते में इसने बाजी मारी । उन्होंने कहा कि मैंने अपनी दूसरी फ़िल्मों को बनाने में भी उतनी ही मेहनत की। यदि वे शोले जैसी नहीं बन पाईं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे कम ध्यान में बनाई गई फिल्में थीं।उन्होंने शोले में एक पसंदीदा किरदार का नाम पूछने पर गब्बर सिंह का नाम बताया।

# केबिन में जलने की गंध के कारण एअर इंडिया की उड़ान मुंबई लौटी

**मुंबई।** चेन्नई जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान को केबिन में जलने की गंध के कारण शनिवार को मुंबई वापस लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बयान में कहा कि विमान सुरक्षित तरीके से वापस उतर गया।

एअरलाइन ने बयान में कहा, मुंबई से चेन्नई जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई 639' को 27 जून दिन शुक्रवार को केबिन में जलने की गंध आने के कारण एहतियातन लौटना पड़ा। एअर इंडिया ने बिना कोई विशेष विवरण दिए बताया कि विमान सुरक्षित तरीके से मुंबई में उतर गया और विमान बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। एयरलाइन ने बताया कि मुंबई में हवाई अड्डे पर उसके कर्मियों ने इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की।

**भव्य** | अमेजन के मालिक ने वेनिस में की दूसरी शादी, दुनिया भर से पहुंचे मेहमान

# जेफ बेजोस की शादी पर खर्च हुए 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर

- अरबपति जेफ ने छह साल पहले की थी अपनी पहली पत्नी को तलाक देने की घोषणा

**वेनिस, एजेंसी**

दुनिया के चौथे सबसे अमीर अरबपति जेफ बेजोस और अंतरिक्ष की यात्रा कर चुकी उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज ने शुक्रवार को वेनिस में शादी कर ली। शुक्रवार रात हुए विवाह समारोह के दौरान वेनिस के हवाई अड्डे पर दर्जनों निजी विमानों का जमावड़ा लगा हुआ था। शहर के प्रसिद्ध जलमार्गों पर नौकाएं थीं। एथलीट, मशहूर हस्तियां, 'इंफ्लुएंसर' और प्रमुख कारोबारी इस भव्य शादी में पहुंचे थे जिस पर करीब 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने का अनुमान है।



सांचेज ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की, जिसमें वह सफेद गाउन में मुस्कुराती नजर आ रही हैं और उनके साथ टक्सीडो (गहरे रंग की पोशाक) पहने बेजोस खड़े हैं। इस विवाह समारोह ने 2014 में वेनिस में अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मानवाधिकार वकील अमल अलामुद्दीन की शादी की यादें ताजा कर दीं, जब प्रशंसकों की भीड़ नहरों के किनारे खड़ी थी और सैकड़ों लोग सिटी हॉल के बाहर एकत्र हुए थे। भव्य विवाह समारोहों का आयोजन करने वाली कंपनी 'एम्बार्क बियॉन्ड' के सीईओ जैक एजोन के अनुसार, वेनिस अपने नहरों के नेटवर्क के लिए प्रसिद्ध है, जहां एम्बुलेंस भी पानी में चलती हैं। लेकिन गुलदस्ते से लेकर मेहमानों तक को, सब कुछ पानी के रास्ते ले जाना वेनिस को समारोहों के लिए दुनिया के सबसे खूबसूरत शहरों में से एक बनाता है।

फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार, वर्तमान में जेफ की कुल संपत्ति 234 अरब अमेरिकी डॉलर है। वर्ष 2019 में, उन्होंने घोषणा की थी कि वह अपनी पहली पत्नी मैकेंज़ी स्कॉट को तलाक दे रहे हैं, इससे ठीक पहले 'नेशनल इन्क्वायरर' अखबार ने पूर्व टीवी न्यूज़ एंकर सांचेज के साथ उनके संबंधों के बारे में एक खबर प्रकाशित की थी। शुक्रवार दोपहर को, सांचेज अपने होटल से सिर पर रेशमी स्कार्फ लिए हुए निकलीं और अपनी वाटर टैक्सी पर सवार हुईं। यह टैक्सी उन्हें नहरों के माध्यम से सैन जियोर्जियो द्वीप तक ले गई, जो सेंट मार्क स्क्वायर से लैगून बेसिन के पार है, जहां शुक्रवार रात जोड़े ने अपना समारोह आयोजित किया।

### आम शादियों से एक हजार गुना ज्यादा खर्च

विवाह नियोजन वेबसाइट ज़ोला की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस शादी में हुआ खर्च आश्चर्यजनक और हैरान कर देने वाला है, जो 2025 में अमेरिकी जोड़ों के विवाह की औसत लागत 36,000 अमेरिकी डॉलर से 1,000 गुना अधिक है। चार दिवसीय कार्यक्रम पर 4 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च होने का अनुमान है। दुनिया भर से शानदार कलाकार, बेहतरीन डीजे लाए गए। एक अविश्वसनीय 'ग्लास टेंट' पर 20 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च किए गए जो केवल 10 घंटे के लिए था लेकिन इसे बनाने में एक महीने का समय लगा। 'वोग' पत्रिका के अनुसार डोल्से एंड गब्बाना द्वारा डिज़ाइन किए गए गाउन को पूरी तरह तैयार करने में 900 घंटे लगे।